हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
www.sonvarshavani.com
रांची • वर्ष -04 • अंक - 145 • सोमवार 08 जुलाई 2024 • रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 • पृष्ठ -12 • मूल्य : 2 रुपये

## भारत ने दूसरे टी20 में जिम्बाब्वे को 100 रन से हराया

### एक-एक से बराबर हुई 5 मैचों की यह टी20 सीरीज

**हरारे।** भारत ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 में 100 रन से हरा दिया। भारत ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में रविवार को टॉस जीतकर पहले बैटिंग की। अभिषेक शर्मा के शतक और ऋतुराज गायकवाड के 77 रन के सहारे भारत ने 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह जिम्बाब्वे




के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले, 2018 में ऑस्ट्रेलिया ने 229 रन का स्कोर बनाया था। जवाबी पारी में जिम्बाब्वे 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। यह भारत की जिम्बाब्वे के खिलाफ रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम इंडिया ने 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में मेलबर्न के मैदान पर जिम्बाब्वे 71 रन से हराया था। भारतीय गेंदबाजों में आवेश खान और मुकेश कुमार 3-3 विकेट लिए।

**अगर हिंदू हिंसक होता...**

## नूपुर ने राहुल पर साधा निशाना, याद दिलाई 'अपनी' बात

- कांग्रेस नेता के बयान को बताया किसी बड़ी साजिश का हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा है। नूपुर शर्मा



का दावा है कि हिंदुओं को लेकर दिया गया राहुल गांधी का बयान किसी साजिश का हिस्सा हो सकता है। नूपुर ने दो साल पहले खुद को मिली धमकियों को याद करते हुए कहा कि अगर हिंदू हिंसक होता तो हिंदुओं की बेटी को अपने ही देश में सुरक्षा में नहीं रहना पड़ता। बता दें कि राहुल गांधी ने सदन में भाषण देते वक्त भाजपा पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था खुद को हिंदू कहने वाले लोग लगातार हिंसा में लगे रहते हैं।

**आम बजट**

## बिहार की लगेगी लॉटरी, आंध्र ने भी रखी डिमांड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को देश का बजट पेश करेंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर बहुमत हासिल करने में असफल रही। एनडीए सरकार की निर्भरता चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू पर अधिक है। यही कारण है कि इस साल के बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर केंद्र सरकार मेहरबानी दिखा सकती है। मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों ही राज्यों ने 2024 के केंद्रीय बजट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मांगी है। रॉयटर्स और एक सूत्र द्वारा समीक्षा किए गए दस्तावेजों के अनुसार, भाजपा के दो प्रमुख सहयोगियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए फंड के अलावा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए उधार लेने की सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। 16 सांसदों वाली टीडीपी और 12 सांसदों वाली जेडीयू ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा को केंद्र में सरकार बनाने में मदद की थी।



## जबरदस्त जयघोष के साथ पुरी में शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा

- 1971 के बाद पहली बार दो दिवसीय यात्रा, राष्ट्रपति मुर्मू ने खींचा सुभद्रा का रथ

**पुरी (एजेंसी)।** पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू हो गई है। सबसे पहले बलभद्र का रथ खींचा गया है। रथ रुक-रुक कर आगे बढ़ रहा है। कुछ देर बाद सुभद्रा और जगन्नाथ जी का रथ खींचा गया। सूर्यास्त तक ही रथयात्रा चली और कल सुबह आठ बजे से रथयात्रा फिर शुरू होगी। जगन्नाथ मंदिर के पंचांगकर्ता डॉ. ज्योति प्रसाद के मुताबिक, भगवान को आम दिनों से 2 घंटे पहले जगाया गया। मंगला आरती सुबह 4 की बजाय रात 2 बजे हुई। मंगला आरती के बाद करीब ढाई बजे दशावतार पूजन हुआ। 3 बजे नैत्रोत्सव और 4 बजे पुरी के राजा की तरफ से पूजा की गई। सुबह 5.10 बजे के बाद सूर्य पूजा और करीब 5.30 बजे द्वारपाल पूजा हुई। सुबह 7 बजे भगवान को खिचड़ी भोग-प्रसाद लगाया गया। रथयात्रा में बहुत ज्यादा



भीड़ की वजह से भगवान के नवयौवन दर्शन नहीं हो पाए। रथयात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी शामिल हुईं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रथयात्रा की देश वासियों को शुभ कामनाएं दीं। बलभद्र के बाद देवी सुभद्रा का रथ आगे बढ़ने लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भक्तों के साथ देवी का रथ खींचा। इसके बाद वे यहां से लौट गईं और कल सुबह फिर रथयात्रा में शामिल होंगी। वहीं आपको बता दें कि भगवान जगन्नाथ आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से दशमी तिथि तक जन सामान्य के बीच रहते हैं। साथ ही इस अवधि में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजकर गुंडीचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। यह भव्य आयोजन 10 दिनों तक चलता है।

साथ ही 53 साल बाद यह यात्रा दो-दिवसीय होगी। ग्रह-नक्षत्रों की गणना के अनुसार इस साल दो दिवसीय यात्रा आयोजित की जा रही है।

# चीन के छक्के छुड़ाने आ गया भारत का जोरावर

- यूक्रेन युद्ध की सीख से तैयार हुआ महारथी, फीचर्स भी हैरान करने वाले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सेना को एक और बड़ी ताकत मिलने जा रही है। लद्दाख में चीन के सामने तैनात भारतीय बलों को जल्द ही देश में बना टैंक 'जोरावर' मिलने जा रहा है। इस टैंक को भारत की प्रमुख डिफेंस रिसर्च एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और निजी क्षेत्र की फर्म लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) ने बनाया है। स्वदेशी लाइट टैंक जोरावर अपने ट्रायल के एडवांस स्टेज में हैं। इस बेहद एडवांस फीचर वाले टैंक को दो साल में तैयार किया है। सबसे खास बात ये है कि इन टैंकों को चीन के सामने सीमा पर तैनात किया जाएगा। यह टैंक हल्का और तेज होने के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से उपयोगी है। जोरावर को भारतीय सेना की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया गया है ताकि उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इसकी तैनाती आसानी से की जा सके। इसके डिजाइन और निर्माण में नवीनतम तकनीकों का उपयोग



किया गया है। डीआरडीओ प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने शनिवार को गुजरात के हजीरा स्थित लार्सन एंड टूब्रो संयंत्र में प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस खुद चेक की। डीआरडीओ और एलएंडटी ने रूस और यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए टैंक में बेहद कमाल के फीचर्स जोड़े हैं। इसमें टैंक के लोइटरिंग म्यूनिशन में यूएसवी (मानवरहित सतह वाहन) को इंटीग्रेट किया गया है। लोइटरिंग म्यूनिशन एक प्रकार का हथियार है जो टारगेट एरिया में मंडराता है और सही समय पर निशाना साधकर हमला करता है। इसे कामीकाजी ड्रोन के नाम से भी जाना जाता है। ये म्यूनिशन ऑटोमैटिक होते हैं और इन्हें पहले से निर्धारित लक्ष्य या क्षेत्रों में भेजा जा सकता है। जब ये अपना लक्ष्य पहचान लेते हैं, तो वे सीधे उस पर हमला करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर में 'आतंक' के खिलाफ सेना का बड़ा वार

**कुलगाम मुठभेड़ में 6 दहशतगर्द ढेर, पुलिस ने बताया मील का पत्थर**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने 2 और आतंकवादियों के शव बरामद किए हैं। इस तरह कुलगाम जिले में रविवार को हुई दो मुठभेड़ों में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कुलगाम जिले के 2 गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी। अधिकारियों ने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। चिन्नीगाम मुठभेड़ स्थल से 4 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत 2 सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। बताया जा रहा है कि आतंकवाद विरोधी



अभियान अभी जारी है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने पुष्टि करते हुए कहा कि कुलगाम मुठभेड़ में 6 आतंकवादी मारे गए हैं।

### राजौरी में सेना शिविर पर आतंकवादियों का हमला

दूसरी ओर, जम्मू कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा, सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली और गोलीबारी का करारा जवाब दिया।

## असम में बाढ़ से हाहाकार, 58 की मौत

- काजीरंगा में जानवरों पर भी खतरा, सीएम ने जाना हाल

**दिसपुर (एजेंसी)।** पिछले एक महीने से असम में लोगों का बाढ़ से बुरा हाल है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया था लेकिन बाढ़ के पानी में इसके बाद भी 58 लोगों की जान ले ली। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने बताया कि पिछले महीने असम में गंभीर बाढ़ की स्थिति ने भर में करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बर्बाद कर दिया है। बाढ़ के पानी से बहुत ज्यादा हानि हुई है, सड़कें बंद हो गई है, फसल नष्ट हो चुकी है और घरेलू जानवरों की भी बहुत बड़ी मात्रा में हानि हुई है। बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक,27 जिलों में 577 राहत शिविरों और वितरण केंद्रों में 526,000 से अधिक लोग शरण ले रहे हैं। असम में बहने वाली ब्रह्मपुत्र सहित 10 नदियां अपने उफान पर हैं, वे या तो अपने खतरे के निशान पर बह रही हैं या फिर खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। ब्रह्मपुत्र नदी का जल स्तर नेमाटीघाट, तेजपुर, धुबरी और गोलपारा में खतरे के निशान से ऊपर



है। एएसडीएमए की बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को पूरे जिले की बाढ़ की स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ था लेकिन 29 जिलों के 2.39 मिलियन लोगों से अधिक अभी भी बाढ़ की दूसरी लहर से प्रभावित हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क की फील्ड डायरेक्टर सोनाली घोष ने बताया कि पार्क में बाढ़ से अब तक 114 जंगली जानवरों की मौत हो चुकी है। पार्क प्रबंधन और वन विभाग ने जंगली जानवरों को भी बचाया है। हालांकि राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन पार्क के 66 वन शिविर अभी भी पानी में डूबे हुए हैं जिससे जंगली जानवरों के ऊपर भी बुरा असर पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ से 1,549,161 जानवर प्रभावित हुए हैं।

## हाथरस कांड को लेकर राहुल ने लिखी सीएम योगी को चिट्ठी

**लेटर में की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग, 121 लोगों की गई है जान**

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ कांड को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने खुद एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। राहुल गांधी लिखते हैं, हाथरस में भगदड़ हादसे से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर, उनका दुख महसूस कर और समस्याएं जान कर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से उनसे अवगत कराया। राहुल गांधी ने कहा, मुख्यमंत्री से मुआवजे की राशि को बढ़ाकर शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द प्रदान करने का आग्रह किया। इस दुख की घड़ी में उन्हें हमारी सामूहिक संवेदना और



सहायता की आवश्यकता है। हाथरस में मंगलवार को प्रवचनकर्ता 'भोले बाबा' के सत्संग में मची भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। गांधी ने शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात की थी। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की थी कि मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा दिया जाएगा। राहुल गांधी ने छह जुलाई को आदित्यनाथ को लिखे अपने पत्र में कहा, ''उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुआवजा अपर्याप्त है। मैं आग्रह करता हूं कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए और इसे जल्द से जल्द दिया जाए।' कांग्रेस नेता ने कहा कि घायलों को उचित उपचार और उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''हाथरस में भगदड़ की घटना में 120 से अधिक लोगों की मौत की खबर से मैं स्तब्ध हूं।

## तमिलनाडु में कानून व्यवस्था चौपट, सीबीआई करे हत्या की जांच

- प्रदेश बीएसपी चीफ की हत्या के बाद स्टालिन सरकार पर भड़कीं मायावती

**चेन्नई (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने उनकी पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या की सीबीआई से




जांच कराए जाने की रविवार को मांग की। आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को यहां हत्या कर दी गई थी। मायावती ने दावा किया कि इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोग असल अपराधी नहीं हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपने का आग्रह किया।

**स्वागत को बेकरार...**

# पीएम मोदी के ऑस्ट्रिया दौरे पर चांसलर ने लिखी पोस्ट

- 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री होगी पहली यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया के दौरे पर जाने वाले हैं। इसको लेकर ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर ने खुशी जताई है। इसके अलावा पीएम मोदी का स्वागत करते हुए नेहमर ने एक्स पर पोस्ट भी लिखी है। नेहमर ने कि यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मेरे देश की पहली यात्रा है। नेहमर की इस पोस्ट पर पीएम मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा है कि भारत और ऑस्ट्रिया के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस मध्य यूरोपीय देश की यात्रा करना वास्तव में सम्मान की बात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर चर्चा होगी। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी आठ और नौ जुलाई को रूस



की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और इन दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की समीक्षा की जाएगी। मोदी रूस से ऑस्ट्रिया जाएंगे। वह नौ और 10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के सोशल मीडिया पोस्ट लिखी थी। इसमें उन्होंने लिखा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले सप्ताह वियना में स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर बेहतरीन सहयोग के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। नेहमर की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर ऑस्ट्रिया की यात्रा करना वास्तव में एक सम्मान है।

## अब मुंबई में पुणे जैसा हादसा, महिला की मौत

- बीएमडब्ल्यू ने दंपति को मारी टक्कर, महिला को 100 मीटर घसीटा

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे में चर्चित पोर्श एक्सीडेंट केस के बाद अब मुंबई में हिट एंड रन की घटना सामने आई। मुंबई के वर्ली में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी।



आरोपी ने मौके से भागने के दौरान 45 साल की महिला को कार से 100 मीटर तक घसीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पति घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता राजेश शाह का 24 साल का बेटा मिहिर शाह चला रहा था। उसके साथ ड्राइवर भी था। घटना के बाद से मिहिर फरार है। पुलिस ने राजेश शाह और ड्राइवर को हिरासत में लिया है। कार भी जब्त कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके में रहने वाले प्रदीप नखवा और उनकी पत्नी कावेरी नखवा मछुआरे समुदाय के हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त मनरेगा कर्मियों की समस्याओं को लेकर करेंगी बैठक

**रांची।** राज्य के मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर सोमवार को मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी समीक्षा बैठक करेंगी। ग्रामीण विकास विभाग में इस संबंध में विभाग के पदाधिकारी के अलावा झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया है। संघ के उपाध्यक्ष महेश सोरेन ने बताया कि सेवा नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर बैठक में अपनी बातें रखेंगे। झारखंड की मनरेगा आयुक्त

### रांचीः दीवार से टकराई थाने की जीप, तीन पुलिसकर्मी घायल



**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के चाचा पराठा के पास शनिवार देर रात करीब दो बजे बरियातू थाना की पुलिस जीप अनियंत्रित होकर दीवार से जा टकरायी। हादसे में ड्राइवर सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। घायलों में ड्राइवर अशोक उरांव, जमादार उदयकांत और एक अन्य जवान शामिल हैं। सभी को रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### किसान हैं परेशान, छावनी परिषद के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन

**सब्जी विक्रेताओं के साथ हो रही बदतमीजी, किसान सहयोग समिति का हुआ गठन**



**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद के अधिकारी किसानों और सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी की जड़ बन चुके हैं। अक्सर सब्जी विक्रेताओं के साथ उनके कर्मी बदतमीजी करते हैं। सब्जी बेचने आने वाले महिला और पुरुषों को कोई स्थाई जगह तक नहीं मुहैया कराई जाती। छावनी परिषद की अधिकारियों को इन सारी बातों की जानकारी तो है, लेकिन कोई पहल नहीं करते। लिहाजा अब किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। रविवार को शहर के पटेल छात्रावास में किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो और संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से किसान सहयोग समिति का गठन किया गया। यह समिति किसानों के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। आंदोलन की शुरुआत छावनी परिषद के सीईओ को ज्ञापन देने से की जाएगी। सोमवार को किसान सहयोग समिति का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन के माध्यम से स्थाई डेली मार्केट निर्धारित करने , शौचालय , शेड तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग करेगा। ज्ञापन देने के लिए मुर्राम कला, कांकेबार , चेटर, गोसा, बूढ़ाखुखरा, गंडके, गोडातू , दोहाकातू, उसरा, जमीरा , बहातू, चाहा, छत्तर, कुन्दरू, बारलौंग, कोठार, कैथा, हुहूवा , गोबरदरहा आदि गावों के सैंकड़ों की संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी ,किसान आदि शामिल होंगे ।

### लोहरदगा के ठाकुरबाड़ी और जगन्नाथ स्वामी मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब



**लोहरदगा।** जिले के सभी ठाकुरबाड़ी मंदिरों और प्रभु जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान परंपरानुसार संपन्न हुआ। भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन शुभद्रा और भाई बलभद्र का भव्य श्रृंगार किया गया। ठाकुरबाड़ी मंदिरों में पौ फटने के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। ठाकुर बाड़ी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्री शंकर न्यास ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। संध्या काल में प्रभु की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन शुभद्रा के साथ रथ पर आरूढ़ हो मौसी के घर घूमने गए। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान का रथ बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ खींचा गया। नौ दिनों के पश्चात प्रभु घर लौटेंगे। ठाकुरबाड़ी के अलावा नगर के तिवारी दुरा मंदिर और तेतरतर स्तिथ मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु का दर्शन और पूजा अर्चना किया। लाल साहब दरबार के महंत रामनरेश शरण ने कहा कि मंदिर में पूजा-अर्चना प्रातः छह बजे से ही शुरू हो गई थी। संध्या काल मे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन शुभद्रा रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रागंण से निकलकर तेतरतर, थाना रोड, थाना चौक, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, महाबीर चौक होते हुए महाराजा अग्रसेन पथ स्थित मौसीबाड़ी पहुंचे।

# क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के घर के बाहर प्रशंसकों ने मनाया जन्मदिन




**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रविवार को 43वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर देशभर में उनके प्रशंसक उनका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं। राजधानी रांची में भी प्रशंसकों ने कैप्टन कूल माही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। प्रशंसकों ने सिमलिया स्थित धोनी के घर के बाहर केक काटा और कट आउट पोस्टर पर उनको केक खिलाया। धोनी के प्रशंसक सुबोध कुशवाहा और कुश्माही एकेडमी के कोच बच्चों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज माही का 43वां जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर हम कामना करते हैं कि वह हमेशा खुश रहें और आगे भी क्रिकेट खेलते रहे। अहमदाबाद से आये एक प्रशंसक ने कहा कि वह सिर्फ धोनी को देखने और उनका जन्मदिन मनाने अहमदाबाद से रांची आये हैं लेकिन उन्हें अफसोस है कि धोनी से मुलाकात नहीं हो पायेगी। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार नहीं तो अगली बार जरूर उनसे मुलाकात होगी। सात जुलाई, 1981 को धोनी का जन्म तत्कालीन बिहार के रांची में हुआ। भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2007 का टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 का वनडे वर्ल्ड कप और 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया। साथ ही धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया टेस्ट फॉर्मेट में नंबर-1 बनी। धोनी ने 15 अगस्त, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। हालांकि, उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना जारी रखा। भारत ने 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी का सूखा 2024 का टी-20 वर्ड कप जीतकर दूर किया। धोनी ने वर्ल्ड कप जीत को जन्मदिन का अनमोल तोहफा बताया। धोनी ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा, अरे... जन्मदिन के अनमोल तोहफे के लिए धन्यवाद। महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन 7 जुलाई से आठ दिन पहले टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतना वास्तव में धोनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा बर्थडे गिफ्ट होगा। धोनी की बायोपिक का नाम "एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी" है, जो पहले 30 सितंबर, 2016 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसे एक बार फिर धोनी के जन्मदिन पर 5 से 11 जुलाई तक रिलीज किया जा रहा है।

# चोरी का खुलासा, पांच गिरफ्तार




**रांची।** रांची के टाटीसिलवे थाना पुलिस ने मोबाइल दुकान (मिश्रा कम्युनिकेशन) में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पांच शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में पवन कुमार, सुंदर कुमार, राजू कच्छप, गोविंद पंडित और चंदन गाड़ी शामिल है। इनके पास से चोरी का 31 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं इनमें 12 एंड्राइड फोन, कीपैड मोबाइल फोन 17 और दो आईफोन शामिल है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में रविवार को बताया कि गत 13 जून की रात टाटीसिलवे के पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में दुकान के संचालक रौशन कुमार मिश्रा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था। चोर बन्द दुकान में रखे वेन्टीलेटर तोड़कर घुसकर चोरी कर फरार हो गए थे।

# जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को




**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव ने सभी जिला खेल पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक 18 जुलाई को बुलाई है। बैठक में खेल निदेशक, पर्यटन निदेशक और सांस्कृतिक निदेशक भी शामिल रहेंगे। इस बैठक में 12 बिंदुओं पर समीक्षा की जायेगी। इनमें स्वीकृत, निर्मित प्रखंड स्तरीय स्टेडियम की डिटेल रिपोर्ट, जहां रिपेयरिंग, रेनोवेशन की जरूरत हो उससे जुड़ा प्रस्ताव, सिदो कान्हू युवा क्लब निबंधन की अद्यतन स्थिति, जहां जहां प्रखंड स्तरीय स्टेडियम नहीं है, उसके प्रस्ताव की समीक्षा की जायेगी। इस संबंध में विभाग ने पत्र जारी किया है। पत्र में विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा एवं योजनाओं के कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सचिव, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखंड की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार (अवकाश की स्थिति में अगले दिन) को सुबह 11:30 बजे समीक्षात्मक बैठक करने को कहा गया है।

# हरिओम टावर से कूदकर मारवाड़ी कॉलेज के छात्र ने की आत्महत्या



**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित हरिओम टावर से छलांग लगाकर शनिवार देर रात एक छात्र अंकित ने आत्महत्या कर ली। लातेहार जिले का रहने वाला अंकित रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। वह रांची के पंडरा इलाके में रहता था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

**सुसाइड नोट में लिखा-अब कोई रास्ता नहीं बचा-** अंकित की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में बहुत कुछ स्पष्ट तो नहीं है, लेकिन इतना जरूर लिखा है कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था और अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है। उसने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उसकी आत्महत्या के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। उसने परिवार वालों को अच्छे से रहने और दादी का ख्याल रखने को कहा है। हरिओम टावर के गार्ड ने बताया कि टावर की सभी दुकानें लगभग बंद थीं, उसी दौरान कुछ गिरने की तेज आवाज आई। जाकर देखा तो जमीन पर एक युवक पड़ा था, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सुसाइड नोट में अपने परिवार के मोबाइल नंबर का उल्लेख था, जिसके माध्यम से पुलिस ने संपर्क कर घटना की सूचना परिजनों को दी।अंकित के पिता पेशे से ड्राइवर हैं।

# रांची में गांजा तस्करी के चार आरोपित गिरफ्तार, 10 किलो गांजा बरामद







**रांची।** राजधानी की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 पैकेट में 10 किलो गांजा, चार मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में बिहार के वैशाली निवासी अनुराग राय उर्फ अनुराग यादव, बिहार के पटना निवासी धीरज कुमार, तमाड़ निवासी जीत वाहन स्वांसी और अमित स्वांसी शामिल हैं। सभी सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के चुनाभट्टा चौक स्थित राजेश शर्मा के मकान में किराएदार के रूप में रह रहे थे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची ने एक टीम गठित की है। टीम को सूचना मिली थी कि सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के चुन्ना भठ्ठा चौक के पास कुछ लोग ओडिशा के बलांगीर से गांजा को रांची लाकर खरीद-बिक्री करने के लिये घर पर रखे हुए हैं। डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में चुन्ना भष्ठा चौक स्थित राजेश शर्मा के मकान में कियायेदार के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

# जिलों में तैनात 10 एसआई का विशेष शाखा में तबादला




**रांची।** राज्य के जिलों में तैनात 10 एसआई का तबादला विशेष शाखा किया गया है। डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। विशेष शाखा के अनुरोध पर यह तबादला किया गया है। इसमें बोकारो जिलाबल में तैनात एसआई अशोक कुमार सिंह, प्रदुम्न सिन्हा, रांची जिलाबल में तैनात एसआई अभय कुमार ओझा, बंधन तिर्की, सुनील कुमार, जमशेदपुर जिलाबल में तैनात एसआई जीतवाहन महतो, विराज हेंब्रम, धनबाद जिलाबल में तैनात एसआई रणवीर कुमार सिंह, सुक्का उरांव और साहेबगंज जिलाबल में तैनात अनिल उरांव का तबादला विशेष शाखा रांची किया गया है। संबंधित एसएसपी ओर एसपी को अविलम्ब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन भी मांगा गया है।

# रामगढ़ में युवक को गोली मारने के दो आरोपित गिरफ्तार, पिस्टल बरामद






**रामगढ़।** पुलिस ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में गोलीबारी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें सायल शिवाजी रोड निवासी शिवराज उर्फ शिवा और सायल पीपला सेंटर निवासी विक्रम कुमार शामिल हैं। एसपी डॉ बिमल कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पांच जुलाई को पोड़ा गेट के पास रात 9:00 बजे ओमप्रकाश शाह पर गोली चली थी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज अभी भी मेदांता अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि ओम प्रकाश शाह और शिवराज और शिवा के बीच आपसी रंजिश थी, जिसकी वजह से उसने उसपर गोली चलाई। इस मामले में तत्काल पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर जांच शुरू की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भुरकुंडा क्षेत्र के अंतर्गत उरिमारी से सायल चेक पोस्ट की ओर एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शिवराज अपने साथी के साथ आने वाला है। पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की और शिवराज उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ विक्रम कुमार भी मौजूद था। उन लोगों के पास से एक देशी पिस्तौल की बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि इसी पिस्टल से पांच जुलाई की रात पोड़ा गेट के पास ओमप्रकाश शाह पर हत्या करने की नीयत से गोली चलाई गई थी। पुलिस ने उस हीरो मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है, जो उस वारदात में प्रयुक्त की गई थी।

# रक्षा राज्य मंत्री ने रांची में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर का किया निरीक्षण





**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रातु रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों से 15 नवंबर तक काम पूर्ण करने को कहा ताकि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर झारखंड का पहला एलिवेटेड कॉरिडोर रांची की जनता को समर्पित किया जा सके। सेठ ने कहा कि काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2025 को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है। ऐसे महान विभूति के जयंती पर इस कॉरिडोर का उद्घाटन हो इससे बड़ा सौभाग्य और क्या हो सकता है। मंत्री ने कहा कि बच्चों को खेलने के लिए कहीं मैदान नहीं बचा है। कॉरिडोर के नीचे 31 मीटर का स्पेस है। इस स्पेस में बच्चों को खेलने की व्यवस्था रात 9 से 11 के बीच सुनिश्चित करें। रविवार को पूरे दिन यह सुविधा हो। खेल का आयोजन ओलंपिक संघ के देखरेख में होगा। वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम, इंडोर गेम सहित अन्य खेलों का आयोजन हो सके। झारखंड पूरे देश को एक प्रेरणा दे सके। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सेठ ने कहा कि फ्लाई ओवर के ऊपर और नीचे सोहराय पेंटिंग एवं ट्राईबल पेंटिंग की जाए। पिलर पर हैंगिंग गार्डन का निर्माण करें। फ्लाई ओवर के ऊपर लाइट की व्यवस्था और नीचे कलरफुल लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां-जहां आबादी अधिक है वहां-वहां कट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही जहां मार्केट है और पार्किंग की व्यवस्था नहीं है वहां पर पार्किंग के लिए जगह छोड़े। नाली का निर्माण वाटर लेवल लेकर करें ताकि बरसात में पानी रोड पर ना वहे। यह व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए और कोई जरूरत हो उसे हम पूर्ण करेंगे। रांची के विधायक सीपी सिंह ने भी अधिकारियों को सुझाव दिया और लोगों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए काम करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के सभी वरीय पदाधिकारी, भाजपा के महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू, सत्यनारायण सिंह, ललित ओझा, संजय जायसवाल, पार्षद ओमप्रकाश, मंडल अध्यक्ष सुबेश पांडे, ओमप्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री शिरडी साई भक्त मंडल का 23 वां रक्तदान शिविर का उद्धाटन मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव के द्वारा हुआ



**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर।** श्री शिरडी साई भक्त मंडल का 23 वां रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव द्वारा हुआ । विधायक श्री उरांव ने साई बाबा के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर और नमन कर रक्त दान शिविर का उद्घाटन किए।।मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव का शिरडी साई भक्त मंडल की ओर से सम्मानित किया गया।। अन्य अतिथियों ने भी साई बाबा के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर नमन किए । रक्तदान शिविर में विधायक दशरथ गागराई ,पूर्व चेयर मैन केडी शाह भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री विजय मेलगांडी,शिरडी साई भक्त मंडल के आदर्श दोदराजका,गणेश पाड़िया,अनिल यादव, शिव भगेरिया,गुलशन चुग,संजीत विश्वकर्मा, समेत गुड्डू सिंह भाजपा नेता संजय पासवान, धौनी फैंस क्लब के डिक्की राव, साहित्यकार समाजसेवी रणविजय ,भगेरिया फाउंडेशन के बिनोद भगेरिया आदि मौजूद थे श्री शिरडी साईं भक्त मंडल चक्रधरपुर द्वारा आयोजित 23 वां रक्तदान शिविर रेलवे कल्याण मंडप में आयोजित हुई जिसमे सहयोग कर्ता के रूप में धौनी फैन्स क्लब का अहम योगदान रहा।इस रक्तदान शिविर का आयोजन त्रिवेणी इंजीकॉन्स प्राइवेट लिमिटेड, जमशेदपुर के द्वारा होती है रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह करने के लिए जमशेदपुर ब्लड बैंक और भी भी डी ए की टीम ने रक्त संग्रह की ।।

### विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चलाया डोर टू डोर अभियान



**सरायकेला :** सरायकेला सदर एसडीओ सुनील कुमार प्रजापति गम्हरिया प्रखंड के वैसे बूथों पर पहुंचे जहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में मतदाता का प्रतिशत कम रहा था. बता दें कि राज्य में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं. इसको देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने और हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जिस बूथ में मतदान का प्रतिशत कम हुआ है उसके कारणों को जानने और उसमें सुधार कराने को लेकर सभी जिलों के स्वीप कोषांग को सक्रिय कर दिया गया है. इसमें एआरओ/बीआरओ बूथ स्तर पर जाकर मतदाओं से मिल रहे हैं और बीएलओ और सुपरवाइजर के क्रियाकलापों की जांच कर रहे हैं. इसी कड़ी में रविवार को सरायकेला एसडीओ सुनिल कुमार प्रजापति गम्हरिया प्रखंड के बूथ संख्या 105 और 106 का जायजा लिया. इसके अलावा अन्य बूथों पर भी पहुंचे. साथ ही मतदान प्रतिशत कम होने का कारण जाना. जहां उन्होंने प्रथम दृष्टया बीएलओ की लापरवाही पाया. एसडीओ ने संबंधित बीएलओ को फटकार लगाते हुए डोर टू डोर अभियान चलाकर तत्काल संबंधित फॉर्मेट भरकर विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अभी मतदाता पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है. नए मतदाताओं को जोड़ने, मृत हो चुके या ट्रांसफर हुए मतदाताओं का नाम हटाने की प्रक्रिया जारी है. संबंधित बीएलओ अथवा निर्वाचन आयोग के आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में यह अभियान जारी है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराई जा सके.

### कोलकाता से मानगो जा रहे 5 युवक-युवती टाटा 407 वाहन को मारा टक्कर, 5 घायल



**घाटशिला । संवाददाता।** श्याम सुंदरपुर थाना के समीप एनएच 18 फोरलेन रविवार को कोलकाता से मानगो जा रहे 5 युवक-युवती टाटा 407 वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया. इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दो युवती एवं यह युवक जख्मी हो गया. घटना के संबंध में श्याम सुंदरपुर थाना के एएसआई देव कुमार प्रसाद ने बताया कि काफी तेज रफ्तार से युवकों ने स्विफ्ट डिजायर कार 407 वाहन को ठोकर मार दिया. हाईवे पेट्रोल एवं अन्य वाहन की मदद से पांचो को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. पांचों का इलाज डॉ मीरा मुर्मू ने की. उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल फजल खान तथा इसमाइल को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम रेफर किया गया है. इस दुर्घटना में कार चला रहा मानगो निवासी फैजल खान को गंभीर चोट आई है. जबकि इस कार के आगे बैठी बारीडीह निवासी नंदनी कुमारी को हल्की चोट लगी है. पीछे बैठे मोहम्मद इस्माइल, बंटी सिंह एवं सिमरन कौर तीनों जमशेदपुर के जवाहर नगर एवं मानगो का रहने वाला है. पुलिस युतियों से नंबर लेकर परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है. परिजन के आने के बाद इन लोगों को परिवार के हवाले किया जाएगा. मामला संदिग्ध लगता है करण की युवतियां अपने परिवार का सही नंबर नहीं दे रही है.

### पर्यावरण मित्र घाटशिला ने पावड़ा मैदान में लगाए पौधे



**घाटशिला।** आज रविवार के विशेष पौधारोपण अभियान में पावड़ा मैदान में पर्यावरण मित्र घाटशिला ने आम, कदम, नीम, करंज गुलमोहर और कनेर सहित 20 फलदार और छायादार पौधा लगाया। कुछ पौधों को लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित किया गया। विदित हो कि पर्यावरण मित्र घाटशिला का समूह प्रत्येक रविवार को किसी सार्वजनिक जगह और स्कूल परिसर में पौधारोपण का कार्य करता है। पिछले शनिवार को बी डी एस एल गर्ल्स हाई स्कूल घाटशिला में 40 फलदार पौधे लगाए। पौधारोपण अभियान में मुख्य रूप देश परगना बैजू मुर्मू, प्रो. सुबोध कुमार सिंह, डा. मृणाल पिंगुआ, शिखरिणी , इंदल पासवान, सुब्रोतो दास, संजय सोरेन, दारा सिंह मुर्मू, मिहिर भकत ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### बस के छत पर सवार युवक पेड़ की टहनी से टकराकर सड़क पर गिरा

**घाटशिला । संवाददाता।** फुलडूंगरी बस स्टैंड से कुछ दूरी पर बस के छत पर सवार युवक रविवार को पेड़ की टहनी से टकराकर सड़क पर गिर गया. उसी रास्ते से आ रही पुलिस ने गस्ती वाहन पर उठा अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचा. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डा. मीरा मुर्मू ने गंभीर रूप से घायल युवक रवि सिंह का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया. घटना में गंभीर रूप से घायल रवि सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला है रविवार की सुबह कोलकाता से बहरागोड़ा व्यक्तिगत काम से गया था. वापस लौट के क्रम में फुलडुंगरी बस स्टैंड से आगे पेड़ की टहनी में सर टकरा गया जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा. घाटशिला से जनशताब्दी एक्सप्रेस पड़कर कोलकाता जाना था. हालांकि चिकित्सक डॉ मीरा मुर्मू ने कहा कि सर पर गंभीर चोट है. इसके अलावा भी कई जगह गहरा जख्म है. इसलिए बेहतर इलाज की जरूरत है परिजनों से संपर्क किया जा रहा है इसके बाद जमशेदपुर भेजा जाएगा.

# रथ यात्रा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भगवान जगन्नाथ पहुंचे मौसी बाड़ी



**चांडिल।** श्री साधु बांध मठिया दशनामी नागा संन्यासी जूना अखाड़ा से रथ यात्रा पर सवार हो भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा भाई बलराम के सहित गाजे बाजे के साथ पहुंचे मौसी बाड़ी ,उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़. फदलो गोडा काली मंदिर महंत सह अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यानंद सरस्वती के सानिध्य में पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ भगवान जगन्नाथ ,बहन सुभद्रा भाई बलराम की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात उन्हे तीन अलग अलग रथों पर विराजमान किया गया. मौके पर महा भंडारा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया. उमस भरी गर्मी में भी आस्था श्रद्धालुओं पर भारी पड़ रही थी. भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना करने पहुंचे ईचागढ़ विधायक सविता महतो पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह , पूर्व जीप सदस्य ओम प्रकाश लायक आदि ने ,पूजा अर्चना कर माथा टेका साथ ही, भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर क्षेत्र की सुख समृद्धि का आश्रीवाद मांगा . साथ ही पुराना विवेकानंद रोड स्थित परिसर में अरविंद सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ उमस भरी गर्मी को देखते हुए रथ मेला देखने पहुंचे दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं के बीच लड्डू,गुड,चना ठंडा ,शरबत, पेयजल का वितरण किया. मौके पर देखा गया की मेला देखने पहुंचे ग्रामीणों में पूर्व विधायक अरविंद सिंह की झलक देखने के लिए आतुर दिखे .साथ ही ग्रामीणों क्षेत्र कि विभिन्न सामस्याओ से अवगत कराया. रथ यात्रा चांडिल थाना, चौक बाजार, नामो पाड़ा, लेंगडीह, होते हुए देर शाम चांडिल स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर परिसर स्थित मौसी बाड़ी पहुंची. सुरक्षा व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे. रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ के भक्तो ने खूब जयकारे लगाए . भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए दूर दराज क्षेत्र से ग्रामीण सड़क के दोनो छोर पर श्रद्धालु प्रभु जगनाथ के दर्शन पाने के लिए इंतजार कर रहे थे. चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार सस्त्रबलो के साथ गस्ती कर रहे थे. रथ यात्रा में महंत इंद्रानंद सरस्वती,आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो, भाजपा नेता सह ईचागढ़ विधान सभा प्रभारी मधुसूदन गोराई, भाजपा नेत्री सारथी महतो, समाजसेवी राकेश वर्मा, झामुमो केंद्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, ,भाजपा नेता बोनू सिंह, पंचायत समिति सदस्य नंदिता चक्रवर्ती,आदि उपस्थित थे.

## बाईक के धक्का से किशोरी की मौत



**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के कुदादा पोटका मुख्य मार्ग पर पिछली गांव में तेज गति के बाईक के धक्के से एक मासुम बालिका की मौत हो गई। मृतक बालिका का नाम उषा सिंह (14) है। घटना रविवार अपराह्न की है। जानकारी अनुसार जमशेदपुर भुईंयाडीह के तीन युवक एक ही बाईक से हरिणा से कुदादा की ओर तेज गति से जा रहे थे। बाईक अवनीश राज शर्मा चला रहा था जबकि दो युवक पीछे सवार थे। घटनास्थल पर एक ट्रैक्टर पार करने के उपरांत उषा सड़क पार कर रही थी कि अचानक बाईक सवार युवकों ने उसे धक्का दे दिया। धक्के से उषा सिर के बल सड़क पर गिर पड़ी। गिरने से उसे सिर पर गंभीर चोट लगी। सिर से खून बहने लगा। इस दौरान गश्ती कर रहे पोटका पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं गंभीर रूप से घायल उषा को पुलिस जीप से इलाज हेतु सीएचसी पोटका लाई। सीएचसी पहुंचते ही उषा का निधन हो गया। सूचना पाकर उषा के पिता कांग्रेस सिंह, पूर्व मुखिया भागीरथी हांसदा, भाजपा नेता गणेश सरदार मौके पर पहुंचे एवं इस दर्दनाक दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया। थाना प्रभारी समीर तिर्की, जेएसआई बी बास्कि ने मृतक उषा के शव को पोस्टमार्टम हेतु एमजीएम अस्पताल भेजा। दुर्घटना के आरोपी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। थाना में बाईक चला रहे युवक के विरुद्ध देश में लागू नया कानून भारत न्याय संहिता के तहत केस दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## मधुसूदन महतो स्कूल में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, मैट्रिक और इंटर के टॉपर्स हुए सम्मानित



**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर।** विद्यार्थी के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है लक्ष्य प्राप्त करना , अपने जिवन में आप चाहते किया हैं, यह तय करें । ताकि उसे उसे लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उक्त बातें चक्रधरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा ने कहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पारस राणा रविवार को मधुसूदन महतो स्कूल में आयोजित अचीवर्स मीट में नीट, जेई और सीबीएसई की वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम आने के पश्चात करियर को स्कूलों में काउंसिलिंग की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ताकि बच्चों को अच्छे गाइड मिले और उन्हें आगे की सफलता का रास्ता मिल सके। उन्होंने सफल छात्र छात्राओं को से कहा कि मैट्रिक- इंटर के पश्चात केवल हार्ड वर्क करने की आवश्यकता है। इससे बच्चों को सफलता मिल सकेगा। इस अवसर पर चक्रधरपुर थाना अंजनी कुमार ने कहा आज जो बच्चे को सम्मान दिया जा रहा है वह उनके कठिन तपस्या का फल है। इंसान के साथ मशीनों के साथ भी कंपीटिशन करना होगा। इससे पहले सम्मान समारोह का मुख्य अतिथि एसपीपारस राणा ने दीप जलाकर विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों को मोमेंटो व बुके देकर स्कूल के डायरेक्टर बलराज हिंदवार ने सम्मानित किया। मौके पर अतिथि के रूप में अध्यक्ष श्याम सुंदर महतो, डायरेक्टर लक्ष्मण महतो, सच्चिदानंद राम, डीएन महतो, गणेश्वर महतो, ओमप्रकाश महतो, प्रभात कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, यशोदा महतो, सहित स्कूल के प्रचार के नागार्जुन के अलावे विद्यार्थी अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

**कार्यक्रम में सम्मानित किए गए टॉप टेन छात्र-छात्राएं-** छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में विद्यालय के छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच दोनों विद्यालय के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप टेन रहे छात्र-छात्राएं को सम्मानित किए गए। विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल मोमेंटो आदित्य देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान टॉपर छात्र- छात्राओं में कुछ बच्चे की अनुपस्थिति पर उनके अभिभावकों ने यह सम्मान अतिथि द्वारा दिया गया।

## चक्रधरपुर में भक्तों ने खिंचा प्रभु जगन्नाथ का रथ, लगा जय जगन्नाथ की जयकारे

### प्रभु जगन्नाथ रथ में सवार होकर मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान किए, साथ में भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा थे मौजूद, उमड़ा भीड़



**रामगोपाल जेना। चक्रधरपुर।** जगन्नाथ धाम पुरी के तर्ज पर चक्रधरपुर में भी रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया। रविवार को प्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ अपने घर श्रीमंदिर से मौसी बाड़ी गुंडिचा मंदिर के लिए निकले। रविवार की शाम छह बजे जैसे ही श्रीमंदिर से पंडितों ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के विग्रहों को निकाल कर पूजा के पश्चात रथ में सवार किया गया तो पूरा क्षेत्र जय जगन्नाथ.. के उदघोष से गूंज उठा। इसके बाद प्रभु जगन्नाथ का रथ यात्रा शुरु हुआ। प्रभु जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भक्तों की उत्साह देखने लायक थी। वहीं जयकारे लगाते हुए रथ को भक्तों ने खिंचते हुए। वहीं भक्तों ने प्रसाद पाकर उत्साहित हो गए। प्रसाद में लड्डू के अलावे नारियल, आम, केला, सैव, अमरुद समेत विभिन्न प्रकार के फल आदि चढ़ाएं गए। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु का भीड़ उमड़ा रहा। इस दौरान कीर्तन मंडली द्वारा हरि नाम की कीर्तन करते हुए लोगों को झुमाया। पुरी के तर्ज पर चक्रधरपुर क्षेत्र के विभिन्न जगह में भी प्रभु जगन्नाथ को मौसीबाड़ी पहुंचने में दो दिन लगता है। पहले दिन प्रभु जगन्नाथ अपने भाई बहन के साथ रविवार को बड़दांड (बीच रास्ते) झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी के घर के पास में विश्राम करेंगे। दूसरे दिन सोमवार को प्रभु जगन्नाथ भाई बहन संग मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। यह परंपरा चक्रधरपुर के अलावा केरा, गोपीनाथपुर, लौजोड़ा, कराईकेला, शहर के कुसुमकुंज सेवाश्रम आदि जगह मनाया गया। मेला में खूब बिका खिलौना रथयात्रा के दौरान मेला का आयोजन हुआ था। जिसमें बच्चों को लुभाने को विभिन्न प्रकार के खिलौना की दुकानें लगाए गए थे। वहीं बच्चों को आक्रोषित कर रहा था। अभिभावकों के साथ रथयात्रा देखने पहुंचे बच्चे खूब खिलौना खरीदे। वहीं मेले में मिठाई दुकान के अलावे विभिन्न चटपटे के दुकानें भी लगी थी। वहीं रंगबिरंगे गुब्बारे तथा बांसुरी भी बच्चों को खूब भा रहा था। वहीं मिठाई की दुकानें भी लगा रहा।

## पार्टी समर्पित कार्यकर्ताओं से संपर्क कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता तैयार रहें: डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई

- यूथ कांग्रेस किसी भी हाल में मनोहरपुर विस से लड़ेगा चुनाव कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का पालन किया अब बारी है झामुमो का
- यूथ कांग्रेस का मनोहरपुर विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुई सम्पन



**रामगोपाल जेना। कोल्हान/मनोहरपुर।** रविवार यूथ कांग्रेस मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेश सवैयां के अध्यक्षता में बैठक आयोजित कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बारीकी से विचार विमर्श किया गया तथा बूथ से लेकर पंचायत और प्रखंड स्तर से संगठन का मजबूती का दावा भी सम्मलेन में पेश किया। इससे साफ जाहिर होता है कि मनोहरपुर विधानसभा यूथ कांग्रेस के पाले में होना चाहिए क्योंकि जिस तरह से कांग्रेस ने संसदीय सीट झामुमो के लिए छोड़ दिया अब बारी है झामुमो को मनोहरपुर विधानसभा छोड़ने का तभी सही मायने में गठबंधन धर्म का पालन होगा जिस तरह से वर्तमान झामुमो विधायक श्रीमती जोबा मांझी जी को सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से भारी मतों से विजयी बना कर लोकसभा दिल्ली के लिए भेजा गया तथा अब झामुमो को भी यह सीट यूथ कांग्रेस के लिए त्यागना होगा क्योंकि अब संसद श्रीमती जोबा मांझी जी को गठबंधन की ओर से संसद बनाने में यूथ कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान रहा। यूथ कांग्रेस के महासचिव दीनबंधु बोयपाई ने कहा कि किसी भी हाल में मनोहरपुर विधानसभा से यूथ कांग्रेस चुनाव लड़ेगा कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़ यह साबित कर रहा है। यूथ कांग्रेस के मनोहरपुर विधानसभा के पूर्व विधानसभा प्रभारी सह मुखिया डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झामुमो पार्टी को सिंहभूम संसदीय सीट को समर्पित करने का कार्य किया अब बारी है झामुमो का वो भी अपना गठबंधन धर्म का पालन करते हुए मनोहरपुर विधानसभा सीट को यूथ कांग्रेस के झोली में दे। इस बार यूथ कांग्रेस मजबूरी में नहीं मजबूती के साथ मनोहरपुर में यूथ कांग्रेस अपना प्रत्याशी देने पर विचार कर लिया है इसके लिए अभी से ही नया और पुराना पार्टी समर्पित कार्यकर्ता से संपर्क कर संगठन को मजबूत बनाने में अभी से ही कार्यकर्त्ता लग जाएं। मंच संचालन राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष नाग ने की मौके पर सुरेश सवैयां, दीनबंधु बोयपाई, डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई राजेंद्र पुर्ती, मार्क्स हस्सा, राहुल पुर्ती, विजय तिग्गा, यरमिया चेरवा, सीताराम गोप, सोनाराम कोड़ा, जोंको अंगरिया, भारी संख्या में महिला पुरुष भी उपस्थित थे।

## बालजोड़ी पंचायत के जगन्नाथ आश्रम झाड़गांव से सप्ताह भर के प्रवास के लिए महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी के लिए सज धज कर रथ पर निकले



**रामगोपाल जेना। कोल्हान/सोनुआ।** पोड़ाहाट के सोनुआ प्रखंड स्थित बालजोड़ी पंचायत के जगन्नाथ आश्रम झाड़गांव से सप्ताह भर के प्रवास के लिए महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी के लिए सज धज कर रथ पर निकले I कार्यक्रम की शुरुआत पूरी काकट पुर माँ मगड़ा धाम से आये पुजारी विजय सड़गी (बिनु नोना ) के पवित्र मंत्रो चारण ओ पूजा कर्म, स्थानीय राजा वसंत नायक के सुना झाड़ू प्रछालान, पवित्र शंख घोंटा केध्वनि ओ जय जगन्नाथ के गगन भेदी जयकारा के साथ सैकड़ो स्त्री पुरुष भक्तों ने अपने.. अपने मनोकामना के साथ प्रसादी चढ़ए एवं रथ खींचे I सैकड़ो भक्तों ने जय जगन्नाथ के जयकारे एवं झूल रे कड़िया झूल के धून पर अपनी भक्ति दिखाई I मौक़े पर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ,पुजारी बासुदेव सड़गी, रोहित सड़गी, स्थानीय मुखिया गुणबनता नायक, मनोज कुमार नापीत, तापेश्वर महतो, विनोद बिहारी नायक, सत्यनारायण नायक, मृतुन्जय नायक, बनबिहारी साहू, बसंत साहू, महेश नायक, रूद्र नायक, शेखर नायक, अंबिकाचरण महतो, सूर्यकांत प्रधान रासबिहारी साहू लूना नायक, लीना नायक समेत झाड़गांव, चांदीपॉस, चमकपुर, कसरआं, रखासाई, बारी डालेकेला टुनिआ बेलपोस, नुआगांव, बालजोड़ी, माहुलडीहा, सोनुआ, विक्रमपुर समेत सोनुआ गोयलकेरा के कई गाँव के भक्त महिला पुरुष शामिल थे

## भुयाडीह ग्राम प्रधान का शादीसुदा महिला यौन शौषण मामले में सारे आरोप निराधार - जीप सदस्य पिंकी लायक



**चांडिल।** भुयाडीह ग्राम प्रधान द्वारा चांडिल( 2) जीप सदस्य पिंकी लायक पर शादीसुदा डॉक्टर लायक द्वारा चार बच्चो की मां को बंधक बनाकर यौन शौषण मामले में की गई बयान बाजी बेबुनिया और निराधार है. उक्त बाते जीप सदस्य पिंकी लायक ने आयोजित प्रेस वार्ता में कही. जीप सदस्य पिंकी लायक ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया की शादी चार बच्चो की मां को डॉक्टर लायक द्वारा बंधक बना कर तीन दिनों तक यौन शौषण किया ,पीड़ित महिला का पति चार बच्चो की मा को अपनाने से इंकार कर दिया .पीड़ित शादी सुदा महिला मेरे पास आकर आपबीती बताई ,मैने कहा सारे प्रकरण की जानकारी ग्राम प्रधान, मुखिया,समिति के साथ सामाजिक बैठक कर हल निकल लीजिए. ग्राम प्रधान बहादुर लायक ने गैर जिम्मेदाराना बयान दिया. जो सरसर बेबुनिदुनियाद आरोप लगा कर महिला जिला परिषद सदस्य के खिलाफ राजनीति लाभ उठाने की नियत से दिया है.जो निराधार है.पूर्व जीप सदस्य पिंकी के पति सह पूर्व जीप सदस्य झामुमो वरीय नेता ओम लायक पर भी सयुक्त रूप से लगाकर ग्राम प्रधान बहादुर लायक ने ओछी हरकत की है. पूर्व जीप सदस्य ओम लायक ने मौके पर कहा पूर्व में डाक्टर लायक कई महिलाओ से यौन शौषण करने के आरोप में जेल जा चुका है ,ग्राम प्रधान बहादुर लायक ने पीड़िता को गुमराह करने के बेबुनियाद घटिया बयान बाजी किया जो निराधार है.

## डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से गुड़ाबांदा के बनमाकड़ी गांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 10 डॉक्टरों ने किया 407 मरीजों का स्वास्थ्य जांच



**गुडड़ाबांदा ।** रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर आज गुडड़ाबांदा के बनमाकड़ी गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से तथा भारत सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से प्रमुख स्वंसेवी संस्था सिटिजन्स फाऊँडेशन ने इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 10 डॉक्टरों ने 407 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को मुफ्त दवाईयां प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में रक्त जांच तथा रक्तचाप जांच की निःशुल्क व्यवस्था थी। पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों का नेत्र किया। डॉ दिनेशानंद गोस्वामी तथा अतिथिओं ने किया स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी तथा विशिष्ट अतिथिओं ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ गोस्वामी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की काफी कमी है। लोगों को इलाज कराने के लिए काफी दूर शहर के चिकित्सकों के पास जाना पड़ता है। गरीब तबके के लोगों विशेषकर महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी कठिनाईयों को दूर करने के लिए प्रत्येक रविवार को अलग-अलग गांवों में विगत 3 वर्षों से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। डॉ गोस्वामी ने कहा कि गरीबों की सेवा का कार्य अनवरत चलता रहेगा । कार्यक्रम को प्रमुख शुभजीत मुंडा, उपप्रमुख रतन लाल राऊत मुखिया मन्मथ देऊरी, श्रीबत्स घोष, गौर चन्द्र पात्र, भूषण महतो, सुमंत श्यामल, राजकुमार कर, सुनील पैड़ा, मनोज बासूरी, स्वपन घोष, द्विजेन प्रधान, ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रविंद्र गांतात ने किया।

इन डॉक्टरों ने किया मरीजों का स्वास्थ्य जांच डॉ टी के. महान्ती, डॉ चन्दन सिंह, डॉ किरण सिंह, डॉ नीरज मिश्रा , डॉ बिथी मंडल,डॉ प्रशांत चालक,डॉ लाभ घोष,डॉ शांतनु महापात्र, डॉ दर्प मिश्रा, पूर्णिमा नेत्रालय के नेत्र चिकित्सकगण

**स्वास्थ्य शिविर में इनका रहा प्रमुख योगदानः** गोबिन्द बेरा,बलराम बारिक?मानिक नायक, सिमन्त नायक,प्रशांत बेरा, सत्यवान बेरा,माधव प्रधान,विकास बेरा,अखिलेश साव,सुधीर साव, शिवशंकर मुंडा,लिसा महतो, जयन्त मुंडा,तपन साव, देवाशीष महाकुड़,धुर्व बासुरी,मलय करण, भगिरथी बेरा, शरद माईती आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल होकर बन्ना गुप्ता ने रथ के समक्ष माथा टेका



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में निकाली गई महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल होकर बन्ना गुप्ता ने पूजा अर्चना करने के बाद रथ के समक्ष माथा टेका और रथ यात्रा वाले मार्ग पर झाड़ू लगाकर सेवा किया.इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रभु जगन्नाथ जी,भगवान विष्णु के अवतार और कृष्ण के स्वरूप माने जाते हैं रथयात्रा परिवार के सदस्यों के साथ जीवन की यात्रा का प्रतीक है, मंदिर से भगवान का उदय पृथ्वी पर सामान्य मनुष्यों के बीच उनकी उपस्थिति का प्रतीक है, यह पर्व हमारे अतुल्य भारत में अनेकता में एकता का उदाहरण है महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी,शुभद्रा जी एवं बलभद्र जी की ईश्वरीय त्रिमूर्ति हम सभी का जीवन सुख,समृद्धि,उत्तम स्वास्थ्य एवं धन-धान्य से परिपूर्ण करें.इस दौरान उन्होंने जय जगन्नाथ के नारे भी लगा.

### भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा हमारे जीवन को स्वास्थ्य, खुशी और आध्यात्मिक समृद्धि से भर दे : काले

- देवनगर, गांधी आश्रम भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा व ख़ासमहल में शामिल हुए काले,
- अमरप्रीत सिंह काले ने आरती पूजन कर श्रद्धालुओं को दी बधाई



**जमशेदपुर :** ओडिशा के बाद जमशेदपुर के देवनगर, गांधी आश्रम जगन्नाथ मंदिर में भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली जाती है। इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान होतीं हैं। यात्रा भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकलते हुए गुंडिचा मंदिर जाती है। इस पावन अवसर पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा की शुरुआत कर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि हम इस पवित्र अवसर को मनाते हैं, भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा हमारे जीवन को स्वास्थ्य, खुशी और आध्यात्मिक समृद्धि से भर दे।

### पुरी के तर्ज पर जमशेदपुर में भी निकाला जा रहा विशाल रथ यात्रा , पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद



**जमशेदपुर :** पुरी के तर्ज पर जमशेदपुर में भी अलग-अलग क्षेत्र में विशाल रथ यात्रा का आयोजन किया जाता है. रविवार को निकलने वाले रथ यात्रा को लेकर जिला पुलिस- प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है. इस संबंध मेंj जानकारी देते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकलने वाले रथ यात्रा को लेकर पुलिस की ओर से चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालुओं एवं आम राहगीरों को परेशानियों का सामना न करना पड़े. उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं. पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है. उन्होंने शहर वासियों से शांति एवं सौहाद्र पूर्ण तरीके से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है. साथ ही किसी तरह की भी परेशानी होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की है.

### सिदगोड़ा में सत्यम सिंह ने चलाया जन परवाह अभियान



**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष सत्यम सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 7 जुलाई 2024 को सिद्धगोडा १० नंबर बस्ती में निशुल्क सेवा शिविर आयोजित किया गया जिसके माध्यम से क्षेत्र के वसींदे जो पेंशन के विभिन्न योजनाओं से वांछित है उन्हे सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे तमाम पेंशन योजनाओं से अवगत कराते हुए क्षेत्र में रहने वाले पेंशन के लिए योग्य लोगों का फॉर्म भरकर अन्य अनिवार्य कागजात जमा कराया गया 1 सत्यम सिंह ने कहा कि जिस तरह आज उनके द्वारा अपील करने पर सिधगोड़ा युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शिविर का आयोजन कर पेंशन से जुड़े काम को अंजाम दिया है इसी प्रकार हर क्षेत्र से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आगे आकर क्षेत्र की जनता को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए पेपर वर्क का सारा कार्यभार संभालना चाहिए जिससे सरकार द्वारा मुहैया कराई जा रहे लाभ से क्षेत्र के लोग वांछित न रहे 1 शिविर में बस्तीवासियों ने काफी संख्या में पहुंचकर पेंशन फॉर्म भरा 1 मौके पर युवा कांग्रेस के संदीप मुखी, मनमोहन तिवारी, सुभम , अक्षय सिंह, जैकी राय, अंगत मुखी, आदि के साथ काफी संख्या में कार्यकर्तागण शामिल हुए 1

### शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल हुए दिनेश कुमार



**जमशेदपुर :** पूरे देश में रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. इस कड़ी में लौहनगरी जमशेदपुर की कई मंदिरों से हर वर्ष की भाँति परंपरागत रूप में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई. यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए. शहर की प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर से निकली महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार शामिल हुए. उन्होंने पूजा-अर्चना किया और रथ की रस्सियों को भी खींचकर भगवान का आशीष लिया. इसके अलावे साकची उत्कल एसोसिएशन, बाराद्वारी गाँधी आश्रम एवं हनुमान मंदिर मानगो में आयोजित रथ यात्रा में दिनेश कुमार ने शिरकत कर महाप्रभु से सर्व कल्याण का प्रार्थना किया। दिनेश कुमार के साथ अमरजीत सिंह राजा, भूपेंद्र सिंह, हरीश, अरुण कुमार आदि काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### गम का पर्व मुहर्रम शुरू, साकची में हुसैनी मिशन के इमामबारगाह में होगी मजलिस



**जमशेदपुरः** जमशेदपुर में गम का पर्व मुहर्रम शुरू हो गया है। मोहर्रम शुरू होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में इमाम बारगाहों में शाह नशीनों को सजाया गया है। यहां अलम लगा दिए गए हैं। रविवार को चांद रात से ही मजलिस का सिलसिला शुरू हो जाएगा। साकची में हुसैनी मिशन के स्ट्रेट माइल रोड टेंपो स्टैंड के पीछे स्थित इमाम बारगाह में चांद रात की मजलिस होगी। यहां मजलिस को मस्जिद ए उम्मे खलील के पेश इमाम मौलाना जकी हैदर करारवी खिताब करेंगे। हुसैनी मिशन के मुनीर हसन ने बताया कि इमामबाड़ा में चांद रात से मजलिस का सिलसिला शुरू होगा, जो 12 मोहर्रम तक चलेगा। इस बीच मातमी जुलूस भी निकाले जाएंगे। नौहा खानी और सीना जनी भी होगी। मानगो के ज़ाकिर नगर स्थित हुसैनी मोहल्ले में इमामबाड़ा में रोज सुबह 10 बजे मजलिस होगी। गौरतलब है कि 10 मोहर्रम सन 60 हिजरी को इराक के कर्बला में पैगंबर अकरम हजरत मोहम्मद मुस्तफा के नवासे इमाम हुसैन और उनके खानदान के लोगों व साथियों को शहीद कर दिया गया था। इसी शहादत की याद में शिया मुसलमान गम मानते हैं। शिया मुसलमान 8 रबी उल अव्वल तक गम मनाते हैं।

# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने लंबित मांगों को लेकर फिर से किया आंदोलन तेज




**जमशेदपुर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के नेतृत्व की राज्य स्तरीय बैठक के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। जमशेदपुर में टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन कार्यालय में श्री राकेश्वर पांडेय की अध्यक्षता में प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की राज्यस्तरीय बैठक हुई, जिसमें आम जनता, विशेषकर मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों पर अपनी भावी कार्ययोजना तय की गई। बैठक में इंटक, एटक, सीआईटीयू, एच एम एस और एआईआईसीटीयू के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेतृत्व शामिल हुए। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से कहा गया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों ने देश के उत्पादक वर्ग यानी किसानों और मजदूरों के असंतोष का कड़ा संदेश सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को दिया है और स्पष्ट संदेश यह है कि सत्ता पक्ष को कॉरपोरेट परस्त नीति पर आगे बढ़ने से बचना चाहिए। 21 सूत्री मांगों को दोहराते हुए, जिनमें से चार लेबर कोड को समाप्त करने की प्रमुख मांग है, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने स्वतंत्र एवं संयुक्त दोनों तरह के कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है, इसी कड़ी में अगस्त माह में झारखंड के सभी 20 सांसदों को मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा जाएगा। संयुक्त मंच ने न्यूनतम मजदूरी के मुद्दे पर श्रमिकों के पक्ष में खड़े होने के लिए झारखंड के श्रम विभाग को धन्यवाद दिया है और अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं को दंडित करने की मांग दोहराई है। इसके अलावा राज्य सरकार के स्तर पर 12 सूत्री मांगों को लेकर अगस्त और सितंबर माह में जिला और राज्य स्तर पर प्रदर्शन कार्यक्रम तय किए गए हैं। ट्रेड यूनियन के संयुक्त मंच ने राज्य भर में मांगों को लेकर संयुक्त आंदोलन को तेज करने के लिए राज्य के सभी जिलों में अपना नेटवर्क मजबूत करने का निर्णय लिया है। आज की बैठक में श्री राकेश्वर पाण्डेय, बी.एन. सिंह, के.के. त्रिपाठी, राघवन रघुनंदन, परविंदर सिंह, अशोक यादव, विश्वजीत देब, महेश कुमार सिंह, अम्बुज ठाकुर, अनिर्बान बोस, सुब्रत विश्वास, हीरा अर्काने सहित केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के अन्य नेताओं ने भाग लिया।

## पूरे देश में डायल 112 सेवा की शुरुआत



**जमशेदपुरः** यदि आप कहीं भी किसी मुसीबत में फंसे हो तो चिंता ना करें 112 नम्बर डायल करें. सम्बंधित विभाग के कर्मी तत्काल आपकी मदद करेंगे. पहले हर सेवा के लिए अलग- अलग हेल्पलाइन नंबर थे, मगर अब भारत सरकार के निर्देश पर पूरे देश में डायल 112 सेवा की शुरुआत हुई है. इसके व्यापक प्रचार- प्रसार को लेकर जमशेदपुर सीसीआर की ओर से आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लाइव डेमो दिया गया. साथ ही बताया गया कि यह सेवा कैसे काम करती है. सीसीआर प्रभारी अंजनी कुमार तिवारी ने बताया कि डायल 112 के जरिए किसी भी मुसीबत चाहे पुलिस- प्रशासन से संबंधित हों, आपदा, अग्निशमन अथवा दुर्घटना से संबंधित हों आप इसकी सेवा ले सकते हैं. यह सेवा द्रुत गति से कार्य करती है और इसके सुखद परिणाम भी आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसके लिए देशभर में एक ही कंट्रोल रूम बना है जो सीधे सेंट्रल से मोनिटरिंग होती है. शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग को ट्रांसफर कर दिया जाता है. इसमें खास बात ये है कि इसका फीडबैक भी लिया जाता है. उन्होंने शहर के लोगों से डायल 112 सेवा का लाभ लेने की अपील की है ताकि किसी भी तरह की परेशानियों से पीड़ित को तत्काल राहत दिलायई जा सके.

## टुइलाडूंगरी कबीर क्लब में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जमशेदपुरः** रविवार को टुइलाडुगरी कबीर भवन में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा आयोजित हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 256 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। इसी शिविर में विधवा पेंशन विद्धा पेंशन विकलांग पेंशन महिलाओं के लिए 50 वर्ष से 59 तक का फार्म भरवारा गया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हर सप्ताह करने हेतु साहू समाज को हर संभव प्रयास करने की बात कही। राकेश साहू ने बताया कि कई रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन 9 जुलाई मंगलवार को दोपहर 11 कबीर भवन से पूर्णिमा नेत्रालय अस्पताल ले जाकर कराया जाएगा। इस शिविर में नेत्र जांच फेफड़ा जांच (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा,ब्लड प्रेशर, शुगर जांच आदि के डाक्टर मौजूद थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के नगर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, ओड़िसा लोकसभा के ऑब्जर्वर अभिजीत सिंह, ओबीसी सेल के नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के अध्यक्ष नीरज साहू को साहू समाज के जिला क्षेत्रीय पदाधिकारी ने अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से साहू समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार साव जितेंद्र साव संजय प्रसाद दीपक रजक गौतम साहू मनीष चंद्रवंशी भुइयांडीह नंदनगर अध्यक्ष सागर साहू, गोलू साव, वेदांत साहू, नीरज प्रसाद, अजीत रजक, विकास गोप, राजू ठाकुर, अरुण सिंह, अजय ठाकुर, मोहम्मद रिजवान, विश्वकर्मा रजक, चंद्रशेखर साहू, विकास साहू, अन्य साहू समाज के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर भ्रमण के दौरान लक्ष्मी नारायण और शंकर पार्वती की भव्य झांकी निकाली गई



**जमशेदपुरः** केबुल टाउन लक्ष्मी नारायण मंदिर सरयू राय की तत्वाधान में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के चौथे दिन में विशाल जुलूस के साथ नगर भ्रमण के दौरान लक्ष्मी नारायण और शंकर पार्वती की भव्य झांकी निकाली गई। जुलूस में दो रथों को भव्य तरीके से सजाया गया था। आगे वाले रथ पर लक्ष्मी नारायण के विग्रह प्रतिमा तथा पीछे वाले रथ पर लक्ष्मी नारायण और शंकर पार्वती की चलचित्र प्रतिमा को विराजमान किया गया था। यह बहुत ही अलौकिक दृश्य दिख रहा था। भगवान की झांकी को देखने के लिए नगर वासियों की पूरी भीड़ उमड़ गई थी। सभी नगर वासी बहुत ही ज्यादा प्रसन्न थे। झांकी में शामिल बच्चों के लिए नगर भ्रमण के दौरान ब्यूटी तिवारी ने पानी और फ्रूटी की व्यवस्था भी करवाया।साकेत सिंह और शैलेश सिंह जी के नेतृत्व में झांकी को भगवान का रूप देने वाली मुख्य रूप से अस्तित्व सामाजिक संस्था की जिला अध्यक्ष अनु चौबे, मंदिर कमेटी की सदस्य ममता सिंह थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से हरे राम सिंह, राणा प्रताप सिंह, राजेश सिंह, उजेंद्र सिंह, समरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, रिंकूसाहू, पप्पू कुमार ,मनीष साहू, अरविंद सिंह संजय माझी, नितेश सिंह,अभिजीत गोलू, वीर बहादुर सिंह, गौरवमित्र, दिवाकर कुमार, शुभम कुमार, अमन कुमार, राहुल कुमार, रवि शंकर कुमार, अभिनव कुंडू, हरमीत सिंह, शास्त्री मुखी, जय सिंह, संजय सिंह इत्यादि का भरपूर योगदान रहा।



## तुलसी भवन संस्थान द्वारा, छात्र - छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित




**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भाँति सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन संस्थान द्वारा डेढ माह तक चलने वाले तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत ६ जुलाई को महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों के लिए तथा ७ जुलाई को विद्यालय स्तर के छात्र - छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसका विषय क्रमशः ' तुलसी साहित्य में लोक मंगल की अवधारणा ' एवं 'श्री रामचरितमानस के आलोक में श्री हनुमान जी का चरित्र चित्रण था । प्रतियोगिता में नगर के ३ महाविद्यालयों एवं २३ विद्यालयों से कुल २२३ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुलसी भवन के अलावा बागबेडा स्थित 'सरस्वती शिशु विद्या मंदिर' में भी आयोजित की गई । कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका, उपाध्यक्ष राम नन्दन प्रसाद, मानद महासचिव डॉ० प्रसेनजित तिवारी एवं साहित्य समिति के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । प्रतियोगिता के दौरान निरीक्षक के रुप में सर्वश्री यमुना तिवारी व्यथित, डॉ० रागिनी भूषण, डॉ० अजय कुमार ओझा, दिव्येन्दु त्रिपाठी, डॉ० वीणा पाण्डेय 'भारती , कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', डॉ. उदय प्रताप हयात, ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र, अरुणा भूषण 'शास्त्री' , अशोक पाठक 'स्नेही', पुनम महानंद , बसंत जमशेदपुरी , शकुंतला शर्मा, अजय प्रजापति, डॉ० संजय पाठक, अनीता निधि, ममता कर्ण, आरती श्रीवास्तव, माधुरी मिश्रा, जितेश तिवारी एवं राजेश कुमार साहु प्रमुख रहे । मौके पर बडी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही । प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किये गये ।

## जमशेदपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पर्दाफाश,12 मोटरसाइकिल बरामद



**जमशेदपुर :** बाइक चोर गिरोह के खिलाफ जमशेदपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जहां एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने दो शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. साथ ही पुलिस ने उनके द्वारा चुराए गए 12 मोटरसाइकिल भी बरामद किए हैं. वहीं पुलिस ने उनके पास से डुप्लीकेट आरसी, मास्टर की और मोबाइल भी बरामद किए हैं. पुलिस की गिरफ्त में आए युवकों का नाम सतपाल सिंह और अंकित सोनकर उर्फ छोटू बताया जा रहा है. इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि बर्मामाइंस थाना क्षेत्र में बार- बार हो रहे मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था. टीम ने बेहद ही प्रोफेशनल तरीके से अनुसंधान करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में लिया है. उन्होंने बताया कि उनके द्वारा बर्मामाइंस थाना अंतर्गत एनएमएल गेट, एचएसएम गेट, टेल्को एवं जुगसलाई थाना क्षेत्र में काम करने आनेवाले मजदूरों के मोटरसाइकिल की चोरी की जाती थी. जिसका डुप्लीकेट आरसी बनवाकर बंधक रखा जाता था. बंधक रखने के दौरान अभियुक्तों द्वारा अपनी मां- बाप के बीमारी का बहाना किया जाता था. इसके एवज में इनके द्वारा 15 से 20 हजार की उगाही की जाती थी. टीम द्वारा अभियुक्तों के निशानदेही पर बर्मामाइंस टेल्को एवं जुगसलाई थाना क्षेत्र से चोरी किए गए कुल 12 मोटरसाइकिल जप्त किए गए हैं साथ ही उनके पास से जाली आरसी और मास्टर की बरामद किए गए हैं. उन्होंने बताया की गिरफ्त में आए अपराधियों का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है. दोनों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

## भाजपा की चुनावी गतिविधियां तेज़, जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी में अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का होगा आयोजन




**जमशेदपुरः** भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी तैयारियां तेज़ कर दी है. भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पड़ने वाले पोटका, जुगसलाई, जमशेपुर पूर्व और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में संयोजक और सह संयोजक की बैठक जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक को मुख्य रूप से विजय संकल्प सभा के कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार ने संबोधित किया. इस दौरान आपसी विमर्श से तय हुआ कि 10 से जमशेदपुर महानगर के जुगसलाई, पोटका सहित जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा माननीय सांसद विद्युत वरण महतो की देखरेख में सुसंपन्न होंगे. चार विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले इस सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले मंडल एवं विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमिटी का अभिनंदन होगा.

**चार विधानसभा में होने वाली सभा एवं तिथि**

- जुगसलाई विधानसभा का कार्यक्रम 10 जुलाई को डॉल्फिन क्लब, बालीगुमा.
- पोटका विधानसभा का कार्यक्रम 14 जुलाई को.
- जमशेदपुर पूर्व का कार्यक्रम 17 जुलाई को बिरसा मुंडा टाउन हॉल, सिदगोड़ा.
- जमशेदपुर पश्चिम के कार्यक्रम की तिथि जल्द तय की जाएगी

कोल्हान प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि बूथ अध्यक्षों का अभिनंदन के साथ कार्यकर्ता दृढ़ संकल्पित होंगे की आगामी विधानसभा चुनाव में हम प्रत्येक विधानसभा में कार्यकर्ताओं के मेहनत और परिश्रम के बल पर चुनाव में जीत हासिल करेंगे. कहा कि कोल्हान में 14 सीटों पर कमल खिलाने को भाजपा प्रतिबद्ध है. बैठक में विशेष रूप से सुधांशु ओझा, दिनेश कुमार सहित अनिल मोदी, संजीव सिंह, संजीव सिन्हा, मनोज राम, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, सुबोध झा, मुचीराम बाउरी, विजय तिवारी विधानसभा के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थें.

# गम्हरिया में महाप्रभु जगन्नाथपुर की भव्य रथयात्रा निकाली गई



**गम्हरियाः** जगन्नाथ मंदिर समिति, मांझपाड़ा, बड़ा गम्हरिया की ओर से बस्ती स्थित जगन्नाथ मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथपुर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। इससे पूर्व मन्दिर के पुजारी जगन्नाथ दास द्वारा पारंपरिक विधि विधान से महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात, उन्हें भव्य रूप में सजाए गए रथ पर सवार कर मौसीबाड़ी के लिए विदा किया। वहां वे नौ दिनों तक विश्राम करने के बाद आगामी 15 जुलाई को फिर उल्टी रथ पर सवार होकर अपने घर वापस लौटेंगे। मौसी बाड़ी जाने से पूर्व रविवार को महाप्रभु को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान उनके रथ को खींचने के लिए भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। नगर भ्रमण के क्रम में कई जगहों पर रोककर महिला श्रद्धालुओं द्वारा उनकी आरती उतारकर पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महाप्रभु की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शान्ति व समृद्धि की कामना की गई। रविवार को बड़ा गम्हरिया स्थित मंदिर में ही रात्रि विश्राम कराया गया। वहां से सोमवार को उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचाया जाएगा। नगर भ्रमण के दौरान कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन भी किया गया। इसके आयोजन में मन्दिर समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ कुंडू, उपाध्यक्ष सीताराम बेज, सचिव अरुण बेज, कोषाध्यक्ष प्रेम चंद्र पाल, गोपाल चौधरी, वरुण दास, संजय मन्डल, संजय दास, भैरव प्रामाणिक, दीपक नायक, दिलीप गोराई समेत सभी सदस्यों का प्रमुख योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा में भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस मौके पर बहन सुभद्रा व भाई बलराम के साथ महाप्रभु जगन्नाथ को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया जो बानाडूंगरी जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर पश्चिम बंगाल से आए 11 कीर्तन मंडली के सदस्यों ने नाचते गाते भगवान जगन्नाथ की यात्रा निकाली।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना पुलिस अब व्हाट्सएप पर देगी की एफआईआर का अपडेट, थाने का चक्कर खत्म



**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस में आये दिन नये नये बदलाव हो रहे हैं. एक ओर पुलिस हाइटेक हो रही है तो दूसरी ओर आम लोगों को भी गजेट्स के माध्यम से सहूलियत दे रही है. राजधानी पटना में पुलिस अब शिकायतकर्ताओं को व्हाट्सएप पर जांच का अपडेट देगी. शिकायत कराने के बाद पीड़ितों को थाने के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे. शिकायत दर्ज कराते समय शिकायतकर्ताओं से उनका व्हाट्सएप नंबर लिया जाएगा. सनहा अगर एफआईआर लायक नहीं लगता है, तो भी पुलिस को जांच रिपोर्ट आवेदक को उपलब्ध करानी होगी. इस संबंध में डीआईजी सह पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं. पटना एसएसपी ने एसपी सिटी और डीएसपी रैंक के पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध के मुद्दे पर बैठक की. एसएसपी राजीव मिश्रा ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी हर हाल में यह सुनिश्चित करें कि थाने में जानेवाले पीड़ितों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. साथ ही समय पर उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया जाए. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी पीड़ित की ओर से इस संबंध में कोई शिकायत मिलेगी तो संबंधित पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. पटना के पुलिस कप्तान ने अफसरों को बीट पुलिसिंग पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए. इसके अलावा उन्होंने थानों की गश्ती व्यवस्था को और भी चुस्त-दुरुस्त करने को कहा है. उन्होंने निर्देश दिया कि रात के समय पुलिस गश्ती में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए. गश्ती की भी मॉनिटरिंग करने की जरूरत है.

### पहली बारिश में ही धंस गयी चार साल पहले बनी पुलिया, मोतिहारी में एक माह में दूसरा मामला



**मोतिहारी, एजेंसी।** मॉनूसन की पहली बारिश में ही चार से पहले बनी पुलिया धंस गयी. पूर्वी चंपारण जिले में हाल के दिनों में ऐसी यह दूसरी घटना है. मधुबन प्रखंड के लोहारगांवा गांव में बनी आरसीसी पुलिया शनिवार की देर शाम बारिश की वजह से ध्वस्त हो गई. इस पुलिया का निर्माण चार साल पहले ही हुआ था. हाल के दिनों में पूर्वी चंपारण जिले में पुल गिरने का यह दूसरा मामला है. वहीं, बिहार में बीते 20 दिनों के अंदर 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. सरकार ने अब तक 17 इंजीनियरों को निलंबित भी कर दिया है. जानकारी के अनुसार मधुबन के लोहरगांवा में 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत 2019 में करीब 2 लाख रुपये की लागत से आरसीसी पुलिया का निर्माण किया गया था, जो शनिवार को गिर गया. पुलिया ध्वस्त होने से लोहारगांवा ग्राम के सहनी टोला एवं अनुसूचित जाति टोला का सड़क संपर्क टूट गया. इससे करीब 400 लोगों की आबादी प्रभावित हुई है. ग्रामीणों नेबताया कि योजना के अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए. पुलिया ध्वस्त होने से लोग पगडंडी होकर आवागमन कर रहे हैं. गांव में बाइक भी नहीं पहुंच पा रही है. मुखिया कृष्णा देवी ने बताया कि समयावधि पूरी होने पर पुलिया निर्माण के लिए योजना में लिया जाएगा. इससे पहले बीते 22 जून को पूर्वी चंपारण जिलेके ही घोड़ासहन के अमवा में करीब 1.69 करोड़ की लागत से बना पुल ढलाई के बाद ही ध्वस्त हो गया था. बीते 18 जून से लेकर अब तक बिहार में कुल 13 पुल गिर चुके हैं. अकेलेसारण और सीवान जिले में इसी हफ्ते एक के बाद एक 6 पुल गिर गए थे. बिहार सरकार द्वारा राज्यभर के पुलों का निरीक्षण भी कराया जा रहा है. सरकार का दावा है कि जांच में दोषी पाए जानेवाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और पुलों की लागत ठेकेदारों से वसूल की जाएगी.

# कोसी और गंडक बराज के सभी फाटक खोले गए, लाल बत्ती दे रही बाढ़ से तबाही के संकेत



**पटना, एजेंसी।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने बिहार के लोगों की मुश्किलें भी बढ़ा दी है. बिहार हर साल बाढ़ का दंश झेलता है. पहले उजड़ना और फिर बसना, बिहार के कई इलाकों के लोगों के लिए ये हर साल की कहानी है. इसबार भी अब बाढ़ की मार नजदीक दिख रही है. कोसी, गंडक समेत कई नदियों का जलस्तर जिस तरह बढ़ रहा है उससे लोगों की चिंता बढ़ी हुई है. कई गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है. लोग अपना घर-मकान छोड़कर सुरक्षित जगह की ओर पलायन करने लगे हैं. वहीं बराजों से अब और खतरनाक संकेत मिल रहे हैं. कोसी बराज और गंडक बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बिहार का सुपौल जिला कोसी नदी के रौद्र रूप को सहता है. कई गांव बाढ़ की चपेट में हर साल आते हैं. पिछले कुछ दिनों से नेपाल में हो रही बारिश ने कोसी नदी का जलस्तर बढ़ा दिया है. कोसी की सहायक नदियों का भी पानी बढ़ा है जिससे कोसी उफनाई हुई है. वहीं वीरपुर बराज के 56 में 56 फाटक रविवार को खोल दिए गए. इस साल सबसे अधिक पानी यहां छोड़ा गया जिसके कारण बराज की लाल बत्ती भी जला दी गयी. ताजा जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर 1 बजे के आंकड़े के मुताबिक, बराज से 3 लाख 86 हजार 735 क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका था. बताते चलें कि शनिवार को ही 36 फाटक खोलने पड़े थे. रविवार को बराज के सभी फाटक खोल दिए गए हैं.

बराज पर लाल बत्ती और लाल झंडे की कहानी कुछ ऐसी है कि ये वर्तमान स्थिति को बताता है और संभावित खतरे को लेकर लोगों को अलर्ट करता है. कोसी बराज पर पहले एक के बाद एक करके दो झंडे लगाए गए थे. अब लाल बत्ती जला दी गयी है. दरअसल, जब बराज पर 2 लाख क्यूसेक से अधिक पानी रिकॉर्ड किया जाता है तो दो झंडा लगाने की औपचारिकता पूरी की जाती है. नियम के अनुसार, बराज स्थित कंट्रोल रूम हर घंटे पर नदी के मापांक को प्रसारित करता है. नदी का जलस्तर जब बढ़ने लगता है तो आम लोगों को सतर्क करने के लिए सूचनार्थ यह झंडा लगाया जाता है. जब नदी का जलस्तर 1.5 लाख क्यूसेक पार करता है तो कोसी बराज पर एक झंडा लगाया जाता है. जब दो लाख क्यूसेक का लेवल पानी पार करता है तो बराज पर दोनो ओर झंडे टांगे जाते हैं. वहीं जब जलस्तर तीन लाख क्यूसेक को पार कर जाता है तो बराज पर लाल बत्ती जलाकर लोगों को हाई अलर्ट किया जाता है.

वहीं दूसरी ओर नेपाल में भारी बारिश और गंडक बराज से पानी डिस्चार्ज किये जाने से गंडक नदी उफान पर है. अगले 48 घंटे में नेपाल से करीब 5 लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है. गंडक नदी से इस वर्ष सर्वाधिक 3.14 लाख क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया है. यहां तटबंध के अंदर बसे गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है. पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकिनगर में गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता सियाराम पासवान ने बताया कि गंडक बराज के सभी 36 फाटक को खोल दिया गया. गंडक बराज पर तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हाई अलर्ट कर दिया गया. पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज में नीचले इलाके के लोग अब सुरक्षित जगहों की ओर पलायन करने लगे हैं.

## चिराग पासवान मिले सीएम नीतीश कुमार से, नौकरी और गिरते पुल के मुद्दे पर हुई चर्चा

**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मिलकर बिहार में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की. चिराग पासवान सरकारी नौकरी के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की और आगामी नियुक्ति को लेकर किन किन विभागों में काम चल रहा है इसकी जानकारी ली. नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद चिराग की सीएम नीतीश कुमार से यह पहली मुलाकात है.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम से मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया. इन दिनों बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं, इसको लेकर भी सीएम के सामने उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त की. बिहार में बीते 20 दिनों के भीतर बारिश की वजह से विभिन्न जिलों में 13 पुल ध्वस्त हो चुके हैं. यह मुद्दा बिहार ही नहीं बल्कि देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है. विपक्ष नीतीश और मोदी सरकार पर हमलावर है. वहीं, अब एनडीए के सहयोगी दल भी सीएम नीतीश पर कार्रवाई का दबाव बनाने लगे हैं. हालांकि, पिछले दिनों जल संसाधन और ग्रामीण कार्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए पुल गिरने के दोषी 17 इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया था.



इसके साथ ही चिराग पासवान ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के द्वारा 2014 में बिहार चौकीदार संवर्ग नियमावली बनाई थी. इसमें दफादार अथवा चौकीदारों के आश्रितों की बहाली का प्रावधान किया गया था. इस नियमावली के तहत साल 2023 तक आश्रितों की बहाली होती रही है. पहले से रिटायर्ड और रिटायर होनेवाले चौकीदारों के आश्रितों की बहाली एवं स्वेच्छिक सेवानिवृत के शेष आश्रितों की नियुक्ति पत्र अभी तक जारी नहीं किए गए, जबकि एक-दो जिलों में सरकार ने नई बहाली की प्रकिया शुरू कर दी है, जो चिंताजनक विषय है. चिराग ने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि उनकी पार्टी लोजपा रामविलास की मांग है कि इस प्रक्रिया को पूर्व की तरह फिर से बहाल कर दिया जाए. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों द्वारा जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है.

## हिंदू होकर 14 साल में की 5 शादियां, चौथी पत्नी ने खोला पांचवीं शादी का राज

**आरा, एजेंसी।** बिहार में एक सीआरपीएफ जवान ने 14 वर्षों में 5 शादियां की. किसी पत्नी को सौतन होने की खबर थी, लेकिन पिछले दिनों एक पत्र ने उसका राज उजागर कर दिया. धर्मपत्नी के जीवित रहते हुए एक से अधिक विवाह करने का आरोप सिपाही हरेंद्र राम पर लगा है. सिपाही पर यह आरोप उसकी चौथी पत्नी ने लगाया है. चौथी पत्नी को जब अपने पति के इन कारनामों की भनक लगी तो उसने परिवार न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई. दर्ज शिकायत में कहा गया है कि हिंदू विवाह परंपरा और कानूनों का उल्लंघन करते हुए हरेंद्र ने इन शादियों के बारे में न तो अपनी पूर्व की पत्नियों को कोई जानकारी दी और न ही नियोक्ता को इसकी सूचना है. अदालत में दायर याचिका में हरेंद्र की चौथी पत्नी ने उसकी अब तक हुई सभी शादियों की जानकारी दी है. इसके हिसाब से उसने साल 2008 से लेकर 2021 के बीच यह पांच शादियां कीं. पहली शादी साल 2008, फिर 2010 में दूसरी शादी, साल 2014 में तीसरी और 2017 में चौथी शादी रचाने के बाद उसने अंतिम शादी 2021 में की. चौथी पत्नी ने सीआरपीएफ की बटालियन बी/09 को चिट्ठी लिखकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर हरेंद्र पर विभागीय जांच हो रही है. चिट्ठी के हिसाब से सिपाही हरेंद्र ने कानूनों का उल्लंघन किया है. इसके लिए उसे हिंदू विवाह अधिनियम- 1955, सिविल सेवा (आचरण) नियमावली-1964 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अधिनियम 1949 के तहत अपराधी माना गया है. हरेंद्र ने इन नियमों और अधिनियमों में दर्ज आदेशों और की अवज्ञाओं का उलंघन किया है.

जवान का कारनामा तब सामने आया, जब चौथी पत्नी की एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल होने लगी. इस चिट्ठी में जवान की करतूतों के बारे में बताया है कि कैसे उसने पहली पत्नी को धोखे में रखकर दूसरी, तीसरी और चौथी शादियां रचाईं. चौथी पत्नी ने पति की पांचवीं के बाद यह राज खोला है. शादी करने के कारण चर्चा में आए हरेंद्र राम का चिट्ठी में गांव या मोहल्ले का जिक्र नहीं किया गया है, लेकिन आरा कोर्ट के वकील इसे सही बता रहे हैं.

## अब ट्रेनों में टीटीई नहीं कर सकेंगे मनमानी, त्क्र्कोड से यात्री का काम ऐसे होगा आसान

**पटना, एजेंसी।** अब रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में टीटीई की मनमानी नहीं चलेगी. कोई टीटीई अगर निजी स्वार्थ के कारण किसी यात्री को जानबूझकर परेशान करते हैं. तो वे तुरंत पकड़े जायेंगे. रेलवे ने इस तरह की घटना व शिकायतों पर नियंत्रण करने के लिए ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स की शुरुआत की है. सोनपुर रेल मंडल की तरफ से शनिवार को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से संबंधित एक क्यूआर कोड सभी जगहों पर लगा दिया है.

इसके जरिए टीटीई को अपनी ड्यूटी, टिकट जांच व जुर्माना वसूली आदि का पूरा ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करना है. उन्हें अपनी तस्वीर भी पोस्ट करनी है. इसके जरिए कम से कम दो दिन का ब्योरा अपलोड करना अनिवार्य किया गया है. सोनपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम रौशन कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट की तर्ज पर ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स चलाया जा रहा है. इसे लेकर एक विशेष क्यूआर कोड तैयार कराया गया है, जिसे मुजफ्फरपुर समेत सोनपुर रेल मंडल के अधीन सभी छोटे-बड़े स्टेशनों पर लगाया गया है. जहां बाकी है, उन स्टेशनों पर भी आने वाले दिनों में लगा दिया जाएगा. सीनियर डीसीएम ने बताया



कि क्यूआर कोड से रेलवे के अधिकारी के साथ आम यात्री भी टिकट चेकिंग की जानकारी और पूरा ब्योरा ले सकते हैं. क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चलेगा कि कौन टीटीई कहां, कितने यात्रियों को टिकट निर्गत किया. साथ ही किस स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है, उसकी भी जानकारी मिलेगी. टीटीई बड़े स्टेशनों पर टिकट चेकिंग तो करते हैं, लेकिन छोटे-छोटे स्टेशनों पर टिकट चेकिंग नहीं हो पाती, जिसका फायदा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री उठाते हैं. इससे रेलवे को राजस्व का नुकसान होता है. अब ऑपरेशन ब्लैक बॉक्स से टीटीई को अपनी भौतिक स्थिति की जानकारी अपलोड करनी होगी, जिसकी निगरानी मुख्यालय से की जाएगी.

## बिहार के रोहतास और औरंगाबाद में ये बाइपास जानिए कबतक बनेंगे, मोहनिया-चौसा नेशनल हाइवे की भी आयी जानकारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में रोहतास जिला के दावथ और नासरीगंज सहित औरंगाबाद जिला के दाउदनगर में बाइपास बनाये जायेंगे. इसके साथ ही मोहनिया से चौसा एनएच का निर्माण होगा. इन सभी सड़कों का निर्माण 2025 तक पूरा होने की संभावना है. दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर बाइपास का निर्माण एनएच-120 को कनेक्टिविटी देने के लिए किया जायेगा. फिलहाल इन सभी बाइपास के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. इन सड़क प्रोजेक्ट का मकसद दावथ, नासरीगंज और दाउदनगर में लगने वाली जाम से छुटकारा दिलाना और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा दिलाना है. बाइपास बनने से गाड़ियों का आवागमन शहरों के बाहर से होगा. इसके साथ ही भोजपुर-डुमरांव-दाउदनगर एनएच-120 पर लोगों को आवागमन में सुविधा होगी. इन बाइपास का निर्माण 2025 में पूरा होने की समयसीमा है. एनएच 319ए का निर्माण दो चरणों में होना है. इसमें पहले चरण में मोहनिया से चौसा तक करीब 45 किमी लंबाई में दो लेन की सड़क का



निर्माण हो रहा है. इसे 2025 तक पूरा होने की संभावना है. इसी एनएच के दूसरे खंड में चौसा से बक्सर के बीच फोरलेन सड़क का निर्माण होना है.

यह सड़क बक्सर शहर के दक्षिण से होते हुए लालगंज के सामने बक्सर-इटाढ़ी रोड को पार करते हुए कथकौली गांव के पास पटना-बक्सर एनएच 922 से मिल जाएगी. इसका निर्माण पूरा होने के बाद पटना, बिक्रमगंज, दिनारा, कोचस और मोहनिया की तरफ से आने-जाने वाले वाहन बिना बक्सर शहर में प्रवेश किए आगे का सफर तय कर सकेंगे. इससे बक्सर शहर में जाम की समस्या का समाधान हो सकेगा. मुजफ्फरपुर बाइपास का काम भी तेजी से करने का निर्देश दिया गया है. इस बाइपास का निर्माण कार्य इस साल ही पूरा हो जाने की संभावना है. इस बाइपास के बनने से मुजफ्फरपुर शहर पर से ट्रैफिक का दवाब कम होगा और पटना से नेपाल, पूर्णिया व गोपालगंज होकर यूपी जाने में भी सहूलियत होगी.

# वन मंत्रालय को बिहार में जमीन के बदले चाहिए जमीन, 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजना अधर में



**पटना, एजेंसी।** वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से लगायी गयी नयी शर्त के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अटक गयी हैं. इन परियोजनाओं पर काम शुरू करने के लिए तत्काल 650 हेक्टेयर गैर वन भूमि की जरूरत है. जिसके लिए बड़े पैमाने पर वन भूमि की जरुरत है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने वन भूमि के उपयोग के बदले राज्य सरकार के सामने गैर वन भूमि देने की शर्त रख दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की इस शर्त के आगे बिहार सरकार बेवश है. इस शर्त ने राजमार्ग निर्माण की रफ्तार रोक दी है. वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से इस शर्त को रखे जाने के कारण बिहार में 50 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं अधर में लटक गई हैं. बिहार सरकार का कहना है कि बिहार जैसे सघन आबादी वाले राज्य में इस नियम का पालन होने पर सड़क निर्माण ही नहीं हो सकता है.

बिहार सरकार का कहना है कि इतनी जमीन मुहैया कराना उसके लिए संभव नहीं है. पहले सड़क निर्माण में वन भूमि का उपयोग किया जाता था, तो गैर वन भूमि देने की बाध्यता नहीं थी. पूर्व के नियमानुसार जितने पेड़ों की कटाई होती थी, उसकी दोगुनी संख्या में पेड़ लगाने के लिए पैसे देने पड़ते थे. इसके अलावा शुद्ध वर्तमान दर (नेट प्रेजेंट वैल्यू) के अनुसार सरकार को साढ़े छह लाख प्रति हेक्टेयर की दर से नकद राशि जमा करनी पड़ती थी, लेकिन अब केन्द्र सरकार के वन मंत्रालय ने इसमें एक नई शर्त जोड़ दी है. पेड़ लगाने का पैसा और नकद राशि के साथ ही यह नियम बना दिया गया कि जितनी वन भूमि का उपयोग होगा, उतनी (समतुल्य) जमीन सरकार को उपलब्ध करानी होगी, ताकि वहां हरित क्षेत्र विकसित किया जा सके. हालांकि इस शर्त का बिहार सरकार पहले ही विरोध कर चुकी है.

देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में सड़क निर्माण के लिए पहले से ही जमीन मिलने में परेशानी हो रही है. ऐसे में वन भूमि के बदले गैर वन भूमि कहां से और कैसे दी जा सकती है. अगर इस शर्त का पालन किया जाए तो बिहार में सड़क निर्माण का काम अटक जाएगा. राज्य सरकार का यह भी कहना हैकि जिन सड़क परियोजनाओं को परिवेश पोर्टल पर नए नियम के लागू होने के पहले अपलोड कर दिया गया है, उस पर इस शर्त को लागू नहीं किया जाए, लेकिन वन विभाग केंद्र को भेजी गई तमाम सड़क परियोजनाओं पर इस नियम को लागू कर रहा है.

नई शर्त में राज्य की कई परियोजनाएं अटक गई है. वाराणसी-कोलकाता छह लेन एक्सप्रेस वेके लिए 140.71 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. आरा-सासाराम के लिए 28.89 हेक्टेयर तो सरवन-चकाई के लिए 19.87 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है. एनएच 227ए मेहरौना घाट सेसीवान (रामजानकी मार्ग) के लिए 24.13 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# हाथरस के सबक

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मची भगदड़ के कारण इतनी बड़ी संख्या में हुई श्रद्धालुओं की मौत तकलीफदेह तो है ही, हमारे तंत्र पर एक बड़ा सवाल भी है। ऐसे हादसे अपने देश के लिए नए नहीं हैं, समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसी खबरें आती रहती हैं। इन घटनाओं का दोहराव बताता है कि इनसे जरूरी सबक लेकर कारगर कदम उठाने का काम ठीक से नहीं हो रहा। जहां तक हाथरस में हुई घटना की बात है तो शुरू में इसे लापरवाही का नतीजा ही माना जा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा करने और पीड़ितों से बातचीत समेत सभी संभव स्रोतों से ब्यौरा लेने के बाद कहा है कि इसके पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच टीम मामले की तह तक जाकर इससे जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल करेगी और इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने के साथ ही बचाव के कारगर उपाय भी सुझाएगी। जो शुरुआती तथ्य अब तक सामने आए हैं वे भी कई अहम सवाल खड़े करते हैं। मिसाल के तौर पर बकौल खुद मुख्यमंत्री, सेवादारों की भूमिका संदेह के दायरे में है। कहा जाता है कि कुछ सेवादारों ने भक्तों को धक्के दिए। इससे भगदड़ के हालात बने। कुछ हलकों में भक्तों पर पानी छोड़ने की बात कही जा रही है जिससे कीचड़ बनी और कई महिलाएं उसमें गिरीं। प्रशासन के स्तर पर पर्याप्त इंतजाम न होने की शिकायतें भी हैं। निश्चित रूप से प्रशासनिक व्यवस्था की कमियां दूर करने, एसओपी तैयार करने और उस पर अमल सुनिश्चित करने का काम तत्काल प्रभाव से शुरू होना चाहिए, लेकिन जिन वजहों से और जितनी बड़ी संख्या में लोग इस सत्संग के लिए इकट्ठा हो गए, उन्हें भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। मसलन, सत्संग के लिए आए कुछ लोगों ने बताया कि वे यह देखने आए थे कि ये बाबा इंसान हैं या भगवान। किन-किन तरीकों से ऐसे बाबाओं का समाज में क्रेज बनाया जाता है, उसे समझना भी समस्या को हल करने की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। भारत जैसे देश में आस्था की बड़ी जगह है। हर व्यक्ति की आस्था का सम्मान हर हाल में होना भी चाहिए। लेकिन यह याद रखना भी जरूरी है कि आस्था और अंधविश्वास में बड़ा बारीक लेकिन महत्वपूर्ण अंतर होता है। आस्था के नाम पर समाज में अंधविश्वास फैलाने और लोगों के विश्वास का बेजा फायदा उठाने की इजाजत किसी को नहीं होनी चाहिए।

# मेहरबान मानसून

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की यह घोषणा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून समय से छह दिन पहले ही पूरे देश में सक्रिय हो गया है, एक सुखद सूचना है। खासकर हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के बाकी हिस्सों में भी इसकी सक्रियता किसानों के साथ-साथ देश के नीति-नियंताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। केरल में यह अपेक्षित समय से दो दिन पहले ही 30 मई को झमाझम बरसने लगा था, मगर महाराष्ट्र के आगे इसकी रफ्तार के मद्धम पड़ जाने से उत्तर भारत के तमाम राज्यों में तापमान ने नए रिकॉर्ड बना डाले और लू के थपेड़ों ने लोगों को काफी परेशान किया। कई लोग इसकी वजह से अकाल ही मौत के शिकार बन गए। ऐसे में, मानसूनी बारिश ने लोगों को कुदरती दाहकता से निजात दिलाई है। अच्छा मानसून अर्थव्यवस्था के लिए किसी नेमत से कम नहीं होता, क्योंकि खास तौर पर ग्रामीण आर्थिकी पर इसका सकारात्मक असर देखा जाता है और नई फसल के कटने के साथ आने वाले त्योहारी मौसम में वहां से मांग में वृद्धि दर्ज की जाती है। मगर आईएमडी की इस सुकूनदेह घोषणा में एक ऐसा पहलू भी है, जो केंद्र व राज्य सरकारों को चिंता में डालने वाला है, बल्कि पूर्वोत्तर में हम उसका असर देख भी रहे हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि इस महीने पूर्वी और मध्य भारत में भारी बारिश बाढ़ की स्थिति पैदा कर सकती है। असम में अब तक छह लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं और 30 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। राज्य के 35 में से 19 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। यह संतोष की बात है कि राज्य का आपदा प्रबंधन महकमा युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है और प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने व फंसे हुए लोगों तक भोजन-पानी पहुंचाने का काम कर रहा है। परेशानी की बात यह है कि मौसम विभाग ने अरुणाचल और असम के कुछ इलाकों में आगे भी भारी बारिश की आशंका जताई है। ऐसे में, वहां हालात के और गंभीर होने का अंदेशा है। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे राज्यों का एक बड़ा इलाका लगभग हरेक साल ही बाढ़ की त्रासदी झेलता है।

# आगामी पांच वर्षों में भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है दुगना

**(प्रह्लाद सबनानी)**

भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401च योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत

> *भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं।*

में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा। पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है। पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है।

# क्या आपसी भिड़ंत से आगे भी बढ़ेगी संसद

**(राज कुमार सिंह)**

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर से साफ है कि चुनाव के एक महीने बाद भी दोनों पक्ष चुनावी मानसिकता से नहीं उबर पाए हैं। अन्य वक्ता भी इस सोच से मुक्त नहीं दिखे। पिछली दो लोकसभाओं में सत्ता पक्ष का जबरदस्त बहुमत था। 2014 में 16वीं लोकसभा में भाजपा ने तीन दशक लंबे अंतराल के बाद अकेले दम बहुमत हासिल कर सबको चौंका दिया था। वहीं, 17वीं लोकसभा में उसकी सीटें बढ़कर 303 हो गईं। फिर भी उसने एनडीए सरकार बनाकर दूरदर्शिता का परिचय दिया। लेकिन, दोनों ही लोकसभाओं में नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति से सत्तापक्ष और विपक्ष के रिश्तों में खटास का अंदाजा लगाया जा सकता है। लंबे अरसे से लोकसभा में डेप्युटी स्पीकर पद विपक्ष को देने की भी परंपरा रही। 16वीं लोकसभा में भाजपा ने यह पद अपने मित्र दल एआईएडीएमके को दिया तो 17वीं लोकसभा में यह संवैधानिक पद खाली ही रह गया। इस बार भाजपा ने ओम बिड़ला को ही स्पीकर बनाना पसंद किया है। डेप्युटी स्पीकर पद पर अभी तक खामोशी है। विपक्ष ने साफ कहा है कि अगर उसे परंपरा के अनुरूप डेप्युटी स्पीकर पद नहीं मिला तो वह अयोध्या से जीते अवधेश प्रसाद को उम्मीदवार बनाएगा। चुनाव परिणामों से हार-जीत का फैसला हो जाने के बाद भी सत्तापक्ष और विपक्ष परस्पर शक्ति परीक्षण का कोई मौका चूकते नहीं दिख रहे। नई लोकसभा का पहला सत्र इसका प्रमाण रहा। पहले तो नीट में हुए कथित घोटाले पर चर्चा को लेकर लोकसभा में हंगामा हुआ। बाद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई तो देश-समाज के ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर विमर्श के बजाय एक-दूसरे पर राजनीतिक निशाने साधे गए। ऐसा लगा कि दोनों पक्ष चुनाव प्रचार की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं या फिर इसी साल अक्तूबर में होने वाले हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड तथा अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गए हैं। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर लगभग 18 घंटे की चर्चा देश-समाज के सरोकारों से परे दोनों पक्षों के राजनीतिक निहितार्थों पर केंद्रित रही, जो संसदीय लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं। चार जून को आए लोकसभा चुनाव परिणाम किसी भी पक्ष की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे। ज्यादातर राजनीतिक प्रेक्षकों का आकलन रहा कि जनता ने सत्तापक्ष को नियंत्रण में लाते हुए और विपक्ष को ताकत देते हुए परस्पर समन्वय से संसद और सरकार चलाने का जनादेश दिया है। लेकिन, संसद में आचरण-व्यवहार से नहीं लगता कि दोनों में से कोई भी पक्ष ऐसा करने के मूड में है। नई लोकसभा के पहले ही सत्र में सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के प्रति उपेक्षापूर्ण और असम्मानजनक व्यवहार दिखाया है। इससे आशंकाएं गहराने लगी हैं कि संसद कहीं और पांच साल दलों और नेताओं की कटुता और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की बंधक तो नहीं बनी रहेगी? राष्ट्रपति का अभिभाषण केंद्र सरकार तैयार करती है। स्वाभाविक ही उसमें सरकार की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं का गुणगान होता है, पर दलों और उनके सांसदों से अपेक्षा की जा सकती है कि वे उस पर चर्चा करते हुए भी देश-समाज के समक्ष मौजूद ज्वलंत मुद्दों से मुंह न चुराएं। दो लोकसभाओं के बाद इस बार राहुल गांधी के रूप में सदन को नेता प्रतिपक्ष मिला। धन्यवाद प्रस्ताव पर एक जुलाई को उनके डेढ़ घंटे से भी लंबे भाषण की चर्चा भी बहुत है। राहुल की राजनीतिक समझ, भाषण शैली और आत्मविश्वास में सुधार दिखता है। उन्होंने साल भर से भी ज्यादा समय से जातीय हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर से लेकर 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़े नीट समेत जनहित के कई मुद्दे भी उठाए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5424

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5423

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

# आज का राशिफल

### मेष

आज लाभ का दिन है और आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से मन को प्रसन्नता होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी। स्थान परिवर्तन के योग हैं और उसमें आपको लाभ और तरक्की होगी। आपके पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का आयोजन होगा और आपको खुशी होगी।

### वृष

आज आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक विकास का योग अच्छा है और आपको करियर में सफलता मिलने के योग हैं। कारोबार में कोई खास डील फाइनल हो सकती है। शुभ योग के निर्माण से आज आपको व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और लाभ होगा।

### मिथुन

आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### तुला

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपको खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आयेंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक

आज दिन लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके घर में सुख समृद्धि के योग हैं। कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु

आज का दिन हर काम को सावधानी से करने का है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### कर्क

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। धर्म और आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। आपको इनको इग्नोर करना है। रात का समय मंगल कार्यों में बीतेगा।

### सिंह

आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार आपको काफी लाभ देगा। घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आपको अपने संतान के करियर के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। हाथ में एक साथ कई काम लेने से आपकी परेशानी बढ़ सकती है। सावधान रहें।

### कन्या

आज बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नये कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### मकर

आज लाभ होगा। जो भी कार्य अपने हाथ में लेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें। परिवार के मामले में कोई ऐसा फैसला न करें कि आपको लेने के देने पड़ जाएं।

### कुंभ

आज आर्थिक मामलों में आज का दिन बहुत लाभ होगा। आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें और अपने काम पर फोकस करें। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

### मीन

आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सही करें तो आपको लाभ होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## वर्ग पहेली 5424

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | 10 |
| 11 | ■ | 12 | | | ■ | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | | | ■ | 20 | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 22 | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | ■ | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1979 के दिन इस तत्कालीन राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग की थी (8)
6. राज्याभिषेक, सिंहासनारूढ़ हो जाने के समय युवराज के मस्तक पर लगाया लाने वाला टीका (3)
7. स्वीकार करना, मानना (3)
9. अस्वजन, अपरिचित, अनजान, पराया (3)
12. गीत गाने या बोलने का ढंग, शब्दों को उच्चारण करने का खासा ढंग (3)
14. यह मध्यप्रदेश के प्रांत का नगर एवं संभाग है जो प्रदेश प्रांत के विंध्य पठार के एक हिस्से का निर्माण करता है (2)
15. फायदा, मुनाफा, प्राप्ति (2)
17. दौड़ने वाला, धावक (3)
19. दादा का पिता, प्रतितामह (4)
20. विरूद्ध, प्रतिकूल, उलटा (3)
22. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
23. जिसके पार अपार संपत्ति हो, धनपति, मालामाल, धनाढ्य (3)
24. पृथ्वी, जमीन, सीता की एक सहेली का नाम (1)

**ऊपर से नीचे**

1. लोक व्यवहार हेतु नियत किया गया आचार, बर्ताव का ढंग (2)
2. प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (3)
3. मान्य और सर्वप्रिय, पसंद किया हुआ (4)
4. सजीव रहना, जिंदा रहना, जीवित होना (2)
5. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
8. जो सीधा न जाकर बल खाता हुआ गया हो (5)
10. अनजान, अपरिचित, अज्ञात (4)
11. तानयुक्त स्वरों में आरंभिक धुन प्रदर्शन (3)
13. प्राणतत्व, जीवन, जानकारी, पहचान (2)
16. ऋण मोचन, क्षतिपूर्ति, भुगतान, आवक पत्र (4)
18. पहरेदार या रक्षक को यह भी कहा जाता है (3)
21. उर्दू का एक अक्षर, अलक, जुल्फ, फौज का दस्ता, दूर, दूरी पर, समूह (2)

### वर्ग पहेली 5423 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रो | मा | नि | या | ■ | कु | श | ल |
| ज | न | ■ | द | ह | श | त | ■ |
| ना | ना | ना | ■ | ल | व | ■ | था |
| म | ■ | पा | स | ■ | ती | त | र |
| चा | बु | क | ■ | व्यो | ■ | बा | ■ |
| ■ | डा | ■ | ना | म | ज | द | गी |
| ■ | पे | प | र | ■ | म | ला | ■ |
| ड | स्ट | र | ■ | मी | ना | ■ | ■ |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# प्रदेश के 13 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर संशय, एनएमसी की ओर से अभी तक नहीं मिली है मान्यता



**लखनऊ , एजेंसी।** प्रदेश के 13 नए मेडिकल कॉलेजों की मान्यता पर इस वर्ष भी संशय है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की टीम निरीक्षण कर चुकी है। इसके बाद भी अभी तक किसी भी कॉलेज को मान्यता नहीं दी गई है। इसके पीछे बड़ी वजह कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कमी है तो एक ही प्रधानाचार्य के पास दो-दो कॉलेजों का चार्ज है। प्रदेश में 13 राज्य स्वशासी मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। ये कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, ओरैया, सोनभद्र, बुलन्दशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली, लखीमपुर खीरी जिले में हैं। इन्हें संचालित करने के लिए वर्ष 2023-24 से तैयारी चल रही है। उम्मीद थी कि सत्र 2024-25 में इन कॉलेजों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति मिल जाएगी। इससे प्रदेश में एमबीबीएस की 1300 सीटें बढ़ जाती, लेकिन अब यह उम्मीद खत्म होती नजर आ रही है। क्योंकि 24 जून को एनएमसी की टीम के स्थलीय निरीक्षण में आधारभूत संरचना से लेकर संकाय सदस्यों तक की कमी मिली। फिर सप्ताहभर बाद वर्चुअल सुनवाई हुई। इसके बाद भी अभी तक एनएमसी ने मान्यता संबंधी पत्र जारी नहीं किया है। इन कॉलेजों की मान्यता नहीं मिलने की स्थिति में प्रदेश में 31 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 3828 सीटों और निजी क्षेत्र की 5450 सीटों पर काउंसिलिंग की तैयारी चल रही है। इसी तरह बीडीएस की सरकारी क्षेत्र की 70 और निजी क्षेत्र की 2200 सीटों पर काउंसिलिंग कराई जाएगी।

### एक प्रधानाचार्य के पास दो- दो कॉलेज का चार्ज, कैसे दें घोषणा पत्र

सूत्रों की मानें तो कालेज के सभी चिकित्सा शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को घोषणा पत्र देना होता है। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि संबंधित शिक्षक अन्य किसी कॉलेज में अध्यापन नहीं कर रहे हैं। एनएमसी की टीम ने दो-दो कॉलेजों का प्रधानाचार्य बनने वाले प्रोफेसरों से घोषणा पत्र भरवाया तो पूरे मामले की पोल खुली। कई प्रोफेसरों ने घोषणा पत्र भरने से आनाकानी की। ऐसे में दोबारा वर्चुअल निरीक्षण भी हुआ है। सूत्रों की मानें तो कई कॉलेजों में कार्यवाहक प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत प्रोफेसर संबंधित पद की योग्यता भी नहीं रखते हैं। कई प्रधानाचार्यों को उनके गृह क्षेत्र में भी तैनाती दी गई है और वे दो-दो कॉलेज का कार्यभार देख रहे हैं। इस पर भी एनएमसी ने आपत्ति की है। फिलहाल पांच जुलाई को चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय ने फिरोजाबाद, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, औरैया, लखीमपुर खीरी, ललितपुर और जौनपुर के प्रधानाचार्य पद के लिए आवेदन मांगा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 जुलाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना एक्सप्रेस वे के इंटरचेंज पर बने गड्ढे में डूबे चार बच्चों की मौत

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर बने गड्ढे में नहाने गए तीन बच्चों को डूबते देख महिला सहित 6 लोग बचाने के लिए पानी मे कूद गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में सभी डूबने लगे। घटना की जानकारी पर पहुंचे ग्रामीण व पुलिस ने सभी को बाहर निकाला, जिनमें चार बच्चों की मौत हो गई। वहीं अन्य लोगों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा गया है। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्रीय विधायक भी मौके पर पहुंच गए। खंदौली यमुना एक्सप्रेस वे इंटरचेंज पर कानपुर व आरैया के रहने वाले सात मजदूर परिवार विगत दिनों से यहां तम्बू लगाकर रह रहे हैं। आसपास के गावों में जाकर समान बचते थे। रविवार सुबह पास में ही बने पानी से भरे गड्ढे में तीन बच्चे हिना, खुशी व चांदनी नहाने के लिए कूद गए। कुछ ही देर बाद तीनों डूबने लगे। आवाज सुनकर परिवार की महिला नगीना पत्नी छिग्गा, अनुराधा, रागिनी, प्राची, सनी व रिया भी कूद गईं। सभी डूबने लगे, जिन्हें देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों ने रस्सी डालकर सभी को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। जिनमें हिना, खुशी, चांदनी और रिया की मौत हो गई। अन्य सभी को उपचार के लिए भेज दिया गया है। घटना की सूचना पर एसीपी और विधायक भी पहुंच गए।

### ट्रेन से कटा मवेशी, 25 मिनट खड़ी रही ट्रेन

**रायबरेली , एजेंसी।** अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल की चपेट में आने से एक मवेशी कट गया। इससे ट्रेन को रोकना पड़ा। ट्रैक क्लियर करने में समय लगा, जिससे 25 मिनट तक गाड़ी बीच रास्ते में खड़ी रही। शनिवार को अमृतसर से हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल रायबरेली स्टेशन पर आधे घंटे देर से पहुंची। कुछ मिनट रुकने के बाद ट्रेन आगे बढ़ी। अगला स्टॉपेज अमेठी के जायस स्टेशन पर था, लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। रायबरेली-रूपामऊ स्टेशनों के बीच पंजाब मेल से मवेशी कट गया, जिससे ट्रेन को रोक दिया गया। इससे ट्रेन की लेटलतीफी बढ़ गई। ट्रैक क्लियर होने के बाद पंजाब मेल रवाना की गई, लेकिन जिससे यह गाड़ी जायस स्टेशन पर एक घंटे विलंब से पहुंची। यातायात निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि रायबरेली-रूपामऊ स्टेशनों के बीच पंजाब मेल की चपेट में आने से एक मवेशी कट गया। हादसा दोपहर 12.48 बजे हुआ। ट्रैक क्लियर करने के बाद ट्रेन रवाना की गई।

### पेड़ गिरने से टूटे तार

**रायबरेली।** बारिश और हवा से जिले की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई। शुक्रवार रात नौ बजे शहर में आईटीआई रोड डायट के पास पेड़ गिरने से चार खंभे टूट गए। तार जमीन पर बिखर गया। इससे कई मोहल्लों की चार घंटे बिजली गुल रही। बिजली गुल होने से गोराबाजार, पीएसी, सिविल लाइंस, मलिकमऊ, जवाहर बिहार कॉलोनी समेत 15 मोहल्लों के लोग गर्मी और उमस से बेहाल रहे। पावर कॉर्पोरेशन के अभियंताओं ने जगतपुर विद्युत उपकेंद्र की 33 केवी लाइन से जोड़कर रात करीब एक बजे बिजली बहाल कराई। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र उत्तरपारा से निकले मधुपुरी फीडर में कई जगह पेड़ गिरने से शाम छह बजे से रात 12 बजे तक बिजली गुल रही। इससे सुलखियापुर, खनुवा, नथईपुर, समेत 20 गांवों की बिजली गुल रही। उपभोक्ता अजय कुमार मौर्य, अजय यादव, चंद्रभान सिंह ने बताया कि 24 घंटे में महज आठ घंटे बिजली मिल रही है।

### पेड़ गिरने से केबल टूटी, आठ घंटे बिजली गुल

**बछरावां।** ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार रात तीन बजे के करीब बारिश से मंदाखेड़ा गांव के पास पेड़ गिर गया। इससे बिजली की केबल टूट गई। इससे पूरे गांव की बिजली गुल हो गई। ग्रामीण राजकुमार, बंसीधर तिवारी, रतीपाल ने बताया कि बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर से निकली केबल पर पेड़ गिर गया। इससे रातभर बिजली नहीं आई। शनिवार सुबह 11 बजे बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। अवर अभियंता देवेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश के कारण पेड़ गिरा था। केबल जोड़वाकर बिजली बहाल करा दी गई है।

# युवक का शव ईदगाह के पास तालाब किनारे झाड़ियों में मिला, परिजन ने लगाया अवैध संबंधों के चलते हत्या का आरोप

**आगरा , एजेंसी।** एटा के थाना जसरथपुर क्षेत्र के गांव महाराजपुर निवासी एक युवक का शव शुक्रवार की देर रात कस्बा व थाना अलीगंज में ईदगाह के पास तालाब किनारे झाड़ियों में मिला। गांव की ही एक महिला से अवैध संबंधों के चलते हत्या का आरोप परिजन ने लगाया। जिस पर पुलिस ने महिला सहित दो को गिरफ्तार कर लिया है। पंकज (28) निवासी महाराजपुर थाना जसरथपुर का शव शुक्रवार रात मिला। पुलिस ने परिजन को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां सुषमा देवी ने गांव की ही राजकुमारी व तीन अन्य लोगों पर बेटे की हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया। बताया कि पंकज के इस महिला के साथ संबंध थे। 1 जुलाई को पंकज अपने खेत के इकरारनामा को निरस्त कराने की जानकारी लेने के लिए अलीगंज तहसील गया था। अपने साथ परिवार के ही चाचा सौरव और तहेरे भाई सचिन को भी ले गया था। दोपहर बाद लगभग 3 बजे महिला का कॉल उसके फोन पर आई। इस पर कुछ देर में वापस लौटने की कहकर बाइक लेकर चला गया। जब देर शाम तक वह नहीं लौटा तो सौरव और सचिन घर लौट आए। जिसके बाद हम लोगों ने आसपास भी ढूंढा मगर कोई सुराग नहीं लगा। 4 जुलाई को थाना जसरथपुर में ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। सीओ अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इनमें से राजकुमारी व उसके भतीजे अनीश को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं राजकुमारी का ननदोई राजीव व उसका बेटा विनय फरार चल रहा है। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। फरार आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### पंकज व राजकुमारी के मधुर संबंधों से नाराज था ननदोई

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि राजकुमारी व पंकज के घर आमने-सामने होने से मधुर संबंध बन गए थे। इससे राजकुमारी का ननदोई राजीव और उसके परिजन नाराज रहते थे। राजीव ने कई बार दोनों को समझाया था, लेकिन पंकज नहीं माना। राजीव ने राजकुमारी पर दबाव बनाकर पंकज को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 1 जुलाई को फोन करके उसे अलीगंज में खेत पर बुलाया। जहां मफलर से उसका गला घोट दिया। हत्या करने के बाद शव को ईदगाह के पास झाड़ियों में फेंक दिया।

# कानपुर में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ले रहा आकार

### 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश



**लखनऊ , एजेंसी।** कभी पूरब का मैनचेस्टर कहा जाने वाला कानपुर आने वाले दिनों में आयुध नगरी के रूप में विख्यात होने जा रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपी डीआईसी) तेजी से आकार ले रहा है। यूपी डीआईसी के प्रदेश में छह नोड हैं, जिसमें कानपुर नोड में सर्वाधिक निवेश हो रहा है। कानपुर नोड में सबसे बड़े पैमाने पर रक्षा क्षेत्र से जुड़े उत्पादों का निर्माण होगा। इसमें छोटे-बड़े हथियारों से लेकर गोला-बारूद और देश की सेना के लिए अत्याधुनिक वस्त्रों का निर्माण भी शामिल है। यही नहीं कानपुर नोड में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े उपकरणों को भी निर्मित किया जाएगा।

### अदाणी समूह बना रहा गोला-बारूद

कानपुर के नरवल तहसील अंतर्गत साढ़ में 218 हैक्टेयर से अधिक भूमि पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर आकार ले रहा है। यूपीडा के अधिकारियों के अनुसार अब तक यहां 24 कंपनियों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है, जिसमें से पांच कंपनियों ने निवेश शुरू करते हुए कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसमें सबसे बड़ा नाम अदाणी समूह का है, जिसने बीते फरवरी माह से ही यहां अपनी फैक्ट्री शुरू कर दिया है। 1500 करोड़ रुपए के निवेश से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के जरिए छोटे, मध्यम और बड़े कैलिबर के गोलाबारूद के विविध रेंज का निर्माण किया जाएगा। वहीं इसके अलावा 38 करोड़ रुपए से आधुनिक मैटेरियल एंड साइंसेज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सैनिकों के लिए अत्याधुनिक वस्त्रों के निर्माण का कार्य भी शुरू हो चुका है। वहीं 360 करोड़ रुपए से नेत्र ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड आर्टलरी शेल का निर्माण करेगी और 3500 करोड़ रुपए से अनंत टेक्नोलॉजी एलईओ और जीईओ सैटेलाइट निर्माण से जुड़े उपकरण तैयार करेगी।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर सरकार खर्च कर रही 62 करोड़ रुपए से अधिक

यूपीडा के अधिकारियों के अनुसान कानपुर नोड के लिए अब तक 210 हैक्टेयर से अधिक भूमि अलॉट की जा चुकी है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के कानपुर नोड से कुल 18 हजार से भी अधिक रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। वहीं अब तक कुल 17 सौ करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतर भी चुका है, जिससे फिलहाल ढाई हजार रोजगार युवाओं को प्राप्त हुए हैं। कानपुर नोड में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए योगी सरकार 62 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी। इसमें से लगभग 33 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा 16 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य निर्माणाधीन हैं। वहीं 13 करोड़ से अधिक के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है।

### बिजली गिरने से दो किसानों की मौत

**गदागंज-बछरावां (रायबरेली)।** बारिश के बीच बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई। अचानक हुई इन घटनाओं से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के साथ राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनाओं की जांच की। तहसील प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को सरकारी मदद दिलाने की बात कही गई है।

गदागंज थाना क्षेत्र के बड़ा पुरवा गौरा हरदो निवासी राज बहादुर उर्फ संतोष (45) पुत्र राम सहाय शुक्रवार देर रात धान की रोपाई के लिए नहर से खेत में पानी भरने गया था। इसी दौरान मौसम का मिजाज बदला। बारिश होने लगी। बिजली गिरने से संतोष झुलस गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

कुछ देर बाद संतोष घर नहीं पहुंचा तो परिजन मौके पर पहुंच गए। इस दौरान संतोष मृत अवस्था में खेत में पड़ा था। पत्नी पूनम ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक किसान के साथ राजगीर भी था। उसकी मौत से पत्नी, बेटे रितिक कुमार (23), सतीश कुमार (21), दो बेटी प्रतिमा (17) व प्रतिभा (15) का रो-रोकर बुरा हाल है। तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव ने बताया कि बिजली गिरने से किसान की जान गई है। लेखपाल एवं नायब तहसीलदार शिवम सिंह राठौर को जांच के लिए भेजा गया है। पीड़ित परिवार को सरकारी मदद दिलाई जाएगी।

बछरावां कोतवाली क्षेत्र के चिलौली मजरे सुल्तानपुर गांव निवासी छंगालाल (52) पुत्र संतू शुक्रवार शाम पत्नी फूलमती, बेटी आंचल, बेटे कमलेश व संजय के साथ धान की रोपाई करने खेत गया था। शाम सात बजे छंगालाल ने परिजनों को घर भेज दिया। वह खेत पर स्वयं रुक गया। इस दौरान बिजली गिरने से छंगालाल झुलस गया। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी महराजगंज पहुंचाया। सीएचसी महराजगंज में छंगालाल ने दम तोड़ दिया। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि बिजली गिरने से किसान की जान गई है।

# डॉ. निशा हत्याकांड: बच्चों के सामने काट दिया था मां का गला, बेरहम कातिल को आजीवन कारावास की सजा

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के कमला नगर में महिला चिकित्सक की चाकू से गोदकर हत्या एवं लूट के मामले में अदालत ने एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के न्यू सीता नगर निवासी शुभम पाठक को दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र रविकांत ने उसे आजीवन कारावास और 17 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

थाना कमला नगर में कावेरी कुंज निवासी डॉ. अजय कुमार सिंघल ने तहरीर दी थी। आरोप लगाया कि 20 नवंबर 2020 की शाम 5 बजे वह अपने हॉस्पिटल से घर लौटे थे। अंदर जाकर देखा तो पत्नी डॉक्टर निशा सिंघल (34) लॉबी में लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ी थीं। पत्नी की गर्दन में चाकू के गहरे घाव थे। पूरे शरीर से खून बह रहा था।

इससे घबराकर सात साल की बेटी नायशा और बेटे अदव्य को आवाज लगाई। दोनों बच्चे घर की पहली मंजिल के कमरे से घबराए, रोते नीचे आए। बच्चों ने बताया कि टीवी रिचार्ज





करने वाले शुभम अंकल पहले घर आए थे। वह अंकल आज भी घर आए थे। उन्होंने ही मां की गर्दन पर चाकू से हमला किया था। इसके बाद मां जमीन पर गिर गईं।

उन्होंने हमला करते हुए देख लिया तो उन पर भी हमला बोल दिया। मौका पाकर ऊपर वाले कमरे में घुसकर अंदर से कुंडी बंद कर ली थी। डॉ. अजय ने बताया कि बेडरूम में अलमारी का लॉक टूटा था। गहने व नकदी गायब थे। तुरंत ही पत्नी को निजी अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम पाठक के विरुद्ध हत्या, लूट और हत्या के प्रयास आदि धाराओं में केस दर्ज किया था।

तत्कालीन थानाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने वारदात वाली रात में ही मुठभेड़ में आरोपी को पकड़कर लूटे गहने, नकदी, तमंचा, कारतूस और हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से डॉ. अजय सिंघल, दोनों बच्चे और थानाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सहित 8 गवाह अदालत में पेश किए गए।

### गहने, नकदी राज्य सरकार के पक्ष में जब्त

अदालत ने सभी आरोपों की सजा साथ-साथ चलने के आदेश किए हैं। डॉ. अजय सिंघल ने अदालत से पत्नी के गहने व नकदी भी रिलीज नहीं कराई। इस बारे में अदालत ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि जब पत्नी ही नहीं रही तो गहने और रुपयों का लेकर क्या करूंगा। इस पर अदालत ने रिलीज प्रार्थनापत्र प्रस्तुत नहीं करने पर गहने व नकदी को राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करने का आदेश दे दिया।

# गोरखपुर, प्रयागराज समेत कई जिलों में भारी बारिश




**लखनऊ, एजेंसी।** गोरखपुर, प्रयागराज समेत प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। शनिवार को इन दोनों शहरों में 103 व 60 मिमी से अधिक बारिश हुई।

इसी तरह हरदोई, बाराबंकी, कानपुर, इटावा, लखीमपुर खीरी, बहराइच, शाहजहांपुर, बरेली, नजीबाबाद आदि शहरों में भी अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार को भी बरसात की तीव्रता बरकरार रहेगी। सोमवार से इसकी तीव्रता में कमी आने के आसार हैं। बारिश बंद नहीं होगी, लेकिन कम होने के आसार हैं। खास कर तराई क्षेत्रों में बारिश कम होने से बाढ़ जैसे हालात से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी।

**इन इलाकों के लिए अलर्ट:** बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास बहुत भारी बारिश के आसार हैं। वहीं देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, हरदोई, फरुखाबाद, संभल, बदायूं और आसपास भी अच्छी बरसात के संकेत हैं। इन इलाकों के लिए मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है।

### बारिश ने सड़कों को बना दिया तालाब, घरों में घुसा पानी

रविवार को राजधानी में हुई बारिश से सड़कें तालाब सी हो गई। जबकि कई इलाकों में घरों के अंदर तक पानी भर गया, जिससे लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ गईं। हालांकि, लखनऊ के कई इलाकों में झमाझम बारिश की जगह बूंदाबांदी ही हुई। दरअसल, शनिवार सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी रहा। रह-रहकर बारिश होती रही। वहीं शाम होते-होते झमाझम बारिश हो गई। इससे हजरतगंज, इंदिरानगर, गोमतीनगर सहित कई इलाकों में सड़कों पर घुटने तक पानी भर गया। वहीं कई जगहों पर बूंदाबांदी ही हुई। फैजुल्लागंज में घर के अंदर तक पानी भर गया, जिसे देर रात तक लोग घरों से बाहर निकालते रहे। बता दें कि शनिवार शाम हुई तेज बारिश जानकीपुरम सेक्टर एच, सेक्टर जी, सेक्टर एफ के. साथ कुर्सी रोड से लगे आशीष नगर, आदिल नगर, गन्ने का पुरवा, वसुंधरा विहार, आदर्श कॉलोनी, फूलबाग कॉलोनी और गायत्रीपुरम के निवासियों के लिए आफत बनकर बरसी। करीब 45 मिनट की बारिश से इन इलाकों में जलभराव हो गया। इन कॉलोनियों को जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक से दो फिट तक पानी भर गया।

### बारिश से स्कूलों में भरा पानी

**रायबरेली , एजेंसी।** बारिश के पानी ने विद्यालयों की पोल खोल दी है। जलभराव से निपटने के लिए तमाम दावे किए गए, लेकिन विद्यालय परिसर और आसपास हुए जलभराव ने मुश्किलें खड़ी कर दीं। शुक्रवार देर शाम और फिर शनिवार को हुई बारिश से जिले के परिषदीय विद्यालयों के साथ ही माध्यमिक विद्यालयों में भी हर तरफ पानी नजर आया। इससे छात्र-छात्राओं को पानी के बीच से होकर कक्षाओं में जाना पड़ा। जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 2300 है। करीब 300 परिषदीय विद्यालयों में पानी भरने की समस्या ज्यादा गंभीर रही है। इन विद्यालयों में जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ ही मिट्टी भराने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं दिखा। शहर के राजकीय इंटर कॉलेज का नजारा देखने वाला रहा, पूरा परिसर पानी से लबालब नजर आया। नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन का परिसर तालाब जैसा दिखा। कक्षाओं तक पहुंचना मुश्किल हो गया। ऐसी ही समस्या अन्य परिषदीय विद्यालयों में भी नजर आई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जलभराव वाले विद्यालय चिन्हित कराकर काम कराएंगे। जलनिकासी दुरुस्त कराने और मिट्टी भराने का काम ग्राम पंचायतों से कराया जा रहा है। बछरावां (रायबरेली)। विकास क्षेत्र के कई परिषदीय विद्यालयों में जलभराव से निपटने के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।



# पूजा भट्ट के साथ रिश्ते पर बोले रणवीर शौरी!

**हाल ही में रणवीर शौरी ने एक एक्ट्रेस के साथ अपने ब्रेकअप पर बात की है। रणवीर ने कहा कि एक एक्ट्रेस के साथ रिलेशनशिप में रहना उनकी लाइफ का सबसे बड़ा स्कैंडल बन गया था। रणवीर के इस बयान के बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि उन्होंने पूजा भट्ट के साथ अपने रिश्ते पर बात की है।**



एक वक्त पर एक्टर की पूजा के साथ लिंकअप की खबरें बहुत ज्यादा चर्चा में थीं। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में भी थे, लेकिन बाद में दोनों के रिश्ते में बहुत दूरी आ गई। बिग बॉस 3 के हालिया एपिसोड में रणवीर ने कहा कि वो 2002 में लद्दाख में फिल्म लक्ष्य की शूटिंग कर रहे थे। एक दिन घर से कॉल आया कि उनकी मां की तबीयत ठीक नहीं है। लेकिन वो शूटिंग खत्म होने से पहले छुट्टी लेकर मां के पास नहीं जा सकते थे। उन्होंने बताया कि उस वक्त वो एक एक्ट्रेस के साथ सबसे बड़े स्कैंडल में फंसे हुए थे। इस बारे में उन्होंने कहा– उस वक्त मुझे एक एक्ट्रेस के साथ जिंदगी के सबसे बड़े स्कैंडल का भी सामना करना पड़ा था। मैं इस सिचुएशन से अकेले नहीं निकल सकता था। तब भाई ने कुछ समय के लिए मुझे अपने पास अमेरिका बुला लिया। फिर मैंने अमेरिका में 6 महीने रहकर एक्टिंग कोर्स किया। उस वक्त मेरा सारा खर्चा भाई ने उठाया था। वहां से लौटने के बाद मैंने 2005 में द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो की शूटिंग की।



# 'एनिमल' के बाद मिलने लगे अच्छे प्रोजेक्ट्स

**तृप्ति डिमरी को फिल्म 'एनिमल' से पहचान मिली थी। अब वे अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विक्की कौशल और एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देंगे। ये फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। करण जौहर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। अपनी फिल्म को लेकर तृप्ति ने बातचीत की।**

### किस तरह 'बैड न्यूज' की गुड न्यूज मिली

दरअसल उन दिनों मैंने धर्मा प्रोडक्शन की टैलेंट एजेंसी को जॉइन ही किया था। एक दिन करण सर ने मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने आनंद तिवारी सर से मिलवाया। आनंद सर ने फिल्म की कहानी सुनाई तो मैं पूरे टाइम हंसती ही रही। हालांकि उसके बाद उन्होंने कहा कि नरेशन सुन ये मत समझना कि फिल्म में सेलेक्शन हो ही गया। ऑडिशन के बाद अंतिम निर्णय होगा। उसके अगले ही दिन उन्होंने फिल्म के तीन-चार सीन रिकॉर्ड किए।

### फिल्म में वो सोच भी है कि पैदा करने वाले से बड़ा पालने वाला होता है?

बिल्कुल। फिल्म काफी कुछ कहना चाहती है। जो तीन किरदार हैं, उनके निजी सफर हैं। सरल शब्दों में कहूं तो उन किरदारों के जरिए युवा पीढ़ी की सोच जाहिर की गई है। उस दौर से गुजरने वाले युवा जिंदगी में हर कुछ चाहते हैं। प्यार से लेकर करियर में तरक्की और हर जगह जीत ही जीत मिलती रहे। वैसी सोच पर भी एक टेक लिया गया है।

### यह सब 'एनिमल' से पहले हुआ था?

जी हां। ऑडिशन सही लगने पर सभी कलाकारों के साथ काफी वर्कशॉप हुईं। कभी विक्की कौशल के साथ तो कभी एमी विर्क के साथ। रोज हमें कुछ टास्क दी जाती थीं। उससे हमारी हाजिरजवाबी की परीक्षा ली जाती थी ताकि हमारे कॉमिक सेंस का पता चले। दरअसल बहुत साल पहले मैं यू-ट्यूब पर कॉमेडी वाले वीडियोज बनाती भी थी पर फिल्मों में कदम रखने पर वह छूट गया था। इस फिल्म के जरिए फिर से कॉमेडी करने का मौका मिला है।

### 'एनिमल' के बाद लगातार कितने ऑफर्स आ रहे हैं?

मैंने गिना तो नहीं है। मगर हां अब एयरपोर्ट वगैरह पर जाती हूं तो वहां लोग पहचानने लगे हैं। वो अच्छा लगता है। सौभाग्य से अच्छी-अच्छी फिल्में भी आई हैं। उनमें से चार तो इसी साल रिलीज होंगी। 'एनिमल' के बाद एक ग्रोथ भी हुई है। अच्छी बात है कि लोग अब मुझे अलग-अलग जॉनर की फिल्में भी ऑफर कर रहें हैं, वरना स्टीरियोटाइप वाले भी आसार बन गए थे।

### आउटसाइडर्स को क्या टिप्स देना चाहेंगी?

हर किसी के मामले में एक ही फॉर्मूला तो नहीं चलेगा। खुद पर भरोसा रखिए। अगर लो फेज है, तो उसमें धैर्य रखिए। वह दौर गुजर जाएगा। वरना आज की तारीख में सही एक्टर्स के लिए बहुत काम है। खासकर ओटीटी के चलते सही और नए एक्टर्स के लिए काम की कमी नहीं। 'लापता लेडीज' जैसी मिसालें देखिए। वहां ज्यादातर नए चेहरे हैं पर उन्होंने क्या खूब काम किया।

### आपकी और रणबीर की 'एनिमल 2' पर क्या स्टेट्स है?

वह तो आप संदीप रेड्डी वांगा सर से ही पूछिए। पार्ट वन की रिलीज के बाद तो सब अपनी-अपनी दूसरी फिल्मों में जुट गए हैं। पर हां जब उन्हें अनाउंस करना होगा तो वो बेशक करेंगे ही। वो वैसे डायरेक्टर हैं, जिन्हें काफी क्लैरिटी है। फिलहाल इस वक्त तक तो मुझे कुछ ऐसा नहीं बताया गया है पार्ट टू को लेकर।

### फिल्मों में मौजूदा पीढ़ी की किन उलझनों को दिखाया जाए?

यही कि यह पीढ़ी रिश्तों में समझौते करने को नीची नजरों से देखती है। यह सही नहीं है। हमें हमारे परिजनों की अप्रोच से सीखना चाहिए। ऐसा नहीं है कि मेरे पेरेंट्स के 36 सालों के रिश्ते में उतार-चढ़ाव नहीं आए होंगे। पर अगर वह भी सिर्फ सुख के दिनों के साथी और गम के दिनों में हाथ छोड़ने वाली अप्रोच में रहते तो रिश्ता नहीं टिकता। ये एक चीज है, जिसे फिल्मों में भी दिखाया जाना चाहिए।



# आर्थिक तंगी से जूझ रही पंजाबी गायिका को अक्षय कुमार ने भेजे 25 लाख रुपये

बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार अपनी दमदार फिल्मों के साथ-साथ अपनी दरियादिली को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। अभिनेता को अक्सर जरूरतमंदों की मदद करते देखा जाता है। इसी कड़ी में अक्षय ने ग्लोरी बावा की मदद कर हर किसी का दिल जीत लिया है। जानकारी हो कि प्रसिद्ध पंजाबी लोक गायक और पद्म भूषण पुरस्कार विजेता दिवंगत गुरमीत बावा की बेटी ग्लोरी बावा ने बीते दिन आर्थिक संकट से जूझने की बात कही थी। साथ ही सोशल मीडिया पर सरकार से मदद मांगती नजर आई थीं। ऐसे में अक्षय कुमार सामने आए और एक भाई के तौर पर उनकी मदद की।

### मदद नहीं ये मेरा फर्ज

ग्लोरी की मदद पर अक्षय कुमार ने साझा किया, मुझे इसकी जानकारी सोशल मीडिया से मिली। बहुत दुख हुआ कि गुरमीत बावा जी, जो पंजाब की शान थीं उनके परिवार को आज इतनी आर्थिक दिक्कतें हैं। मैंने उनकी बेटी ग्लोरी बावा को अपनी बहन समझ के एक प्यार का इशारा भेजा है। ये कोई मदद नहीं है, एक पंजाबी और एक कलाकार होने के नाते मेरा फर्ज है।

# आठ साल बाद कार्तिक आर्यन की फिल्म में दिखेगा ये पाकिस्तानी एक्टर!

कार्तिक आर्यन के प्रशंसक उनकी नई फिल्म भूल भुलैया 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, भूल भुलैया फेंचाइजी के फैंस भी इसे देखने के लिए उत्सुक है। भूल भुलैया 3 को इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगा, इसमें कार्तिक आर्यन के साथ-साथ तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे और कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। फवाद खान ने खूबसूरत, कपूर एंड सन्स, खुदा के लिए और बेहद समेत कई फिल्मों में काम किया है, उनकी पिछली हिंदी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल थी, जो 2016 में रिलीज हुई थी। फवाद को लेकर एक खबर यह भी चल रही है कि वो वाणी कपूर के साथ एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं।



# बॉडी डिस्मॉर्फिया से जूझ रहे हैं करण जौहर



करण जौहर को भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महान फिल्म निर्माताओं में से एक माना जाता है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक-निर्माता को स्टार मेकर के रूप में भी जाना जाता है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने बॉडी डिस्मॉर्फिया से जूझने की बात स्वीकार की। करण जौहर हाल ही में बातचीत में थे, अपनी असफलताओं के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि बचपन में उन्हें अपने दिखने के तरीके से असहज महसूस होता था जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अब भी उस वजन को ढो रहे हैं, तो केजेओ ने स्वीकार किया, मुझे बॉडी डिस्मॉर्फिया है, मुझे पूल में उतरना बहुत अजीब लगता है।

# स्क्रिप्ट की डिमांड पर इंटीमेट सीन कर सकती हूं



रकुल प्रीत सिंह का नाम बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में गिना जाता है। उन्होंने 2017 में दिए एक इंटरव्यू में इंटीमेट सीन को लेकर बात की थी। उन्होंने कहा था कि उन्हें इंटीमेट सीन करने में परहेज नहीं है। रकुल का कहना था– सीन की डिमांड पर मैं इंटीमेट सीन या लिप-लॉक करने के लिए तैयार हूं। लेकिन इस तरह के सीन को जबरदस्ती पब्लिसिटी के लिए फिल्म में नहीं डालना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस ने कहा कि ग्लैमर फिल्म इंडस्ट्री का जरूरी हिस्सा है, हर कोई चाहता है कि वो अपनी फेवरेट एक्ट्रेस को ग्लैमरस कपड़ों में देखे।

रकुल बहुत जल्द ही फिल्म 'इंडियन 2' में नजर आएंगी। ये फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में कमल हासन लीड रोल में नजर आएंगे। उनके अलावा प्रिया भवानी शंकर, काजल अग्रवाल, बॉबी सिम्हा, सिद्धार्थ, समुथिरकानी और ब्रह्मानंदम भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म का पहला पार्ट साल 1996 में रिलीज हुआ था और अब 28 साल बाद इसका दूसरा पार्ट लाया जा रहा है। इसके अलावा रकुल फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और आर माधवन होंगे।



# केवल महिलाओं के लिए नहीं है फिल्म शर्माजी की बेटी, फिल्म में काम करना पिकनिक जैसा था

**आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप के डायरेक्शन में बनी फिल्म शर्माजी की बेटी' हाल ही में अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हुई है। इस फिल्म की स्टोरी भी ताहिरा ने खुद ही लिखी है। फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर लीड रोल में नजर आई हैं। स्टारकास्ट ने से खास बातचीत की।**

फिल्म की कहानी पर साक्षी तंवर ने कहा, 'मुझे अतुल और अनुज का कॉल आया था। उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया था और इसकी कहानी सुनाई थी। इसके बाद उन्होंने बताया कि इसे ताहिरा कश्यप खुराना डायरेक्ट करने वाली हैं। हम मिले और ताहिरा ने मुझे तुरंत स्टोरी सुनाई और मुझे ये एकदम से पसंद आ गई। इस फिल्म की कहानी वुमन एंपावरमेंट और कुछ सीरियस इश्यूज के बारे में है। मुझे यकीन है कि इस प्रोजेक्ट से महिलाएं रिलेट कर पाएंगी।'

### शूटिंग का अनुभव एक पिकनिक की तरह था

शूटिंग के अनुभव पर साक्षी तंवर ने कहा ये हमारे लिए पिकनिक की तरह था। मजे-मजे में काम हो रहा था और ताहिरा बहुत ही शांत और मजाकिया हैं। वो बहुत ही शांत और रिलैक्स्ड डायरेक्टर हैं। बहुत ही रिलैक्स तरीके में ही उनके सेट पर काम भी होता था। हम पर काम का प्रेशर बिल्कुल नहीं था। इस तरह से पूरा प्रोसेस बहुत ही सुकून भरा था।

### ताहिरा के साथ काम करके बहुत खुश हूं



सैयामी खेर ने ताहिरा कश्यप खुराना के साथ अपने अनुभव पर कहा, 'ताहिरा ने मुझे ये फिल्म काफी साल पहले नरेट की थी। जिस समय उन्होंने इसे नरेट किया था, ये बहुत पसंद आई थी। मुझे इसकी कहानी अच्छी लगी थी और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए तैयार थी। मुझे सच में ताहिरा के साथ काम करके बहुत मजा आया है। इसके साथ ही मैं उम्मीद करती हूं कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

### लोग जब फिल्म देखेंगे तो इसमें खुद को पाएंगे

सैयामी ने फिल्म के सब्जेक्ट पर कहा –यह कहानी औरतों की भी है और मर्दों की भी। यह कहानी सभी के साथ जुड़ती है और यह एक असल कहानी की तरह है। फिल्म में 14 साल की टीनएजर से लेकर एक टीनेजर की मां तक की बात रखी गई है। हर उसकी बात है जो बड़े शहर में रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह बहुत ही रिलेटेबल स्टोरी है और यह सभी चीजें पहले मेरे साथ भी घट चुकी हैं। तो मुझे लगता है कि दर्शक खुद को कहानी में पाएंगे।'

### सिर्फ महिलाओं की नहीं यह फिल्म सभी के लिए खास है



फिल्म की कहानी पर दिव्या ने बताया 'सबसे पहले हमें इसे सीमित नहीं करना चाहिए कि सिर्फ महिलाएं इससे कनेक्ट कर पाएंगी। बल्कि सभी को इस तरह की फिल्म देखनी चाहिए, क्योंकि इस फिल्म में मौजूद पुरुष बहुत अलग-अलग हैं और अलग वर्क लाइफ वाले हैं। बहुत ही रिलेटेबल किरदार हैं। ये हर एक इंसान की कहानी है। लोग सच में इस फिल्म को देखने का इंतजार कर रहे हैं और इसके लिए मैं बहुत खुश हूं।

# 'पशुओं के लिये वरदान' अजोला

> पशुपालकों की तरफ से हरे चारे की कमी व सस्ते बांट की कमी की समस्या प्रमुखता से उठायी जाती रही है। बरसात के मौसम के अलावा पशुओं को फसल अवशेष एवं भूसे पर पालना पड़ता है। जिससे पशु बढ़ोत्तरी, उत्पादन एवं प्रजनन क्षमता पर प्रतिकूल व विपरीत असर पड़ता है।





## अजोला के गुण

अजोला जल सतह पर मुक्त रूप से तैरने वाली जलीय फर्न है। यह छोटे-छोटे समूह में सघन हरित गुच्छ की तरह तैरती है। भारत में मुख्य रूप से अजोला की जाति अजोला पिन्नाटा पायी जाती है। यह काफी हद तक गर्मी सहन करने वाली किस्म है।

रिजका एवं संकर नेपियर की तुलना में अजोला से 4 से 5 गुणा उच्च गुणवत्ता युक्त प्रोटीन प्राप्त होती है। तथा इसका उत्पादन भी रिजका व नेपियर से 4 से 10 गुना तक अधिक उत्पादन देता है।

अजोला की पशु आहार के रूप में उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर ने सर्वप्रथम अजोला को कृषकों तक पहुंचाने व उपयोग कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर पर गत मार्च में एक एजोला प्रदर्शन इकाई स्थापित की है। केन्द्र पर स्थापित की गई इकाई से किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रेरित करके जिला धौलपुर के ग्रामों में अजोला इकाई स्थापना हेतु किसानों को केन्द्र द्वारा निःशुल्क अजोला बीज प्रदान किये गये।

केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक शिवमूरत मीणा के अथक प्रयास के कारण मात्र दो महीने के अल्पकाल में जिला धौलपुर के गांव खेरली, पंचगांव, सरकनखेडा, बाड़ी, धौलपुर शहर, विरौदा, पिदावली व रूपसपुर में किसानों ने अजोला इकाई की स्थापना करके आज पशुओं को हरे चारे के रूप में अजोला खिला रहे हैं। अजोला को वृहत स्तर पर प्रसार के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्र, धौलपुर ने अन्य कृषि विज्ञान केंद्र, करौली, यू.पी. का आगरा व एम.पी. के भिंड, ग्वालियर व मुरैना आदि को भी अजोला इकाई स्थापना हेतु तकनीकी जानकारी प्रदान की है।

## अजोला का रखरखाव व सावधानियां

- क्यारी में जल स्तर को 1.0 सेमी तक बनाये रखें.
- प्रत्येक तीन माह पश्चात अजोला को हटाकर पानी व मिट्टी बदलें तथा नई क्यारी के रूप में दोबारा पुनः संवर्धन करें.
- अजोला को अच्छी बढ़वार हेतु 20-35 सेन्टीग्रेड तापमान उपयुक्त रहता है।
- शीतऋतु में तापक्रम 6.0 सेंटीग्रेड से नीचे आने पर अजोला क्यारी को प्लास्टिक मल्च अथवा पुरानी बोरी के टाट अथवा चद्दर से रात्रि में ढंक दें।



अजोला उत्पादन इकाई स्थापना में क्यारी निर्माण, सिलपुटिनशीट, छायादार नायलोन, जाली एवं अजोला बीज की लागत पशुपालक को प्रतिवर्ष नहीं देनी पड़ती है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए अजोला उत्पादन लागत लगभग 1.00 रु. किलो से कम आंकी गयी है।

## अजोला पानी से फूल व सब्जी की खेती में लाभ

अजोला क्यारी से हटाने पानी को सब्जियों की खेती में काम में लेने से यह एक वृद्धि नियामक कार्य करता है, जिससे सब्जियों एवं फूलों के उत्पादन में वृद्धि होती है। अजोला एक उत्तम जैविक एवं हरी खाद के रूप में कार्य करता है।

कृषि विज्ञान केंद्र, धौलपुर पशुपालकों को सलाह देता है कि अजोला उत्पादन की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिय केंद्र से संपर्क करें तथा अजोला पर प्रशिक्षण प्राप्त कर पशुओं के लिये अजोला इकाई स्थापित करें।

## अजोला की विशेषता

- यह जल में तीव्रगति से बढ़वार करती है।
- यह प्रोटीन आवश्यक अमीनो अम्ल, विटामिन 'ए' विटामिन बी-12 तथा बीटा कैरोटीन, कैल्शियम, फैरस, कापर एवं मैग्नीशियम से भरपूर है। इसमें गुणवत्तायुक्त प्रोटीन व निम्न लिखित तत्व होने के कारण मवेशी इसे आसानी से पचा लेते हैं।
- शुष्क वजन के आधार पर पोषक तत्वों की उपलब्धता इस प्रकार है-

प्रोटीन-20-30 प्रतिशत
वसा - 20-30 प्रतिशत
खनिज तत्व-50-70 प्रतिशत
रेशा - 10-13 प्रतिशत
बायो-एक्टिव व बायो-पॉलीमर- पर्याप्त मात्रा

- अजोला औसतन 1.5 कि.ग्रा./वर्गमीटर की दर से प्रति सप्ताह उपज देती है।
- यह फर्न तीन दिन में दुगनी हो जाती है।
- यह पशुओं का आदर्श आहार, जानवरों के लिये प्रतिजैविक तथा भूमि उर्वरता शक्ति को बढ़ाने का कार्य करती है। तथा इसकी उत्पादन लागत काफी कम है।



### अजोला इकाई तैयार करने की विधि

- किसी छायादार स्थान पर 6.0×1.0×2.0 मीटर आकार की क्यारी खोदें।
- क्यारी में 120 गेज की सिलपुलिन शीट को बिछाकर ऊपर के किनारों पर मिट्टी का लेप कर दें।
- 80-100 किग्रा. मिट्टी की परत क्यारी में बिछा दें।
- 5-7 किलो गोबर (2-3 दिन पुराना) 10-15 लीटर पानी में घोल बनाकर मिट्टी पर फैला दें।
- क्यारी में 400-500 लीटर पानी भरें जिससे क्यारी में पानी की गहराई लगभग 10-15 सेमी तक हो जावे।
- उपजाऊ मिट्टी व गोबर खाद को जल में अच्छी तरह मिश्रित करें।
- इस मिश्रण पर दो किलो ताजा अजोला को फैला दें, इसके पश्चात से 1 लीटर पानी को अच्छी तरह से अजोला पर छिड़कें जिससे अजोला अपनी सही स्थिति में आ सकें।
- क्यारी को अब 50 प्रतिशत नायलोन, जाली से ढक कर 15-20 दिन तक अजोला को वृद्धि करने दें.
- 21वें दिन से 1.5-2.0 कि.ग्रा. अजोला की उपज प्राप्त करने हेतु 20 ग्राम एसएसपी तथा 5.0 किलोग्राम गोबर खाद का घोल बनाकर प्रतिमाह क्यारी में मिलावें।
- मुर्गियों को 30-50 ग्राम अजोला प्रतिदिन खिलाने से उनके वजन व अंडा उत्पादन क्षमता में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि होती है।
- भेड़ व बकरियों को 150-200 ग्राम ताजा अजोला खिलाने से शारीरिक वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होती है।

# लगाएं गेंदा



भिन्न-भिन्न ऊंचाई एवं भिन्न-भिन्न रंगों के कारण लेण्ड स्केप की खूबसूरती बढ़ाने के भी काम आता है। यह क्यारियों में तथा हरबेसियस बॉर्डर के रूप में आसानी से उगाया जाने वाला पौधा है। इसके साथ सबसे महत्वपूर्ण एवं फायदेमंद बात यह है कि इसकी खेती वर्ष पर्यन्त आसानी से की जा सकती है तथा इसमें कम पानी की आवश्यकता होती है। साथ ही इसके पुष्प लंबे समय तक खिलते हैं और संग्रहण क्षमता भी अच्छी होती है। इन सभी फायदों के चलते इसकी खेती आर्थिक दृष्टि से फायदे का सौदा सिद्ध होगी।

इसके अतिरिक्त यह बेहतर ट्रेप क्रॉप के रूप में भी उगाई जाती है। सूत्रकृमि या निमेटोड्स प्रभावित क्षेत्र में इसकी फसल लेने से सूत्रकृमियों का प्रभाव कम अथवा पूर्णतः समाप्त हो जाता है।

जलवायु वैसे तो गेंदे की खेती वर्ष भर की जा सकती है तथा सभी प्रकार की जलवायु में उगाया जा सकने वाला पौधा है। परंतु शीतोष्ण एवं समशीतोष्ण जलवायु उपयुक्त रहती है। पौधे की अच्छी बढ़वार एवं अधिक पुष्पन के लिये मुख्यतया नम जलवायु की आवश्यकता होती है। इसकी खेती सर्दी/गर्मी वर्षा तीनों मौसम में आसानी से की जा सकती है।

## भूमि

सामान्यतया गेंदे की खेती सभी प्रकार की मिट्टी में की जा सकती है। परंतु अधिक उपज के लिए अच्छी जल निकास वाली गहरी दोमट तथा बलुई दोमट मिट्टी जिसका पीएचमान 6.5 से 7.5 के मध्य हो।

## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 15-20 टन/है. सड़ी हुई गोबर खाद, एफबायएम 200 कि.ग्रा./हे. यूरिया, 1000 कि.ग्रा. एसएसपी 200 किग्रा. एमओपी अच्छी तरह मिलाएं।

## पिचिंग (शीर्ष कर्तन)

पौध रोपाई के 35 से 40 दिन पश्चात पौधे की ऊपरी शीर्ष शाखा 3 से 5 सेमी तक की ऊंचाई हो को हाथ से चुटक कर तोड़ दें जिससे पीछे की शाखाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी होती है। और अधिक मात्रा में फूल प्राप्त किये जा सकते हैं।

खरपतवार नियंत्रण 3 से 4 बार अच्छी निराई गुड़ाई करके खरपतवारों को खेत से उखाड़े खरपतवारनाशी का भी प्रयोग किया जा सकता है।

## बुवाई समय

गेंदे की बुवाई वर्ष में तीन बार की जा सकती है। वर्षा ऋतु में पुष्प प्राप्त करने के लिए मध्य जून में बीजों की बुवाई की जाती है तथा रोपाई मध्य जुलाई तक करते हैं। सर्दी की ऋतु में पुष्प प्राप्त करने के लिये मध्य सितम्बर तक बीजों की बुवाई करने के पश्चात मध्य अक्टूबर तक पौध की रोपाई की जाती है इसी प्रकार ग्रीष्मकालीन फसल प्राप्त करने के लिए जनवरी-फरवरी माह में बीजों की बुवाई की जाती है तथा फरवरी-मार्च माह में पौध रोपण का कार्य किया जाता है।

## पौध तैयार करना



गेंदे की पौध तैयार करने के लिए भूमि की सतह से 15 सेमी.ऊंची बीज शैया तैयार करे जिससे आवश्यकता से अधिक जल का निकास संभव हो सके। बीज शैया की चौड़ाई 1 मी. तथा लंबाई आवश्यकतानुसार रखें। बीज बुवाई से पूर्व बीजोपचार आवश्यक रूप से करे जिससे पौध को कम अवस्था में होने वाले रोगों जैसे आर्द्रगलन, जड़ गलन से बचाव किया जा सके। बीजोपचार के लिये 0.2 प्रतिशत केप्टान अथवा बाविस्टीन का उपयोग करें।

## पौध रोपण

जब पौधे की लंबाई 15 सेमी. के लगभग के हो जाये तथा उसे 4 पत्तियां निकल आये तब पूर्व में तैयार क्यारियों में स्वस्थ पौध की रोपाई कर दें। रोपाई के पश्चात हल्की सिंचाई अवश्य करें।

## तुड़ाई

पूर्ण रूप से खिले पुष्पों की सुबह जल्दी अथवा शाम के समय तुड़ाई करें जिससे पुष्प अधिक समय तक खिले हुए ताजा एवं स्वस्थ रहे।

## उपज

अफ्रीकन गेंदे से औसतन 20 से 22 टन तथा फ्रेंच गेंदे से 10 से 12 टन प्रति हैक्टेयर उपज प्राप्त होती है।



### गेंदे की प्रजातियां

**अफ्रीकन गेंदा :**

इस किस्म के फूलों को मुख्यतया कट फ्लावर्स के तौर पर काम में लिया जाता है। इसके तने और शाखाओं में सीधी बढ़वार होती है। पौधों की लंबाई अन्य प्रजातियों के मुकाबले अधिक होती है। पुष्पों का रंग मुख्यतया पीला एवं नारंगी होता है तथा पुष्पों का आकार बड़ा एवं आकर्षक होता है।

**मुख्य किस्में-**

क्यूपिड क्राउन ऑफ गोल्ड/जायन्ट सनसेट/ गोल्डन एज, हैप्पीनेस, हनी कॉम्ब, प्रिमरोज, गोल्डन येलो, रिवरसाइड, जायन्ट डबल अफ्रीकन ऑरेन्ज, जायन्ट डबल अफ्रीकन येलो, पूसा नारंगी गेंदा, पूसा बसन्ती गेंदा, फर्स्ट लेडी, टेक्सास, गोल्डन जुबली, फायर ग्लो, अलास्का, क्रेकर जेक इत्यादि

**फ्रेंच गेंदा -**

इस किस्म के पौधे झाड़ीनुमा तथा फैलने वाले होते हैं। मुख्यतया पौधे अफ्रीकन प्रजाति की अपेक्षा लंबाई में छोटे होते हैं। पुष्प आकार में अपेक्षाकृत छोटे धारीदार एवं धब्बे युक्त अत्यंत आकर्षक होते हैं। पुष्पों का रंग लाल होता है। जिसमें पीला एवं नारंगी सुनहरा रंग मिश्रित होता है। मुख्य किस्में - बोलेरो, बोनिटा, रस्टी रेड, बटर स्कॉच, पेटाइट गोल्ड, पेटाइट हारमनी, स्पन गोल्ड, येलो पिग्मी, लेमन ड्रॉप, स्पेनिश ब्रोकेड, ओरेन्ज फलेम, फॉस्टा, गोल्डी, जिप्सी, स्कॉरलेट सोफिया इत्यादि।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की रेड से डरकर तीसरी मंजिल से कूदने वाले युवक की मौत, महादेव सट्टा पैनल का करता था संचालन

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में ऑनलाइन महादेव सट्टा एप्प मामले बीते दिनों पुलिस कार्रवाई को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस के कार्रवाई के दौरान पैनल संचालक युवक तीसरे मंजिल से छलांग दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। मामले में एक सप्ताह पहले भिलाई के कुछ युवक ऑनलाइन महादेव सट्टा एप्प का पैनल हैदराबाद के तेलंगाना में संचालित कर रहे थे। इसकी सूचना दुर्ग पुलिस को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर किराए के मकान पर छापामारी कर नाबालिग समेत छह सटोरियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं एक युवक तीसरे मंजिल से छलांग लगा दिया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। युवक का नाम सुजीत कुमार साव बताया जा रहा है जो कि भिलाई का रहने वाला था। मृतक सुजीत भिलाई के वैशालीनगर कैंप 1 का रहने वाला था, जो तेलंगाना में महादेव ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में बी चंदू, अभिषेक वर्मा ,हिमांशु चौहान, उदय, विनय समेत एक नाबालिग को गिरफ्तार किया था।

### तेज रफ्तार की बीएमडब्ल्यू कार ने फिर मारी बाइक में टक्कर, मछली पकड़ने निकली महिला की मौत

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र में तेज रफ्तार की कार ने एक और जान ले ली है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में रविवार की सुबह वर्ली में एक तेज रफ्तार की बीएमडब्ल्यू कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार कपल को जबरदस्त चोट लगी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौत हो गई। घटना सुबह 5:30 बजे के करीब है। कहा जा रहा है कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके में रहना वाली यह जोड़ी मछली पकड़ने के लिए ससून डॉक गया था। वे पकड़ी हुई मछली लेकर घर लौट रहे थे, तो उनके दोपहिया वाहन को पीछे से एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी बाइक पलट गई और पति-पत्नी दोनों कार के बोनट पर गिर गए। खुद को बचाने की कोशिश में पति बोनट से कूदने में कामयाब रहा। हालांकि, उसकी पत्नी इतनी भाग्यशाली नहीं थी। इसके बाद मची अफरा-तफरी में चार पहिया वाहन का चालक घायल महिला को छोड़कर मौके से भाग गया। घायल महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि पति का फिलहाल इलाज चल रहा है। साथ ही हिट-एंड-रन मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### वन रक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई, 11 आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के 2022 वन रक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। एसओजी ने वन रक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में राजस्थान में ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस की ओर से शनिवार को जारी बयान में उक्त जानकारी दी गई है। राजस्थान पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 28 जून को पुलिस ने बांसवाड़ा में दो आरोपियों प्रवीण मालवीय और उनकी पत्नी सविता डोडियार को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ की गई तो सनसनसीखेज जानकारियां सामने आईं। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि साकन सिंह खड़िया नामक व्यक्ति ने उनसे ऐसे लोगों को खोजने के लिए कहा था जो लीक प्रश्नपत्र के लिए 8 लाख रुपये दे सकें। आधिकारिक बयान के अनुसार, मालवीय और डोडियार ने आठ उम्मीदवारों की व्यवस्था की जो पेपर के लिए भुगतान करने को तैयार थे। एसओजी ने मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। आगे की पूछताछ जारी है। हाल ही में एसओजी ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में कथित तौर पर शामिल एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसओजी ने एक महीने तक चले ऑपरेशन के बाद मंगलवार को तीन आरोपियों ओमप्रकाश ढाका, शम्मी बिश्नोई और सुनील बेनीवाल को गिरफ्तार किया गया है।

# 1.5 किमी लंबे नंद नगरी फ्लाईओवर की डेडलाइन 4 महीने और बढ़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नंद नगरी से गगन सिनेमा के बीच बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तय समय से पीछे चल रहा है। अब इसके पूरा होने की डेडलाइन अक्टूबर तय की गई है। यह सड़क दिल्ली को गाजियाबाद से जोड़ती है। दिल्ली का यह इलाका सघन आबादी वाला है। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो अलग-अलग कारणों से फ्लाईओवर की नई डेडलाइन चार माह बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि इस योजना का 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है।



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी से गगन सिनेमा (मंगल पांडे मार्ग) पर बन रहे 1.5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर को सितंबर, 2022 में मंजूरी मिली थी। फरवरी, 2023 में काम शुरू हुआ था। इसे पूरा करने के लिए जुलाई 2024 तक की डेडलाइन रखी गई थी। अधिकारियों की मानें तो 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है, लेकिन वन विभाग समेत कई अन्य विभागों से जरूरी मंजूरी मिलने में देरी के कारण समय सीमा बढ़ाई गई है। योजना से जुड़े अधिकारी के मुताबिक, बिजली के तार शिफ्ट करने का काम अभी चल रहा है। इसकी मंजूरी में थोड़ी देरी हुई है। इसके अलावा सबसे बड़ा कारण पेड़ों की कटाई की मंजूरी को लेकर है। बताया जा रहा है कि इस योजना के लिए कुल 118 पेड़ों को काटा जाना था। अभी तक पेड़ काटने की मंजूरी नहीं मिल पाई है, क्योंकि वन विभाग ने इस क्षेत्र को डीम्ड फॉरेस्ट एरिया घोषित कर रखा है।

ज्ञात हो कि इस पुल के निर्माण के बाद पूर्वी दिल्ली से गाजियाबाद आने-जाने वालों को काफी सहूलियत होगी। अभी तक फ्लाईओवर का अधिकांश कार्य पूरा होने का दावा अधिकारी कर रहे हैं। ऐसे में अक्टूबर में पुल के खुलने की संभावना है।

मंगल पांडे मार्ग पर नंद नगरी से गगन सिनेमा तक बनने वाले इस फ्लाईओवर के बनने से घौंडा, मुस्तफाबाद, गोकलपुर, नंद नगरी, करावल नगर के अलावा आस-पास की दर्जनों घनी आबादी वाली कॉलोनियों को फायदा मिलेगा।

## 32 सूत्रीय मांग को लेकर पटवारियों का आंदोलन, 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने पर संघ

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार छह जुलाई से राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने जा रही है, दूसरी ओर राजस्व पटवारी संघ आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। दरअसल, लोगों की खेती किसानी संबंधित नक्शा, खसरा समेत अन्य चीजों में होने वाली परेशानी को दूर करने राज्य सरकार राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने जा रही है। वहीं पटवारी संघ ने मंत्री टंकराम वर्मा के नाम से जारी ज्ञापन में 32 सूत्रीय मांग रखी है। पटवारी संघ 32 सूत्रीय मांगों को लेकर आठ जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। ऑनलाइन काम के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट जैसी सुविधाओं की मांग की गई है। साथ ही ऑनलाइन एप भुइंया में नक्शा, बटांकन संशोधन को लेकर आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए मांग की गई है। इसके लिए उन्होंने जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना की मांग की है। इस प्रकार राजस्व पटवारी संघ ने कुल 32 मांगें मंत्री टंकराम वर्मा के समक्ष रखी हैं। पटवारी संघ ने मंत्री टंकराम वर्मा के नाम से ज्ञापन जारी करते हुए दो दिनों के भीतर समाधान करने की मांग की है।

## हरियाणा में जाट वोट बैंक पर सबकी नजर! सतीश पूनिया लगा पाएंगे सेंध?

**जयपुर , एजेंसी।**
राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को बीजेपी आलाकमान ने हरियाणा का प्रभारी बनाया है। इसके सियासी मायने निकाले जा रहे है। क्या सतीश पूनिया कांग्रेस के जाट बैंक में सेंध लगा पाएंगे? सतीश पूनिया का राजस्थान में कद बढ़ा है? सियासी जानकारों का कहना है कि इन दोनों सवालों के जवाब आगामी दिनों में मिल सकते है। हरियाणा में तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव होने है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने वापसी करते हुए बीजेपी के वोट बैंक में जबर्दस्त सेंध लगाई थी। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी के हरियाणा में सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सतीश पूनिया की असली चुनौती हरियाणा में बीजेपी वापसी की है।

हरियाणा में भी चुनाव में जातिगत आंकड़ा काफी मायने रखता है। आंकड़ों पर नजर डालें तो हरियाणा में जाट वोट बैंक का दबदबा रहता है। प्रदेश में जाट वोट प्रतिशत करीब 22.2 फीसदी, अनुसूचित जाति करीब 21 फीसदी, पंजाबी करीब 8 फीसदी, ब्राह्मण करीब 7.5 फीसदी, अहीर करीब 5.14 फीसदी, वैश्य करीब 5 फीसदी, जाट सिख करीब 4 फीसदी, मेव और मुस्लिम करीब 3.8 फीसदी, राजपूत करीब 3.4 फीसदी, गुर्जर करीब 3.35 फीसदी, बिश्नोई करीब 0.7 फीसदी और अन्य करीब 15.91 फीसदी है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जाट बाहुल्य इलाकों में




शानदार प्रदर्शन किया था। 10 में से 5 सीटें जीतकर बीजेपी को करारी शिकस्त दी थी।

बीजेपी ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं। पूनिया राजस्थान में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूनिया को संगठन का मजबूत नेता माना जाता है। पूनिया के पास लोकसभा चुनाव में भी पार्टी की जिम्मेदारी थी। इस बार माना जा रहा था कि हरियाणा में बीजेपी 2 से 3 सीट पर सिमट जाएगी लेकिन पूनिया ने पार्टी को 5 सीट जितवाने में अहम भूमिका अदा की है। पूनिया जाट बिरादरी से आते हैं ऐसे में उनका राज्य में फायदा मिल सकता है। विधानसभा चुनाव में हारने के बाद पूनिया को पार्टी ने हरियाणा का सह प्रभारी बनाया था, लेकिन करीब 6 महीने बाद ही पूनिया का प्रमोशन कर कर प्रभारी बना दिया गया है। इससे सतीश पूनिया की दिल्ली दरबार में गहरी पैठ के रूप में देखा जा रहा है।

## भाजपा को उसी के दांव से करेंगे चित? महाराष्ट्र में सरकार के खिलाफ एमवीए की तैयारी

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव तो अभी दूर हैं, लेकिन महिला वोटरों को रिझाने की कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। जहां हाल ही में भाजपा नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने का वादा किया है। वहीं, अब महाविकास अघाड़ी ने इसको काउंटर करने की तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक अगर एमवीए सत्ता में आती है तो वह महिलाओं को हर महीने इससे अधिक पैसे देगी। गौरतलब है कि हालिया लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद महायुति गठबंधन सरकार ने महिलाओं को कैश पेमेंट की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव कैंपेन के दौरान महिला वोटर कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना से प्रभावित हुईं। इसलिए महायुति गठबंधन को महिलाओं का वोट उतना नहीं मिला। अब इन वोटर्स को फिर से अपने पक्ष में लाने के लिए महायुति गठबंधन योजनाएं बनाने में जुट गया है।

असल में कांग्रेस को महाराष्ट्र में इस तरह का सबक मिल चुका है। यहां पर चुनाव से पहले कांग्रेस नेता कमलनाथ ने सत्ता में आने पर महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने का ऐलान किया। इसके तत्काल बाद मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं को मिलने वाली 1000 की रकम को





बढ़ाकर 1250 कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी ऐलान कर दिया कि अगर भाजपा फिर से चुनाव जीतती है तो इस रकम को बढ़ाकर 1500 कर दिया जाएगा। बाद में भाजपा ने चुनाव जीत भी लिया और कांग्रेस को एक बड़ा सबक मिल गया।

अब महाराष्ट्र में सरकार द्वारा कैश पेमेंट योजना के ऐलान को कांग्रेस गलत दांव बता रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक कांग्रेस नेताओं का कहना है कि चुनाव करीब है और महायुति ने महिलाओं को मिलने वाली रकम फिक्स कर दी है। अब हम इसका फायदा उठाएंगे और आने वाले चुनाव में महिलाओं के लिए इससे ज्यादा रकम की घोषणा करेंगे। इसके अलावा कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव से जनता के मूड के बारे में बड़ा संकेत मिला है। इससे जाहिर होता है कि लोगों का झुकाव कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को बिल्कुल भी फायदा नहीं मिलने वाला है। गौरतलब है कि हाल-फिलहाल हुए चुनावों में महिलाओं के लिए कैश पेमेंट संबंधी योजनाएं काफी कारगर रही हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा ने 'लाडली बहना' योजना के जरिए एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। इसके बाद कांग्रेस ने भी इस ट्रेंड को फॉलो किया है। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के चुनावों में इस योजना के दम पर महिला वोटरों को अपने पक्ष में करने में सफलता पाई है। अब महाराष्ट्र में भी वह इसको दोहराने की योजना बना रही है।

## एनसीआर की कई इलाकों में घरों के ऊपर से गुजर रहीं हाईटेंशन लाइन हटेंगी, दर्जनों कॉलोनियों को मिलेगी राहत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
घरों के ऊपर से गुजर रहीं हाईटेंशन लाइनें हटाई जाएंगी। गुरुग्राम में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने पटौदी और फर्रुखनगर क्षेत्र में 11केवीए क्षमता की छह हाईटेंशन लाइन को स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। इस लाइन के नीचे लोगों ने घर बना लिए हैं, जिसकी वजह से हादसा होने का डर बना रहता था।

डीएचबीवीएन के स्थानीय अधिकारियों ने इस मामले को प्रबंध निदेशक पीसी मीणा के समक्ष रखा था। मीणा ने आदेश जारी किए हैं कि इन हाईटेंशन लाइन को स्थानांतरित करवाया जाए। इस योजना पर करीब 62 लाख रुपये का खर्चा आएगा। पटौदी शहर में रामलीला ग्राउंड के पास 11केवीए हाईटेंशन लाइन के नीचे लोगों ने मकान बना लिए हैं। इसके अलावा फर्रुखनगर के गांव मुसैदपुर, वॉर्ड नंबर आठ स्थित



बलहाली बस्ती, शिव मंदिर के पास, सुल्तानपुर गांव के पास और नई गढ़ी में भंडारी ट्रांसफार्मर के पास लोगों ने हाईटेंशन लाइन के नीचे घर बना लिए हैं। घरों की छत पर बच्चे खेलते रहते हैं। लोग कपड़े सुखाने के लिए जाते हैं। ऐसे में हादसा होने का डर बना रहता है। इसको देखते हुए दो महीने पहले डीएचबीवीएन की तरफ से सर्वे किया था। इस दौरान जांच की गई थी कि इन तारों को स्थानांतरित किया जा सकता है या नहीं। तारों को स्थानांतरित करने की जगह मिलने के बाद डीएचबीवीएन ने इन्हें स्थानांतरित करने की योजना बनाई, जिसे प्रबंध निदेशक ने हरी झंडी दे दी है।

तेलपुरी फीडर से गांव नानूकलां के स्कूल तक हाईटेंशन केबल जा रही है। डीएचबीवीएन ने सर्वे में पाया है कि इस लाइन को स्थानांतरित करने के लिए जगह नहीं है। ऐसे में लाइन स्थानांतरित करने की योजना को रद्द कर दिया है।

डीएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता श्यामबीर सैनी ने कहा, हाईटेंशन लाइन के नीचे अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित हो गई हैं। इसके चलते इन लाइन को स्थानांतरित करने की योजना बनाई गई है। उपमंडल अभियंता और कार्यकारी अभियंता को आदेश जारी किए हैं कि इन लाइनों को अतिशीघ्र स्थानांतरित करवाएं।

## बालिका संप्रेषण गृह से तीन नाबालिग लड़कियां फरार, गार्ड को पहले बनाया बंधक, फिर स्कूली लेकर भागी

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले स्थित बालिका संप्रेषण गृह से तीन नाबालिग लड़कियां फरार हो गई है। तीनों किशोरियों में कई अपराधिक मामला दर्ज है। नाबालिग लड़कियों ने बालिका संप्रेषण गृह से वहां मौजूद कर्मचारियों को चमका देकर फरार हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, किशोरियों ने गार्ड और होम मेड को बंधक बनाकर स्कूटी लेकर फरार हो गई हैं। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। मामले में बसंतपुर थाना क्षेत्र के निलगिरी पार्क स्थित बालिका संप्रेषण गृह में निरूध्द तीन बालिकाएं जिनके ऊपर आपराधिक मामले दर्ज हैं। तीनों बालिका पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, इसमें से दो बालिकाओं पर धारा 302 का मामला दर्ज है। साथ ही एक अन्य बालिका पर 294,323 और अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध है। संप्रेषण गृह से फरार नाबालिगों की सूचना पुलिस को दी गई है। अब मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। तीनों की पता तलाश जारी है। पुलिस को जैसे ही इसकी सूचना मिली पुलिस क्षेत्र में बालिकाओं की तलाश कर रही है। मामले में राजनांदगांव सीएसपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि रात्रि हमें सूचना मिली की बालिका संप्रेषण गृह में निरूध्द तीन अपचारी बालिकाएं वहां के गार्ड को और हाउस मेड को बंधक बनाकर स्कूटी लेकर फरार हो गई है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद पता तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही तीनों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बता कि इस मामले में किसी भी कर्मचारी की संलिप्त अभी सामने नहीं आई है, हालांकि अभी जांच की जा रही है। वहां तैनात महिला होमगार्ड ने पकड़ने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रही और तीनों किसी भी तरीके से भागने में कामयाब हुए।

## शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार एरियर दें वर्ना...; हाईकोर्ट का दिल्ली के निजी स्कूलों को सख्त निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली हाई कोर्ट ने निजी स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के तहत एरियर का भुगतान करें। निजी स्कूलों के शिक्षकों को एरियर नहीं मिलने को लेकर दायर याचिका पर हाई कोर्ट ने निजी स्कूलों के संचलकों को फटकार भी लगाई।

हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर निजी स्कूल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भी जमा करने में असमर्थ हैं तो इसका मतलब है कि स्कूल दयनीय स्थिति में है। उनके पास स्कूल के संचालन के लिए पर्याप्त धन नहीं है। कोर्ट



ने स्कूल संचालकों से पूछा कि वे कैसे, किस तरीके से और कब अपने शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन दे सकते हैं। जस्टिस सुरेश कुमार कैथल ने कहा कि अगर स्कूलों के पास इसे लागू करने का संसाधन नहीं है तो अदालत शिक्षा निदेशालय को ऐसे स्कूलों को अपने नियंत्रण में लेने का आदेश देने को बाध्य होगी। जस्टिस कैथल ने कहा कि कोर्ट शिक्षकों और छात्रों के हितों के साथ खिलवाड़ होता नहीं देख सकती है। कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों से अपनी-अपनी लिखित रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। इससे पहले मामले की सुनवाई के दौरान निजी स्कूलों की ओर पेश वकील ने कहा कि स्कूल याचिकाकर्ता शिक्षकों को देय राशि का 25 प्रतिशत भी देने की स्थिति में नहीं है। वकील ने दलील दी कि शिक्षा निदेशालय ने उन्हें फीस में बढ़ोतरी करने की इजाजत नहीं दी। इस मामले में अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने आप सरकार को निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों के वेतन से संबंधित वेतन आयोग की शिफारिशों के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए समिति गठित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यह खेदजनक है कि शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग की शिफारिशों के अनुसार अपने वेतन और अन्य लाभ के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

## दिल्ली में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ धड़ाधड़ एक्शन, 27 फीसदी ज्यादा चालान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। जनवरी से जून माह की अवधि में पिछले साल की तुलना में इस साल 27 फीसदी ज्यादा चालान शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में किए गए हैं। खास बात यह है कि यातायात पुलिस ने दिल्ली की उन दस जगहों की पहचान भी की है जहां पर शराब पीकर वाहन चलाने के मामले सबसे ज्यादा हैं। सड़क हादसों के प्रमुख कारणों में शराब पीकर वाहन चलाने को भी शामिल किया जाता है।

ऐसे चालक न सिर्फ अपनी बल्कि दूसरों की भी जान को जोखिम में डालते हैं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों से होने वाले खतरे को दूर करने के लिए यातायात पुलिस ने ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई को तेज कर दिया है। यातायात पुलिस के मुताबिक पिछले वर्ष जनवरी से जून माह में कुल नौ हजार 837 चालान किए गए थे। लेकिन, इस बार छह महीने की अवधि में 12 हजार 468 चालान किए गए हैं।

यानी पिछले साल की तुलना में इसमें 27 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यातायात पुलिस के मुताबिक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के मामलों में हो रही बढ़ोतरी को एक चेतावनी की तरह देखा जाना चाहिए। कानून को लागू कराने वाली संस्थाओं के साथ-साथ इस पर आम लोगों को भी ध्यान देना चाहिए। यातायात पुलिस ने उन दस जगहों को भी चिह्नित किया है, जहां पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के सबसे ज्यादा चालान हुए हैं। यातायात पुलिस के मुताबिक इन छह महीनों में सबसे ज्यादा 770 चालान राजौरी गार्डन में हुए हैं। जबकि, दूसरे नंबर पर मौजूद समयपुर बादली में 514 चालान हुए हैं।



# डेब्यू में डक होने वाले अभिषेक शर्मा का तूफान

**46 गेंदों पर ठोकी करियर की पहली संचुरी**

**हरारे(एजेंसी)।** अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उनकी पारी 4 गेंदों पर खत्म हो गई थी। अभिषेक खाता भी नहीं खोल पाए थे। लेकिन एक दिन बाद ही अभिषेक ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक ठोक दिया है। अपने दूसरे ही इंटरनेशनल मैच में अभिषेक ने 46 गेंदों पर शतक ठोक दिया। फिफ्टी से शतक तक पहुंचने में उन्होंने सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया।

**हैट्रिक छक्के से अभिषेक का शतक** - अभिषेक शर्मा ने लगातार तीन गेंदों पर तीन शतक लगाकर शतक पूरा किया। यह दिखाता है कि वह रिकॉर्ड के लिए नहीं खेलते हैं। 43 गेंदों पर वह 82 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद वेलिंगटन मसाकाद्जा को लगातार तीन छक्के मारे। हालांकि शतक बनाने के बाद अगली ही गेंद पर आउट भी हो गए। 47 गेंदों की अपनी 100 रनों की पारी में अभिषेक शर्मा ने 7 चौके और 8 छक्के मारे।

**जीवनदान मिलने के बाद हुए खतरनाक** - अभिषेक शर्मा ने इस मैच में सेट होने के लिए समय लिया। उन्हें जिम्बाब्वे के फील्डर्स ने जीवनदान भी दिया। उन्हें जीवनदान मिला तो 23 गेंद पर 27 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद पंजाब के इस बल्लेबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 33 गेंदों पर उन्होंने अपनी पहली फिफ्टी लगाई। अगले 13 गेंदों पर शतक लगा दिया। टी20 क्रिकेट में यह उनकी चौथी संेचुरी है।

**टीम की शुरुआत थी खराब** - जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की बैटिंग पूरी तरह फेल रही थी। 116 रनों के लक्ष्य के सामने भारतीय टीम 102 पर ऑलआउट हो गई। एक ही बाद ही सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भी भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान शुभमन गिल दूसरे ही ओवर में आउट हो गए। इसके बाद अभिषेक शर्मा और रुतुराज गायकवाड़ ने संभलकर बैटिंग की। 6 ओवर के बाद भारत का स्कोर 36 रन ही था।

**इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे**

## काम खत्म नहीं हुआ है अभी सीरीज जीतनी है: सिकंदर रजा

**हरारे, एजेंसी।** जिमबाब्वे क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए हरारे के मैदान पर टीम इंडिया के खिलाफ पहला मुकाबला 13 रन से जीत लिया। सिंदर रजा की अगुवाई में जिमबाब्वे टीम ने पहले खेलते हुए महज 115 रन ही बनाए थे लेकिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को 102 रन पर ही ऑलआऊट कर दिया। मैच में सिकंदर ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद कहा कि मैं जीत से बहुत खुश हूं। एक समय में एक खेल लेने की जरूरत है। काम ख़त्म नहीं हुआ, अभी सीरीज खत्म नहीं हुई है। विश्व चैंपियन विश्व चैंपियन की तरह खेलते हैं इसलिए हमें अगले गेम के लिए तैयार रहना होगा।



रजा ने कहा कि यह ऐसा विकेट नहीं है जहां आप 115 रन पर आउट हो जाएं। दोनों पक्षों के गेंदबाजों को श्रेय देना चाहिए। यह स्पष्ट रूप से एक संकेत है कि हमें अपने कौशल को बढ़ाने की जरूरत है। मैंने कहा कि जब तक हम भीड़ और चेंजिंग रूम के प्रति सच्चे रह सकते हैं, तब तक मुझे परिणाम की परवाह नहीं है। आज हम अपनी योजनाओं पर कायम रहे और हमने अपने लोगों का समर्थन किया। हमारी कैचिंग और ग्राउंड फील्डिंग अद्भुत थी लेकिन हमने कुछ गलतियां कीं, जिससे पता चलता है कि सुधार की गुंजाइश है। हम जानते थे कि प्रशंसक हमारा हौसला बढ़ाएंगे और हमें ऊर्जा देंगे, इसका श्रेय उन्हें जाता है, इससे हमें मदद मिली।

# दिग्गज रेसलर जॉन सीना ने WWE से संन्यास की घोषणा की



**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट के दिग्गज रेसलर जॉन सीना अपने लीजेंड्री करियर का जल्द ही अंत करने जा रहे हैं। WWE के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जॉन सीना ने इन-रिंग प्रतियोगिता से संन्यास की घोषणा की है। वह 2025 में WWE को अलविदा कहेंगे। जॉन सीना कनाडा के टोरंटो में डब्ल्यूडब्ल्यूई मनी इन द बैंक शो में लौटे। उन्होंने सभी फैंस को चौंकाते हुए अचानक एंट्री की। इसके बाद उन्होंने कहा, आज रात मैं आधिकारिक तौर पर WWE से अपनी रिटायरमेंट की घोषणा कर रहा हूं। जॉन सीन की इस घोषणा ने उनके प्रशंसकों को दुखी कर दिया है।

एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट किया, आपको याद करेंगे चैंपियन। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा- सीना के बिना डब्ल्यूडब्ल्यूई देखना मुश्किल होगा। सीना ने खुलासा किया कि वह फिलहाल मंडे नाइट रॉ में बने रहने की योजना बना रहे हैं। दरअसल, मंडे नाइट रॉ शो जनवरी 2025 में नेटफ्लिक्स पर लॉन्च होने जा रहा है। सीना ने कहा- मैं आज संन्यास नहीं लूंगा। यह विदाई, यह आज रात खत्म नहीं होती है। उन्होंने कहा, हर कोई मंडे नाइट रॉ को अगले साल इतिहास बनाते देखना चाहता है। जब यह शो नेटफ्लिक्स पर आएगा तो इतिहास रचा जाएगा। मैं कभी भी नेटफ्लिक्स पर रॉ का हिस्सा नहीं रहा, यह इतिहास है। यह पहली बार है, और मैं वहां रहूंगा। उस इतिहास का गवाह बनूंगा। सीना ने कहा- 2025 रॉयल रंबल मेरा आखिरी होगा। 2025 एलिमिनेशन चैंबर मेरा आखिरी होगा। और मैं आज रात यहां यह घोषणा करने के लिए हूं कि लास वेगास में रेसलमेनिया 2025 मेरा आखिरी रेसलमेनिया होगा जिसमें मैं मुकाबला करूंगा। सीना ने 2001 में WWE के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और उसके बाद लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। शुरुआत में उनकी और कर्ट एंगल की फ्यूड काफी चर्चा में रही थी। कर्ट ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

2018 में वह WWE से दूर हो गए और कभी कभी दिखते रहे। उन्होंने अपने अभिनय करियर को आगे बढ़ाने के लिए इससे किनारा कर लिया। वह रिकॉर्ड 16 बार के WWE विश्व चैंपियन हैं। हाल ही में जॉन सीना फास्ट एंड फ्यूरियस, बार्बी जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

## कपिल देव और एमएस धोनी की विरासत रोहित शर्मा ने आगे बढ़ाई: गावस्कर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सलामी बल्लेबाज रोहित भी एमएस धोनी और कपिल देव की तरह ही लोगों के कप्तान हैं। रोहित टी20 विश्व कप 2007 और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारत की टीम के सदस्य थे। कप्तान के तौर पर वो वनडे विश्व कप 2023 और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उपविजेता रहे। लेकिन रोहित को आखिरकार किस्मत का साथ तब मिला जब भारत ने पिछले महीने केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता।



टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद रोहित ने टी20 विश्व कप 2024 जीत को अपने खेल करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया, जिसे भारत ने प्रतियोगिता में अजेय टीम के रूप में जीता। गावस्कर ने रविवार को मिड-डे के लिए अपने कॉलम में लिखा, रोहित शर्मा उन दो अन्य क्रिकेट दिग्गजों, कपिल देव और धोनी के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने भारत को विश्व कप ट्रॉफी दिलाई है। इन दोनों की तरह, रोहित भी लोगों के कप्तान हैं। न केवल उनकी टीम के सदस्यों द्वारा, बल्कि पूरे भारतीय क्रिकेट समुदाय में उन्हें खूब पसंद किया जाता है। क्रिकेट प्रशंसकों को उनकी नेतृत्व शैली भी पसंद है और रणनीति के मामले में, वे खेल में सबसे तेज हैं। उनके कुछ कदम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं, लेकिन अंतिम परिणाम अक्सर वही होता है जिसकी टीम को उस समय जरूरत होती है। गावस्कर ने रोहित और राहुल द्रविड़ की कप्तान-कोच जोड़ी की भी सराहना की, जिन्होंने भारत को ट्रॉफी जीतने में अहम भूमिका निभाई।

राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में, रोहित ने 156.70 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए और भारत को बल्ले से तेज शुरुआत देने की जिम्मेदारी ली, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ उनके अर्धशतक महत्वपूर्ण थे।

**विम्बलडन :**

## विम्बलडन का आनंद लेने पहुंचे क्रिकेट के भगवान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सचिन के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी विम्बलडन के मुकाबलों का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे।

क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर शनिवार को विम्बलडन सेंटर कोर्ट पहुंचे। इस दौरान दर्शकों ने भारतीय दिग्गज को स्टैंडिंग ओवेशन दिया और तालियां बजाईं। वहीं, पूर्व बल्लेबाज ने हाथ हिलाकर प्रशंसकों को धन्यवाद कहा। सचिन के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट और सीमित ओवरों के कप्तान बेन स्टोक्स और जोस बटलर के साथ पूर्व कप्तान जो रूट भी विम्बलडन के मुकाबलों का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे। अब विम्बलडन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खास वीडियो साझा करते हुए सचिन का स्वागत किया। विम्बलडन ने एक्स पर डाले वीडियो के साथ लिखा, सेंटर कोर्ट पर फिर आपका स्वागत है सचिन।

**बैडमिंटन**

## प्रियांशु राजावत ने किया उलटफेर, डेनमार्क के इस खिलाड़ी को हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया। राजावत ने एंटोनसेन को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। राजावत शानदार लय में दिख रहे हैं और उन्होंने अपना प्रदर्शन इस शीर्ष वरीय खिलाड़ी के खिलाफ भी जारी रखा और कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व में 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने एक घंटे 19 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में एंटोनसेन को 21-11, 17-21, 21-19 से हराया। यह पहला अवसर है जब इस 22 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराया। राजावत दूसरी बार विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना फ्रांस के अलेक्स लेनियर से होगा। राजावत ने अच्छी शुरुआत की तथा पहले गेम में एक समय वह 7-4 से आगे थे। एंटोनसेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर 9ङ्क9 से बराबर कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार पांच अंक बनाए। एंटोनसेन ने फिर वापसी की कोशिश की, लेकिन राजावत ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

**हार्दिक पांड्या पर बोले ईशान किशन**

## आपको कड़ी मेहनत, ईमानदारी का परिणाम मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के क्रिकेटर इशान किशन ने पिछले छह महीनों में सुस्त फॉर्म से जूझने के बावजूद अपने शांत और केंद्रि÷ दृष्टिकोण के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की सराहना की। चोट लगने के बाद भारत का यह ऑलराउंडर वनडे विश्व कप 2023 से बाहर हो गया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में भी, 30 वर्षीय खिलाड़ी मुंबई इंडियंस (एमआई) को टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में ले जाने में असफल रहे। लेकिन हार्दिक ने टी20 विश्वकप में अपनी उपयोगिता साबित कर टीम इंडिया को खिताब दिला दिया। हार्दिक ने बल्ले से 8 मैचों की 6 पारियों में 151.57 की स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए। इस बीच उन्होंने गेंद से भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने टूर्नामेंट में 8 मैच खेलकर 7.64 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए। उन्होंने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टीम इंडिया को अपनी दूसरी टी20 विश्व कप ट्रॉफी जीतने में मदद की।



बहरहाल, किशन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कहा कि हार्दिक को पिछले कुछ महीनों में कई चीजों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ऑलराउंडर को उनकी कड़ी मेहनत का फल मिला। किशन ने लिखा- पिछले कुछ महीनों में आपने बहुत सी चीजों का सामना किया, फिर भी आप शांत और केंद्रित रहे। और आज भैया आपको अपनी कड़ी मेहनत, ईमानदारी और निष्ठा का परिणाम मिला।

मैं और भी बहुत कुछ महसूस करता हूं और कहना चाहता हूं लेकिन शब्द कम पड़ जाएंगे। किशन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आप एक चैंपियन हैं और आप दुर्लभ हैं। किशन ने टी20 विश्व कप जीत के बाद हार्दिक पंड्या से मुलाकात का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने ऑलराउंडर से मिलने के बाद उसे गले लगाया।

## महिला टी20 एशिया कप में हरमनप्रीत कप्तान, पहला मुकाबला होगा पाकिस्तान से

**मुंबई, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर 19 जुलाई से श्रीलंका में होने वाले महिला टी20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।

हरमनप्रीत अभी चेन्नई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला में खेल रही हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में शानदार फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। मुख्य टीम की 15 खिलाड़ियों के अलावा श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह को रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया गया है। भारत को टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जिसमें चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान (19 जुलाई), संयुक्त अरब अमीरात (21 जुलाई) और नेपाल (23 जुलाई) शामिल हैं। सभी मैच रंगिरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जायेंगे।

भारत गत विजेता है और उसने रिकॉर्ड सात बार प्रतियोगिता जीती है।



**भारतीय टीम:**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल और सजना सजीवन।

**रिजर्व:** श्वेता सहरावत, साइका इशाक, तनुजा कंवर और मेघना सिंह।

## ओलंपिक से पहले विनेश फोगाट का दमदार प्रदर्शन, स्पेन ग्रां प्री के फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वलिफाई कर चुकी भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किग्रा का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। विनेश को बुधवार को आखिरी समय में शेंगेन वीजा मिला था और उन्होंने बिना किसी परेशानी के तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी।

29 वर्षीय विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को अंकों के आधार पर 12-4 से हराया।

इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स के खिलाफ जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में, विनेश ने एक अन्य कनाडाई केटी डचक को अंकों के आधार पर 9-4 से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### रवि के गोल से यूनाइटेड को मिली जीत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर स्पोर्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आर्मरी ग्राउंड पर खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में रवि गागराई के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी ने बरहा दिसोम फुटबाल क्लब को 1-0 से पराजित कर दिया।मैच के शुरुआती मिनटों से ही दोनों टीमें आक्रामक तेवर में दिखीं। बरहा दिसोम ने जहां अपनी मजबूत रक्षा पंक्ति के दम पर यूनाइटेड के आक्रमणों को विफल करने का प्रयास किया, वहीं यूनाइटेड के खिलाड़ी लगातार गोल करने के अवसर तलाशते रहे। मैच का पहला और निर्णायक गोल 13वें मिनट में आया। रवि गागराई ने बरहा दिसोम के डिफेंस को चकमा देते हुए गेंद को नेट में पहुँचा दिया। उनका यह गोल मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ।

### भागीदारी पार्टी (पी) के महिला मोर्चा ने पतरातू प्रखंड मुख्यालय में किया प्रदर्शन

**पतरातू, एजेंसी।** अपने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को भागीदारी पार्टी (पी) के महिला मोर्चा ने पतरातू प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम प्रखंड कर्मी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में अधिकतर स्थानीय समस्याओं का निदान करने की मांग की गई है। जिसमें कुरबीज गांव में पीएससी सड़क और गार्ड वाल का निर्माण करने। इसी गांव के महूडर टोला में जल मीनार का निर्माण करने, स्ट्रीट लाइट लगाने, ओसाम गांव में सड़क निर्माण, हरया टोला में जल मीनार का निर्माण करने की मांग की गई है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में अबुआ आवास, सड़क, शौचालय आदि निर्माण कराने की मांग की है। मौके पर किरण देवी, चरकी देवी, सोमारी देवी, मोहिनी देवी, कौशल्या देवी, निराशु देवी, सुनीता देवी, सरस्वती देवी, सरिता देवी, कविता देवी आदि दर्जनों महिलाएं शामिल थे।

### अगले आदेश तक डॉ कौशल कुमार रजिस्ट्रार कार्यालय का रूटीन कामकाज संभालेंगे

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के प्रभार को लेकर शनिवार की शाम संशय खत्म हो गया है. वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार ही अगले आदेश तक रजिस्ट्रार रहेंगे. शनिवार को इस संबंध में प्रभारी कुलपति प्रो पवन कुमार पोद्दार के निर्देश पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है. नोटिफिकेशन की प्रति राजभवन और मानव संसाधन विभाग को भेज दी गयी है. बतौर रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार का कार्यकाल शनिवार को समाप्त हो रहा था. वहीं राजभवन से रजिस्ट्रार के प्रभार को लेकर कोई निर्देश नहीं आया था. ऐसे में प्रभारी कुलपति प्रो पोद्दार द्वारा डॉ कौशल कुमार को अगले आदेश तक के लिए कार्य विस्तार दे दिया गया है.डॉ कौशल कुमार सोमवार से बतौर रजिस्ट्रार केवल रूटीन कामकाज देखेंगे. इस दौरान वह नीतिगत फैसला नहीं ले सकेंगे. नये प्रभारी रजिस्ट्रार पद पर अब नये कुलपति राजभवन की अनुमति से निर्णय लेंगे. नये कुलपति प्रो राम कुमार सिंह आठ या नौ जुलाई को पदभार संभाल लेंगे.इधर शनिवार को दिन विवि और कॉलेजों में इस बात की चर्चा होती रही कि रजिस्ट्रार का प्रभार किसे मिलेगा अगर रजिस्ट्रार को लेकर रविवार तक कोई नोटिफिकेशन नहीं आता तो सोमवार से विवि रूटीन कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो जाता.

### जंगल में मिली मासूम सगे भाई-बहन की लाश, 10 माह के बच्चे के साथ मां लापता

**पीरटांड़ (गिरिडीह), एजेंसी।** पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां दो सगे भाई-बहन का शव गांव के पास के जंगल से बरामद हुए हैं। वहीं, 10 माह के तीसरे बच्चे के साथ उनकी मां लापता है। इन दोनों के साथ भी अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। घटना शनिवार की है। शनिवार शाम को दोनों शवों को जंगल से बरामद किया गया है। इधर, घटना के सामने आने के बाद दोनों बच्चों के पिता सुखलाल सोरेन व उनके मामा व मौसा को फिलहाल थाने में रखा गया है। इन तीनों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मां ने ही दोनों बच्चों को जहर देकर जंगल मे छोड़ दिया और खुद फरार हो गई।

# हेमंत सोरेन आज चौथी बार लाएंगे विश्वास प्रस्ताव, अब तक तीन बार साबित कर चुके हैं बहुमत

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन चौथी बार सोमवार को झारखंड विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव हासिल करेंगे। वे अब तक कुल तीन बार यानी दो बार उपमुख्यमंत्री और एक बार मुख्यमंत्री के रूप में विश्वास प्रस्ताव ला चुके हैं।



सभी बार उस समय की उनकी सरकार ने बहुमत साबित किया। इससे पहले सियासी उथल-पुथल के बीच उन्होंने पिछले वर्ष पांच सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री रहते विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल किया था।

इसमें उन्हें 81 विधायकों में 48 का समर्थन प्राप्त हुआ था जबकि, भाजपा के सदन के बहिष्कार करने के कारण विपक्ष में शून्य वोट पड़ा था।

इस तरह, झारखंड विधानसभा में सबसे अधिक बार विश्वास प्रस्ताव लाने का श्रेय उनके नाम है। झारखंड विधानसभा में अब तक लाए गए विश्वास प्रस्ताव की बात करें, तो अब तक यहां 12 बार अविश्वास प्रस्ताव आ चुका है। इस वर्ष की बात करें तो सोमवार को इस वर्ष का दूसरा विश्वास प्रस्ताव आएगा।

इससे पहले चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन्होंने पांच फरवरी को बहुमत हासिल किया था। झारखंड विधानसभा में अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने अपना बहुमत साबित किया।

दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया था। एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी। बताते चलें कि झारखंड विधानसभा में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है।

सबसे पहले तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्टीफन मरांडी तथा विधायक फुरकान अंसारी ने 17 मार्च को 2003 को तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना विधानसभा सचिवालय को दी थी। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही बाबूलाल मरांडी ने उसी दिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

दूसरी बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अर्जुन मुंडा, विधायक सीपी सिंह तथा राधाकृष्ण किशोर ने 18 दिसंबर 2007 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया थे, जो अस्वीकृत हो गया था। इसमें मधु कोड़ा सरकार ने अपना बहुमत साबित कर दिया था।

**रांची में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन :** रांची, एजेंसी। ओड़िशा के पुरी की तर्ज पर रांची के धुर्वा में हर साल आयोजित होने वाले भव्य रथ मेला का आयोजन इस बार भी बड़े धूमधाम से हो रहा है. आज रविवार (7 जुलाई) को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकलेगी. इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे.

# देर से बनाया बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र तो देना होगा विलंब शुल्क

**धनबाद, एजेंसी।** जुलाई महीने के अंत तक जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने में विलंब करने पर अलग से शुल्क देना होगा। जन्म के 21 दिनों के बाद आवेदन देने पर यह नियम लागू होगा। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जुलाई महीने से जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के नियमों में बहुत बदलाव हो रहा है। इसे लेकर सॉफ्टवेयर अपडेट का काम चल रहा है। सॉफ्टवेयर अपडेट को लेकर सात जुलाई तक निगम में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने का काम बंद रहेगा। निगम ने इसकी सार्वजनिक सूचना अपने सूचना पट पर जारी कर दी है।

एक जुलाई से सॉफ्टवेयर अपडेट का काम चल रहा है। सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम के अनुसार अब जन्म प्रमाणपत्र की डुपलेसी नहीं होगी। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सह रजिस्ट्रार प्रसून कौशिक ने बताया कि सरकार ने आधार कार्ड से इसे लिंक करने का निर्णय लिया है। अब आधार नंबर डालते ही उसका पुराना जन्मप्रमाणपत्र दिख जाएगा। कई बार लोग बच्चे का उम्र कम करने के लिए दोबारा घर पर जन्म दिखाकर प्रमाणपत्र बनवाते हैं। अब ऐसा नहीं हो पाएगा। साथ ही अब ऑनलाइन आवेदन के दौरान जितने भी जरूरी कागजात हैं, उन्हें अपलोड करने के बाद ही इसका प्रोसेस हो पाएगा।

### 21 दिनों के अंदर खुद से ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा

सरकार ने नए नियम के अनुसार अब बच्चे का जन्म होने के 21 दिनों के अंदर आवेदन करते हैं तो आवेदक खुद से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा इसकी जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद उसे ऑनलाइन बनाकर भेज दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में आवेदक को निगम कार्यालय नहीं आना होगा।

रजिस्ट्रार के लिए सरकार ने किया ऐप विकसित

कई बार रजिस्ट्रार के बाहर रहने पर जन्म-मृत्यु का काम प्रभावित हो जाता है, लेकिन अब सरकार ने एक एप तैयार किया है, जिसका एक्ससे रजिस्ट्रार के पास होगा। बाहर या छुट्टी में रहने की स्थिति में वह ऑनलाइन एप के माध्यम से आवेदन का वैरीफिकेशन करके उसे एप्रूव कर देंगे।

### हरिओम टावर से कूदकर युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में बड़ी बहन से मां-बाप का ध्यान रखने को कहा

**रांची, एजेंसी।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित हरिओम टावर से शनिवार की रात एक युवक ने कुदकर खुदकुशी कर ली। युवक की पहचान अंकित के रूप में हुई है। घटना के बाद अंकित को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था, लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लालपुर थानेदार ने बताया कि अंकित ने सुसाइड नोट छोड़ा है। अंकित ने सुसाइड नोट में लिखा है कि इसमें किसी की गलती नहीं है। अपने स्वजनों को लिखा है कि वह काफी दर्द में है। इस दर्द को वह झेल नहीं पा रहा है। इस वजह से वह जान दे रहा है। पूरे परिवार को ठीक से रहने की बात लिखी है। अंकित ने अपनी बड़ी बहन को लिखा है कि वह पिता और माता का ख्याल रखे।सुसाइड नोट में अंकित ने अपने घरवालों के मोबाइल नंबर लिखे थे। सुसाइड नोट में अंकित ने लिखा है कि उसकी मौत के बाद घरवालों को सूचना दे दी जाए। अंकित ने अपने घरवालों के तीन मोबाइल नंबर दिया है। पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जा रही है कि हरिओम टावर में गार्ड था या नहीं। गार्ड नहीं था तो यह लापरवाही है।इस संबंध में भी कार्रवाई होगी। इससे पहले भी हरिओम टावर से लोगों ने कूदकर अपनी जान दी है। हरिओम टावर में किस स्तर से लापरवाही हो रही है इसकी भी जांच की जाएगी।पुलिस का कहना है कि रविवार को अंकित के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजनों के हवाले किया जाएगा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

# देवघर में पुरानी बिल्डिंग ढहने से तीन लोगों की मौत, चार घायल अस्पताल में भर्ती

**देवघर, एजेंसी।** देवघर शहर के शिवगंगा तट से सटे सीता होटल के पास सीताकांत झा का पुराना तीन मंजिला मकान के ऊपरी दो तल सुबह तेज आवाज के साथ ढह गए। मकान में किराएदार रह रहे थे। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव में जुट गई।

मलबे में 9 लोग दबे थे, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 लोगों जीवित हैं, जिनमें से चार लोगों का इलाज जारी है। मृतकों में दो पुरुष हैं व एक महिला शामिल है। बिहार से सटे दर्दमारा के रहने वाले सुनील कुमार यादव, उनकी पत्नी सोनी देवी और पुत्र सत्यम कुमार और चाय दुकान चलाने वाली पूनम देवी मलबे में दबे थे। रेस्क्यू के दौरान दो पुरुषों को निकाला गया, लेकिन दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक महिला की भी मृत्यु हो गई है।रेस्क्यू टीम को पहली सफलता मिल गई है। सबसे अनुपमा देवी को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है।



घटना में गंभीर रूप से घायल अनुपमा देवी का इलाज किया जा रहा है।

दूसरे नंबर पर अनुपमा के पति मनीष दत्त द्वारी को निकाला गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। रेस्क्यू में निकाले गए सुनील यादव की मौत हो गयी है। घटना में अब तक दूसरी मौत है, जबकि उनका बेटा सत्यम अचेत है, जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।सुनील की पत्नी 28 वर्षीय सोनी देवी को जांच के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है।

सुनील कुमार यादव निजी चालक था, जो किसी बैंक के अधिकारी की गाड़ी चलाता था। पूनम के दो बच्चों सुहानी और पीहू को लोगों ने पहले ही सुरक्षित निकाल लिया था। घटनास्थल पर डीसी, एसपी और सांसद भी काफी देर तक मौजूद रहे।

उपायुक्त विशाल सागर ने पुष्टि की है कि सीता होटल के समीप बहुमंजिला बिल्डिंग के गिरने की घटना को संज्ञान में लेते हुए एनडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम को घटना स्थल पर प्रतिनियुक्त किया गया। बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।

इसके अलावा दंडाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस टीम, दमकल की टीम, और पुलिस द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही इमारत के गिरने के कारण कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

जिला प्रशासन द्वारा मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए राहत व बचाव का कार्य किया जा रहा है, ताकि हर संभव सहयोग व सहायता प्रदान की जा सके।

# गिरिडीह में एक ही परिवार के दो लोगों का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह के पीरटांड़ थाना क्षेत्र में स्थित धावाटांड़ के एक नाले से रविवार सुबह एक ही परिवार के दो लोगों शव बरामद हुआ है. बताया जाता है कि वे दोनों रिश्ते में भाई-बहन हैं. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी. लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी. मृतकों की पहचान बिशनपुर पंचायत के धावाटांड़ निवासी राधिका कुमारी (10 वर्ष) और सचिन सोरेन (7 वर्ष) के रूप में हुई है. मामले की जानकारी पुलिस की दी गयी. सूचना मिलने के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी.



ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद से मृतक की मां और एक दस माह का बच्चा गायब है. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरटांड़ थाना पुलिस की घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मौके पर मौजूद भीड़ हत्या की आशंका जता रहे हैं. गांव में इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है. पुलिस भी आस पास के लोगों से जानकारी इकट्ठा कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

गिरिडीह जेल में बंद महिला नक्सली दुला बास्की की तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. शुक्रवार की रात अचानक पेट में दर्द उठने के बाद उसे पहले गिरिडीह के सदर अस्पताल ले जाया गया. वहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. महिला नक्सली को एसएनएमएमसीएच के गायनी विभाग में भर्ती किया गया है. चिकित्सकों के अनुसार, शुरुआती जांच में उसकी पेट में गांठ बनने की बात सामने आ रही है. अस्पताल में कड़ी सुरक्षा के बीच महिला नक्सली को रखा गया है. उसके साथ दो महिला, तीन पुरुष जवान व एक प्रभारी मौजूद हैं. दुला बास्की ने बताया कि वह गिरिडीह के निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चेचेरिया गांव की रहने वाली है. 2022 में हजारीबाग से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था. इसके बाद से वह गिरिडीह जेल में बंद है.

# सीयूजे में पहले चरण की काउंसिलिंग में स्नातकोत्तर की 70 प्रतिशत सीटें भरीं

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पहले चरण के लिए हुई काउंसिलिंग में शामिल अभ्यार्थियों को एनटीए की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी पीजी-2024) के अंकों के आधार पर मेरिट के अनुसार सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चार चरणों के सीट आवंटन प्रक्रिया के तहत स्नातकोत्तर की लगभग 70 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं।

पहले चरण की काउसिंलिंग के बाद शुरू हुई आवंटन प्रक्रिया के बाद एमबीए, बीएड (लाइफ साइंस), बीएड (लैंग्वेज), बीएड (फिजिकल साइंस एंड मैथेमेटिक्स) की सभी सीटों पर नामांकन हो चुका है। वहीं, एमएससी जियोइंफॉमेटिक्स, सांख्यिकी, जूलॉजी, एमए लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, एमकॉम में अनारक्षित श्रेणी की अधिकतर सीटों पर नामांकन हो चुका है।

### दूसरे चरण की काउंसिलिंग जल्द

स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों को मिलाकर रिक्त सीटों की संख्या- 143 है। इन रिक्त सीटों पर नामांकन दूसरे चरण की काउंसिलिंग से होगा। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू होने की संभावना है। रिक्त 143 सीट में से 24 सीटें अनुसूचित जाति के लिए, 9 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए, 45 सीटें ओबीसी के लिए, 24 सीऐं ईडब्ल्यूएस और 41 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए हैं।

रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की नामांकन समिति की सोमवार को बैठक होगी। इसमें कई निर्णय लिये जाने की संभावना है। विश्वविद्यालय के नामांकन प्रभाग की ओर से नामांकन सीमित की बैठक से संबंधित सूचना सदस्यों की दी जा चुकी है। विश्वविद्यालय के नामांकन समिति के सदस्यों में- प्रो जीपी सिंह- अध्यक्ष, डॉ बैरागी चरण मल्लिक- संयुक्त समन्वयक, डॉ प्रवीण शर्मा- समन्वयक हैं। समिति के सदस्य- डॉ एच महतो, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ सीमा ममता मिंज और डॉ शमशेर आलम हैं।

### विषयवार खाली सीटें

एससी जियोइंफॉर्मेटिक्स में- 5, सांख्यिकी में- 12, जूलॉजी में- 2, अंग्रेजी में- 18, लोक प्रशासन में- 24, राजनीति विज्ञान में- 10, तिब्बती भाषा में- 7, थिएटर आर्ट में- 13, वोकल म्यूजिक में- 14, एमकॉम में- 36, बीएड (सोशल साइंस) में-2 है।

# कोल्हान में नक्सली बंद को लेकर रेलवे प्रशासन हाई अलर्ट पर, ट्रेनों की आवाजाही पर रखी जा रही नजर

**जमशेदपुर, एजेंसी।** माओवादी और नक्सली नेताओं के एनकाउंटर के विरोध में नक्सलियों के विभिन्न संगठनों ने नौ को रात 12 बजे से लेकर 10 जुलाई की रात 12 बजे तक कोल्हान प्रमंडल बंद बुलाया है. यहां सबसे ज्यादा नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की ओर से कार्रवाई की गयी है. यही वजह है कि नक्सलियों के रेड जोन से गुजरने वाली ट्रेनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है.

9 से 10 जुलाई की रात तक नक्सलियों के इस एलान से ट्रेनों की रफ्तार कम करने को कहा गया है. मुंबई, दिल्ली, कोलकाता समेत अन्य स्थानों की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे. ट्रेनों को स्कॉट कर चलाने को कहा गया है. चक्रधरपुर रेल मंडल के उग्रवाद प्रभावित माने जाने वाले सेक्शन में भी ट्रेनों की स्पीड कम कर दी गई है.

**मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे चलेंगे पायलट इंजन :** गौरतलब है कि पिछले बंदी में नक्सलियों ने रेल पटरी उड़ा दी थी. आरपीएफ डीआइजी ने नक्सली बंदी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है. बंद के दौरान किसी खास गतिविधि की खुफिया सूचना अब तक नहीं मिली है. बंद के दौरान नक्सली रेलवे ट्रैक और रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं. इसको लेकर महत्वपूर्ण मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे पायलट इंजन चलाने का निर्णय लिया गया है. ट्रैक मैन कीमैन अलर्ट रहेंगे. ब्रिज और रेलवे ट्रैक पर नियमित पेट्रोलिंग करेंगे. स्टेशन मास्टर, केबिन मैन, ड्राइवर गार्ड समेत सभी स्टेशन कर्मचारी अलर्ट रहेंगे. चक्रधरपुर रेल मंडल के सरायकेला, खरसावां, चाईबासा, चक्रधरपुर, मनोहरपुर, पोसैता समेत अन्य स्थानों के सारे रेलवे ट्रैक पर सुरक्षा बल रहेंगे.

# हजारीबाग एसपी और डीजीपी ने दिये गलत तथ्य, झारखंड हाईकोर्ट नाराज, मामला चीफ जस्टिस को रेफर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने एक क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य के डीजीपी और हजारीबाग एसपी की ओर से गलत तथ्य देकर गुमराह करने के मामले को गंभीरता से लिया है. डीजीपी व एसपी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के पूर्व अदालत ने मामले को चीफ जस्टिस के समक्ष रखने का निर्देश दिया.

अदालत ने कहा कि मामले (क्रिमिनल संख्या-3/2021) में स्वतः संज्ञान से अवमानना की प्रक्रिया शुरू की थी. उस मामले में इस अदालत द्वारा अपनायी गयी प्रक्रिया को हाइकोर्ट की खंडपीठ ने स्वीकार नहीं किया था और यह अदालत इस मामले में जल्दबाजी में आगे बढ़ना नहीं चाहती है, क्योंकि खंडपीठ को प्रक्रियात्मक दोष पर संदेह है और वर्तमान मामले में आगे बढ़ने से पहले उस बिंदु पर स्पष्टीकरण आवश्यक है. यह अदालत इस उलझन में है कि राजीव रंजन व सचिन कुमार से संबंधित अवमानना मामले (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 में खंडपीठ के निर्णय के मद्देनजर क्या प्रक्रिया अपनायी जाये.

अदालत ने 'महिपाल सिंह राणा अधिवक्ता, प्रीतम पाल और सहदेव उर्फ सहदेव सिंह और विनय चंद्र मिश्रा' के मामलों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उदाहरण देते हुए कहा है कि अवमानना मामले (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 में खंडपीठ के निर्णय पर बड़ी पीठ द्वारा विचार किये जाने की जरूरत है. इसलिए, यह अदालत रजिस्ट्री को अवमानना मामले में खंडपीठ के निर्णय को चीफ जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश देती है. डब्ल्यूपी क्रिमिनल संख्या-139/2021 के संपूर्ण अभिलेखों सहित कागजात तथा अवमानना मामला (क्रिमिनल) संख्या-3/2021 को उचित आदेश के लिए चीफ जस्टिस के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है. निर्णय की प्रतीक्षा में इस वर्तमान मामले को लंबित रखा जाता है तथा पूर्व में दिये गये अंतरिम आदेश (निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक) लागू रहेगा.

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रवीण शंकर दयाल ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि प्रार्थी के बारे में पहले हजारीबाग के एसपी ने गलत तथ्य दिये. उसके बाद डीजीपी अजय कुमार सिंह की ओर से भी गलत तथ्य देकर अदालत को गुमराह करने का प्रयास किया गया है. प्रार्थी को फरार बताया है. यह अदालत की अवमानना है. अधिवक्ता श्री दयाल ने कहा कि प्रार्थी फरार नहीं है. वह अदालत की शरण में है. स्वयं पुलिस ने मामले में चार्जशीट दायर किया है, जिसमें कहा गया है कि आरोपी जमानत पर है, तो वह फरार कैसे है अधिवक्ता ने अदालत को गुमराह करने के लिए डीजीपी व एसपी के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया. उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मंसूर अंसारी ने क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका दायर की है. उन्होंने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गयी है.